* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

14 जुलाई, 2023
सावन, कृष्ण पक्ष, द्वादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 264

दिल्ली में बाढ़ का कहर, बस-स्टैंड, इमारतें और सड़कें सब कुछ जलमग्न

चंद्रयान-3 की लांचिंग के लिए काउंटडाउन शुरू

■ आज दोपहर 2:35 बजे भेजा जायेगा ■ इसरो वैज्ञानिकों ने मॉडल लेकर तिरुपति में पूजा की

आजाद सिपाही संवाददाता

हैदराबाद। आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्टेशन में चंद्रयान-3 की लांचिंग के लिए 25:30 घंटे का काउंटडाउन गुरुवार को दोपहर 1.05 बजे शुरू हो गया। लांचिंग शुक्रवार दोपहर 2:35 बजे सतीश धवन स्पेस सेंटर से होगी। चंद्रयान-3 को अंतरिक्ष में ले?????? जाने के लिए अपग्रेडेड बाहुबली रॉकेट यानी लांच व्हीकल मार्क-3 (एमवी-3) तैयार है।

एमवी-3 का लांचिंग सक्सेस रेट 100 फीसदी है। चंद्रयान 24-25 अगस्त को चांद पर उतरेगा। अगले 14 दिन रोवर लैंडर के चारों ओर 360 डिग्री में घूमेगा और कई परीक्षण करेगा। रोवर के चलने से पहिए के जो निशान चंद्रमा की सतह पर बनेंगे, उनकी तस्वीर भी लैंडर भेजेगा।

उधर, मिशन की सफलता के लिए इसरो के वैज्ञानिक तिरूपति वेंकटचलापति मंदिर पहुंचे। पूजा के लिए वैज्ञानिक चंद्रयान-3 का मिनिएचर मॉडल भी अपने साथ ले गये थे।

चांद पर राष्ट्रध्वज लगाने वाला चौथा देश बनेगा भारत : भारत चंद्रमा पर राष्ट्रध्वज पहुंचाने वाला चौथा देश बनेगा ही, चांद के दक्षिणी ध्रुव के करीब पहुंचने वाला पहला देश भी होगा। यह वही इलाका है जहां चंद्रयान-1 के दौरान मून इंपैक्ट प्रोब छोड़ा था और इसरो ने पानी होने का पता लगाया था। यहीं चंद्रयान-2 की क्रैश लैंडिंग हुई थी।

इस बार लैंडर में चार ही इंजन, पांचवां हटाया : इस बार लैंडर में चारों कोनों पर लगे चार इंजन (थ्रस्टर) तो होंगे, लेकिन पिछली बार बीचोंबीच लगा पांचवां इंजन हटा दिया गया है। इसके अलावा फाइनल लैंडिंग केवल दो इंजन की मदद से ही होगी, ताकि दो इंजन आपातकालीन स्थिति में काम कर सके। इसी तरह इस बार ऑर्बिटर नहीं है, लेकिन प्रोपल्शन मॉड्यूल होगा जो लैंडर और रोवर से अलग होने के बाद भी चंद्रमा की परिक्रमा में घूमेगा और चंद्रमा से धरती पर जीवन के लक्षण पहचानने की कोशिश करेगा। भविष्य में इस डेटा का इस्तेमाल अन्य ग्रहों, उपग्रहों और तारों पर जीवन की खोज में हो सकेगा।

चंद्रयान-2 की गलतियों से सीख मिली : 2019 में चंद्रयान-2 की आंशिक सफलता के बाद 4 साल में इसरो ने लगातार ऐसे परीक्षण किये, जिनसे चंद्रयान-3 की हर संभावित खामी से निपटा जा सके। इसरो के अधिकारियों ने बताया कि 2019 में हम सॉफ्ट लैंडिंग में असफल रहे थे। इसकी वजह यह थी कि खोजने के लिए हमारे पास सड़क हादसे की तरह मौके पर पहुंच हालात को जानने या फुटेज देखने का जरिया नहीं था। इसलिए चंद्रयान-2 मिशन के डेटा का विश्लेषण किया और उसके सिमुलेशन से देखा कि क्या गलत हुआ, कहां समस्या थी। इससे हमें सीखने के लिए बहुत कुछ मिला।

पटना में भाजपा के विधानसभा मार्च में लाठीचार्ज, कई नेता और कार्यकर्ता हुए घायल

जहानाबाद जिला महामंत्री की मौत

- भाजपा सांसद जनार्दन सिग्रीवाल को भी पीटा

आजाद सिपाही संवाददाता

पटना। राज्य सरकार के खिलाफ बिहार विधानसभा मार्च करने जा रहे भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। पुलिस लाठीचार्ज में भाजपा के जहानाबाद जिला महामंत्री विजय कुमार सिंह की मौत हो गयी है। भाजपा सांसद सांसद सुशील मोदी, केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय समेत कई नेताओं ने विजय सिंह की मौत लाठीचार्ज से होने का दावा किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने विजय के परिवार को पार्टी की तरफ से दस लाख रुपये की तत्काल सहायता की घोषणा की है। उधर, पटना पुलिस ने दावा किया है कि विजय सिंह बेहोश हालत में मिले थे और उनके शरीर पर बाहरी चोट का कोई निशान नहीं था।

डाक बंगला चौराहे पर नहीं रुके कार्यकर्ता : गौरतलब है कि भाजपा ने शिक्षक भर्ती की नयी नियमावली के विरोध, 10 लाख रोजगार और चार्जशीट के बाद तेजस्वी यादव के इस्तीफे की मांग को लेकर गुरुवार को विधानसभा मार्च निकाला था। भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को डाकबंगला चौराहे पर पुलिस ने रोकने की कोशिश की। यहीं पर कार्यकर्ताओं और पुलिस की झड़प हो गयी। जब कार्यकर्ता आगे बढ़ने से नहीं रुके तो पहले वाटर कैनन से पानी की बौछार की गयी। फिर आंसू गैस के गोले छोड़े गये। इसके बाद लाठीचार्ज किया गया। पुलिस ने दौड़ा-दौड़ा कर नेता और कार्यकर्ताओं को पीटा। पुलिस का कहना है कि भाजपा कार्यकर्ताओं की तरफ से पत्थरबाजी की गयी और पुलिस पर मिर्ची स्प्रे से हमला किया गया।

कई नेता और कार्यकर्ता हुए घायल : लाठीचार्ज में कई नेता और कार्यकर्ता घायल हुए हैं। लाठीचार्ज में एमपी जनार्दन सिग्रीवाल, विपक्ष के नेता विजय सिन्हा, विधायक नितिन नवीन समेत कई नेताओं और कार्यकर्ताओं की पिटाई हुई है। पुलिस ने महाराजगंज सांसद जनार्दन सिग्रीवाल को भी लाठी से पीटा और धक्का दिया। इसमें वह घायल हो गये। उनके सिर और चेहरे पर चोट आयी है। जनार्दन सिंह सिग्रीवाल आइजीआइएमएस के प्राइवेट वार्ड में एडमिट हैं। उनका सीटी स्कैन हुआ है। ब्रेन नॉर्मल है। बता दें कि सांसद को वाई प्लस सुरक्षा मिली हुई है। पिटाई के समय उनके सुरक्षाकर्मी भी मौजूद थे। वह बार-बार पुलिस से आग्रह कर रहे थे।

सिर में लगी थी चोट, अस्पताल में मौत

पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी ने बताया कि जहानाबाद के महामंत्री विजय कुमार सिंह को पुलिस ने बुरी तरह से पीटा। उनको नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। सिर में गंभीर चोट थी। उन्हें वहां से गंभीर हालत में पीएमसीएच ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गयी। सुशील मोदी ने कहा कि हमारी महिला कार्यकर्ताओं को भी पीटा गया।

भाजपा विधायक अनिश्चितकालीन धरना पर

इस बीच लाठीचार्ज के विरोध में विधानसभा परिसर में नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा अपने पार्टी विधायकों के साथ अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गये हैं। भाजपा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का इस्तीफा मांगा है। भाजपा शुक्रवार को राजभवन मार्च करेगी।

फ्रांस पहुंचे पीएम मोदी

- हवाइ अड्डे पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया
- होटल के बाहर लगे भारत माता की जय के नारे

एजेंसी

पेरिस। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के दौरे पर फ्रांस पहुंच गये हैं। यहां पेरिस के जिस होटल वो ठहरेंगे, उसके बाहर भारतीय मूल के लोगों ने भारत माता की जय के नारों के साथ प्रधानमंत्री का स्वागत किया। इससे पहले शाम करीब 4 बजे प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बॉर्न ने मोदी को एयरपोर्ट पर रिसीव किया। यहां रेड कार्पेट बिछाकर उनका स्वागत किया गया। एयरपोर्ट पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया।

प्रधानमंत्री मोदी को फ्रांस के नेशनल डे यानी बैस्टिल डे पर बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया है। दूसरी तरफ, डिफेंस काउंसिल ने भारतीय नौसेना के लिए 26 राफेल-एम लड़ाकू विमान खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

इसके अलावा नेवी 3 स्कॉर्पीन क्लास सबमरीन भी खरीदेगी। प्रधानमंत्री का यह दौरा ऐसे वक्त पर हो रहा है, जब भारत-फ्रांस की स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप को 25 साल पूरे हो गये हैं। प्रधानमंत्री मोदी फ्रांस की प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बॉर्न से मुलाकात करेंगे। वो पेरिस के ला सीएन म्यूजिकले में प्रवासी भारतीयों को भी संबोधित करेंगे। ला सीएन म्यूजिकाले में फिलहाल इंडियन एम्बेसी और मिनिस्ट्री ऑफ कल्चर फेस्टिवल ऑफ इंडिया, 'नमस्ते फ्रांस' को होस्ट कर रहा है। इसके बाद फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों मोदी के लिए अपने ऑफिशियल हाउस एलसी पैलेस में प्राइवेट डिनर होस्ट करेंगे।

मुख्यमंत्री नवाडीह में आयोजित उद्घाटन-शिलान्यास कार्यक्रम में हुए शामिल

तकदीर और तस्वीर बदलने के लिए है सरकार कृत संकल्प: हेमंत

- बोकारो को 170.97 करोड़ की लागत वाली 70 योजनाओं की मिली सौगात
- मुख्यमंत्री ने 10067 लाभुकों में 56.36 करोड़ की परिसंपत्तियों का किया वितरण

नंदलाल

नवाडीह (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि एक लंबे संघर्ष और आंदोलन के बाद हमने झारखंड तो ले लिया, लेकिन पिछले दो दशकों में इस राज्य को जहां होना चाहिए वहां नहीं नहीं पहुंच सका। तमाम संसाधनों और क्षमताओं के बाद भी झारखंड की गिनती पिछड़े राज्यों में होती है। अब हमारी सरकार इस राज्य की तकदीर और तस्वीर बदलने के लिए कृत संकल्प है। इस कड़ी में कई योजनाएं शुरू की गयी है और कई शुरू होंगी। ये योजनाएं झारखंड की दशा-दिशा और स्वरूप को बदलने का काम करेगी। मुख्यमंत्री गुरुवार को बोकारो के नवाडीह में योजनाओं के उद्घाटन-शिलान्यास और परिसंपत्तियों के वितरण समारोह में बोल रहे थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 170.97 करोड़ रुपये की लागत से कुल 70 परियोजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। कार्यक्रम में 10067 लाभुकों के बीच 56.36 करोड़ रुपये की परिसंपत्ति बांटी।

जन आकांक्षाओं के अनुरूप बना रही योजनाएं : मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जो भी कार्य योजना बनाती है, उसमें जनता की सोच और उसकी उम्मीदों का विशेष ध्यान रखा जाता है। समाज का कोई भी वर्ग और तबका हो, हर किसी के हित और कल्याण से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता दी जा रही है।

बच्चे पढ़ाई की चिंता करें, खर्च सरकार देगी : हेमंत सोरेन ने कहा कि बच्चे सिर्फ अपनी पढ़ाई की चिंता करें। पढ़ाई का खर्च सरकार वहन करेगी। उन्होंने बच्चों के लिए शुरू की गयी योजनाओं के बारे में भी चर्चा की।

(संबंधित खबर पेज-3 पर)

इनका शिलान्यास और उद्घाटन

- मॉडल डिग्री कॉलेज, गोमियां के भवन का उद्घाटन हुआ।
- चंदनक्यारी, गोमियां, चंद्रपुरा और चास में स्थित उच्च विद्यालय में अतिरिक्त कक्षा और मल्टीपरपज ऑडिटोरियम के निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गयी।
- पेटरवार, गोमियां, चंदनक्यारी, नवाडीह और चास में स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में ऑडिटोरियम का शिलान्यास।
- एकीकृत धनवंतरी आयुष अस्पताल, बोकारो के निर्माण की रखी गयी नींव।
- 50 बिस्तरों वाले क्रिटिकल केयर अस्पताल का शिलान्यास किया गया।
- मॉडल डिग्री कॉलेज, नवाडीह का शिलान्यास हुआ।

हजारीबाग में राजनीतिक संरक्षण में चल रहा है कोयले का अवैध कारोबार

असवा में विजय और लुरुंगा में चलता है डब्बू का बैनर!

- लुरुंगा में लोकल मैनेजमेंट संभालता है दीपक!

बीरू कुमार

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। हजारीबाग जिले के उरीमारी का इलाका कोयला तस्करों का सेफ जोन बन गया है। भौगोलिक दृष्टिकोण से पूरा इलाका जंगली है, जिसके कारण उस क्षेत्र में लोगों का आवागमन कम होता है। उसी का फायदा कोयला चोर उठा रहे हैं। खासकर कोयला तस्करों को पूरा राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है, जिसके कारण कोयला चोरों को पुलिस की दबिश भी कम पड़ती है। नतीजतन, कोयला चोर दिन के उजाले में कोयला का भंडारण करा कर ट्रकों के माध्यम से कोयला बाहर ले जा रहे हैं। कोयला चोर भोले भाले ग्रामीणों को ऊंचा ख्वाब दिखा कर उनके साथ छलावा कर रहे हैं। हालांकि कुछ स्थानीय लोग इस कारोबार से मोटी रकम कमा रहे हैं। इधर सूत्रों ने बताया कि लोकल व्यवस्था को दीपक नामक व्यक्ति देखता है। उसी के मैनेजमेंट में कोयले को खरीद-बिक्री कर डिपो में पहुंचाया जाता है।

असवा में विजय और लुरुंगा में चलता है डब्बू का बैनर!

इधर विश्वसनीय सूत्रों ने बताया कि असवा (न्यू बिरसा प्रोजेक्ट) और लुरुंगा में अवैध कारोबार करने के लिए किसी को भी दो नामों का सहारा लेना होगा। वे हैं विजय और डब्बू। इन दोनों नामों के बगैर कोई भी कोयला का एक ढेला भी नहीं उठा पायेगा। क्योंकि बैनर इन दोनों नामों से ही चलता है। कारोबार से जुड़े एक कारोबारी ने बताया कि विजय और डब्बू पर एक जनप्रतिनिधि और एक वरीय पुलिस पदाधिकारी का आशीर्वाद प्राप्त है, जिसके कारण दोनों का मनोबल बढ़ा हुआ है। इसी के कारण दिन के उजाले में बेखौफ अवैध कोयले का भंडारण कर बाहर की मंडियों में भेज रहा है।

दिन के उजाले में सरपट दौड़ता है अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर

बुधवार को *आजाद सिपाही* की टीम ने सूचना के आधार पर लुरुंगा का अवलोकन किया। इस दौरान दिन के करीब एक बजे टीम लुरुंगा पहुंची। वहां टीम ने देखा कि प्लास्टिक की (करकट शिट) सीट से चारदीवारी की गयी है। उसमें कोयले का भंडारण किया जा रहा है। लौटने के क्रम में देखा कि कोयला लेकर ट्रैक्टर डिपो जा रहा है। चालक ने बताया कि डब्बू का कोयला लेकर जा रहे हैं। एक सवाल के जवाब में उसने कहा कि कोई क्या कार्रवाई करेगा। सब कुछ सेटिंग से हो रहा है। हालांकि बाद में कैमरा देखा, तो ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर को लेकर तेजी से निकल गया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 56,400 रु./10 ग्राम
चांदी 74,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 14 जुलाई, 2023
www.azadsipahi.in

टीएमसी तो जीती, लेकिन बंगाल में लगातार मजबूत हो रही है भाजपा

■ पंचायत चुनाव में 2018 के मुकाबले इस बार बेहतर रहा पार्टी का प्रदर्शन

■ आंकड़ों की मानें, आज नहीं तो कल बंगाल में अपनी मजबूत जगह बनायेगी भाजपा

■ अगर लोकसभा चुनाव में अच्छा करना है तो रणनीति बदलने की जरूरत

बड़े पैमाने पर हुई हिंसा, रिकॉर्ड संख्या में अदालती मामलों, केंद्रीय बलों की तैनाती और फर्जी मतदान के तमाम आरोपों के बावजूद पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने पंचायत चुनाव में विपक्ष को काफी अंतर से पछाड़ कर ग्रामीण इलाकों में एक बार फिर अपना दबाव साबित किया। लेकिन टीएमसी की इस जीत की एक हकीकत यह भी है कि 2018 के मुकाबले उसका दबदबा कम हो गया है और भाजपा ने अपना प्रदर्शन बेहतर किया है। यह सही है कि त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था के तहत जिला परिषद, पंचायत समिति और ग्राम पंचायत, तीनों में टीएमसी ने प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा को काफी पीछे छोड़ दिया है, लेकिन यह चुनाव परिणाम का केवल एक पहलू है। दूसरा पहलू यह है कि भाजपा अपने गढ़, यानी उत्तर बंगाल में पिछड़ने के बावजूद 2018 के मुकाबले इस बार अधिक मजबूत होकर उभरी है और यही बात भगवा पार्टी के लिए उत्साहजनक है। पश्चिम बंगाल का चुनावी इतिहास बताता है कि पंचायत चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करनेवाली पार्टी अगले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भी बेहतर प्रदर्शन करती रही है। हालांकि वर्ष 2018 को इसका अपवाद माना जा सकता है। उस साल 34.2 फीसदी सीटों पर निर्विरोध जीतने और कुल सीटों में से करीब 90 फीसदी पर जीत के बावजूद वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस के हाथों से 12 सीटें निकल गयी थीं। इस बार के पंचायत चुनाव में भाजपा ने ग्राम पंचायतों में करीब साढ़े नौ हजार सीटें जीती हैं, जबकि 2018 में उसने करीब छह हजार सात सौ सीटें जीती थीं। हालांकि लोकसभा और विधानसभा की सीटों के नजरिये से देखा जाये, तो यह संख्या कम जरूर है, लेकिन वोट प्रतिशत और निर्विरोध जीतनेवाले प्रत्याशियों की संख्या में बढ़ोत्तरी राज्य में भाजपा के प्रभाव में वृद्धि का संकेत करती है। पश्चिम बंगाल पंचायत चुनाव परिणाम के इसी पहलू का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।

आजाद सिपाही विशेष

राकेश सिंह

पश्चिम बंगाल में हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में सत्तारूढ़ टीएमसी ने बड़ी जीत दर्ज की, जिससे उसे 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले बढ़ावा मिलने की उम्मीद की जा रही है, लेकिन इस परिणाम के समग्र विश्लेषण से एक दिलचस्प बात सामने आयी है कि दूसरे नंबर पर रहनेवाली भाजपा ने इस बार 2018 के मुकाबले अपने प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार किया है। पंचायत चुनाव के परिणाम में टीएमसी की एकतरफा जीत के लिए भाजपा ने चुनावी हिंसा और ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी की 'सड़क छाप राजनीति' को जिम्मेदार ठहराया है, लेकिन पार्टी की राज्य इकाई इस बात को लेकर भी उत्साहित है कि उसके वोट शेयर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इतना ही नहीं, उसके कब्जे में आयी सीटों की संख्या भी 2018 के मुकाबले बढ़ गयी है।

पश्चिम बंगाल में 9 जून को शुरू हुई पंचायत चुनाव की प्रक्रिया अभी तक पूरी नहीं हुई है, क्योंकि चुनाव परिणाम का आधिकारिक आंकड़ा अब तक जारी नहीं किया गया है। लेकिन जो आंकड़ा उपलब्ध है, उसके अनुसार 2018 के मुकाबले इस बार टीएमसी के प्रदर्शन में गिरावट आयी है। राज्य चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक राज्य में कुल 3317 ग्राम पंचायतों की 63 हजार 229 सीटों के लिए चुनाव कराये गये थे। इनमें से सत्तारूढ़ टीएमसी ने 42 हजार 299 सीटें जीती हैं, जबकि भाजपा की झोली में 9550 सीटें आयी हैं। माकपा ने 2935 सीटें जीती हैं, जबकि कांग्रेस ने ग्राम पंचायतों में 2540 सीटें जीती हैं। इस परिणाम की 2018 के परिणाम से तुलना करने पर यह बात सामने आती है कि उस बार टीएमसी ने 45 हजार 120 सीटें जीती थीं, जबकि भाजपा ने 6700 सीटों पर कब्जा जमाया था। जहां तक जिला परिषद चुनाव की बात है, तो 20 जिला परिषदों की 928 सीटों में से टीएमसी ने 563 सीटें हासिल की हैं, जबकि भाजपा ने 24 सीटें जीती हैं। पिछली बार टीएमसी ने 680 सीटें जीती थीं और भाजपा केवल 14 सीटें जीत सकी थी। इसी तरह 9730 सीटों वाली 341 पंचायत समितियों में टीएमसी ने इस बार 5433 और भाजपा ने 601 सीटें हासिल की हैं। पिछली बार टीएमसी के खाते में 6319 सीटें आयी थीं, जबकि भाजपा ने 542 सीटें जीती थीं।

इस तरह साफ देखा जा सकता है कि भाजपा ने 2018 के मुकाबले इस बार अपने प्रदर्शन में सुधार किया है। चुनाव परिणाम के गहन विश्लेषण से यह बात भी साफ हो जाती है कि उत्तरी बंगाल के अपने गढ़ और जंगल महल क्षेत्र (जिसमें पुरुलिया, बांकुड़ा और झाड़ग्राम शामिल हैं) की आदिवासी सीटों पर भाजपा का जनाधार कमजोर हुआ है। यह पार्टी के लिए चिंता का विषय है। लेकिन यदि वोट प्रतिशत पर नजर डाली जाये, तो यह बात साफ हो जाती है कि राज्य में भाजपा का वोट प्रतिशत इस बार बढ़ गया है। पंचायत चुनाव में टीएमसी को जहां 65 प्रतिशत वोट मिले, वहीं भाजपा को मिले वोटों का प्रतिशत करीब 19 रहा। 2018 में टीएमसी ने 72 प्रतिशत वोट हासिल किये थे, जबकि भाजपा को 14 फीसदी वोट मिले थे।

अब पंचायत चुनाव परिणाम को यदि लोकसभा और विधानसभा चुनाव परिणामों में बदला जाये, तो भाजपा को निश्चित रूप से नुकसान होता दिख रहा है, लेकिन 2018 का ट्रेंड बताता है कि पंचायत चुनाव में पहले नंबर पर रहनेवाली पार्टी को नुकसान होता है।

इस लिहाज से भाजपा को उस चुनाव में भाजपा को लाभ हो सकता है। वैसे भी भाजपा के पास 2018 में राज्य में केवल तीन विधायक और दो सांसद थे, जबकि आज उसके पास 70 विधायक और 16 सांसद हैं। भाजपा का कहना है कि 2018 में कई जगहों पर उसके उम्मीदवार नामांकन भी दाखिल नहीं कर सके थे, लेकिन इस बार पार्टी ने दो दिनों के अंदर किसी तरह इसे मैनेज किया। इसलिए निर्विरोध जीतनेवाले टीएमसी प्रत्याशियों की संख्या में कमी आयी, लेकिन भाजपा के ऐसे प्रत्याशियों की संख्या बढ़ गयी। 2018 के पिछले पंचायत चुनाव में भारी संख्या में तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार निर्विरोध जीत गये थे। इस बार इस संख्या में कमी आयी है, जबकि इसी दौरान भाजपा के ज्यादा संख्या में निर्विरोध निर्वाचित हुए उम्मीदवारों ने राज्य में नये चुनावी समीकरण पैदा होने के संकेत भी दे दिये हैं।

कई बार कहा जाता है कि स्थानीय निकाय चुनाव और लोकसभा चुनाव की तुलना नहीं की जानी चाहिए, क्योंकि दोनों चुनावों के मुद्दे अलग-अलग होते हैं और मतदाता भी अलग-अलग सोच के तहत वोट डालते हैं। लेकिन पंचायत चुनाव से राज्य के राजनीतिक माहौल का थोड़ा-बहुत पता तो चलता ही है। बंगाल में ग्रामीण चुनाव आम तौर पर लोकसभा चुनाव से ठीक एक साल पहले होते हैं, जो अक्सर बाद के लिए माहौल तैयार करते हैं। इसलिए ग्रामीण चुनावों में भारी जीत, जिसमें राज्य की 65 प्रतिशत आबादी शामिल है, अगले साल लोकसभा चुनाव से पहले जीतने वाली पार्टी को बड़ा बढ़ावा मिलने की संभावना होती है।

भाजपा के लिए यह परिणाम उत्साहजनक हो सकता है, लेकिन दूसरी तरफ अपने गढ़ में उसकी हार से सबक लेने की भी जरूरत है। पार्टी को इसका ध्यान रख कर 2024 के लिए रणनीति तैयार करने की जरूरत है। इसके लिए सबसे पहले उसे राज्य में अपने नेताओं-कार्यकर्ताओं के बीच से डर का माहौल खत्म करना होगा। यह कठिन काम है, लेकिन भाजपा के पास इसके अलावा कोई विकल्प भी नहीं है।

कांग्रेस आला कमान ने लिया फैसला

झारखंड कांग्रेस से निलंबित तीनों विधायक की वापसी जल्द

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड कांग्रेस से निलंबित तीनों विधायकों के लिए अच्छी खबर है। कांग्रेस आला कमान ने तीनों का निलंबन वापस लेने का फैसला किया है। इनमें विधायक डॉ इरफान अंसारी, नमन विक्सल कोंगाड़ी और राजेश कच्छप शामिल हैं। तीनों द्वारा रखे गये पक्ष को देखते हुए पार्टी ने निलंबन वापस लेने का फैसला किया है। कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने जानकारी यह दी है।

पक्ष की समीक्षा के बाद लिया गया फैसला : आलमगीर आलम ने बताया कि पार्टी आला कमान ने तीनों निलंबित विधायकों के निलंबन को वापस लेने का फैसला ले लिया है। तीनों विधायकों द्वारा रखे गये पक्ष की समीक्षा करने के बाद यह फैसला लिया गया है। इस संबंध में पार्टी आला कमान द्वारा दो सप्ताह के अंदर अधिसूचना जारी की जायेगी।

30 जुलाई 2022 को कैश के साथ पकड़े गये थे : पश्चिम बंगाल के हावड़ा में 30 जुलाई 2022 को कांग्रेस के तीन विधायक इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगड़ी की कार से 49 लाख रुपये नकद बरामद होने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया था। पार्टी ने घटना के बाद तीनों को निलंबित कर दिया था।

डिग्री कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई का रास्ता साफ, शिक्षा विभाग ने जारी किया आदेश

रांची (आजाद सिपाही)। डिग्री कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई के लिए उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर दिया है. यह आदेश विभाग कि उप निदेशक डॉ विभा पांडेय ने जारी किया। पत्र के माध्यम से झारखंड के सभी विश्वविद्यालयों को निर्देश दिया गया है कि कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई बहाल की जाये। पत्र में कहा गया है कि 28 जून को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग और झारखंड एकेडमिक काउंसिल के अध्यक्ष की बैठक हुई थी, जिसके बाद डिग्री कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई जारी रखने का निर्णय लिया गया था। पत्र राज्य के सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के प्रिंसिपल को भेजा गया है।

झारखंड में 28 जुलाई से 3 अगस्त तक माओवादी मनायेंगे 'शहीद सप्ताह'

रांची (आजाद सिपाही)। नक्सली संगठन भाकपा माओवादियों ने 28 जुलाई से लेकर 3 अगस्त तक शहीद सप्ताह मनाने का एलान किया है। झारखंड में अपनी खोई ताकत को वापस पाने के लिए माओवादी शहीद सप्ताह के दौरान हिंसक वारदातों को अंजाम दे सकते हैं। नक्सली संगठन के संस्थापक चारू मजुमदार और कन्हैया चटर्जी की याद में शहीद स्मृति सप्ताह मनाते आये हैं। साथ ही साल भर में पुलिस की गोलियों से मारे गये नक्सलियों को भी शहीद बताते हैं और उनकी याद में अंदरूनी क्षेत्रों में नक्सलियों की ओर से बनाये जाने वाले शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि देते हैं। भाकपा माओवादी पुलिस मुठभेड़ में मारे गये अपने साथियों की याद में हर साल शहीद सप्ताह मनाते हैं।

बाबूलाल मरांडी की ममता बनर्जी को दो टूक

राम के खिलाफ जानेवालों की राजनीति मिट्टी में मिल जाती है

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। पश्चिम बंगाल में हुई हिंसा के बीच सत्ताधारी पार्टी टीएमसी की जीत पर सीएम ममता बनर्जी के दिये बयान पर झारखंड के पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने जोरदार हमला बोला है। बता दें कि पश्चिम बंगाल चुनाव के दौरान जारी हिंसा पर बाबूलाल मरंडी ने ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि घबराइए मत ममता बनर्जी, प्रभु राम और श्याम से बैर रखनेवालों की राजनीति मिट्टी में मिल जाती है।

दरअसल, बीजेपी नेता ने ट्वीट कर कहा कि आदरणीय ममता बनर्जी जी ने बंगाल हिंसा पर कंठ खोला तो जहर उगला। उन्होंने भगवान राम और श्याम को अपनी घृणित राजनीति में घसीटने का अक्षम्य अपराध किया है। लूट-मार, खून खराबे और

भयावह हिंसक माहौल पर तार्किक बात रखने के बजाय उन्होंने पॉलिटिकल माइलेज लेने की कोशिश की। घबराइए मत ममता बनर्जी जी, प्रभु राम और श्याम से बैर रखने वालों की राजनीति मिट्टी में मिल जाती है।

ममता बनर्जी ने क्या कहा था : बता दें कि सीएम ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में हुई हिंसा का जिक्र करते हुए कहा, मैं (पंचायत चुनाव के दौरान) हिंसा की छिटपुट घटनाओं में लोगों की मौत होने से मैं दुखी हूं... चुनाव 71,000 बूथ पर हुए, लेकिन हिंसा की घटनाएं 60 से कम बूथ पर हुईं। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि 8 जून को चुनाव की तारीख की घोषणा के बाद से चुनाव संबंधी हिंसा में 19 लोग मारे गये, जिनमें ज्यादातर उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के थे। हालांकि, पुलिस सूत्रों ने मरने वालों की संख्या 37 बतायी है। ममता बनर्जी ने आगे कहा कि आपको (विपक्ष को) मेरे प्रति इतनी नफरत क्यों है? क्या इसलिए क्योंकि मैं एक साधारण पारिवारिक पृष्ठभूमि से आती हूं? क्या ऐसा इसलिए है, क्योंकि मैं एकता के लिए बोलती हूं? उन्होंने ग्रामीण चुनाव में तृणमूल कांग्रेस की शानदार सफलता के लिए बंगाल के लोगों को धन्यवाद दिया और कहा कि वास्तव में पार्टी को उसके खिलाफ विपक्ष द्वारा 'झूठ फैलाने' से जीत हासिल करने में मदद मिली।

पेड़ पर उपवास कर रही महिला नौ दिन बाद उतरी

सरना धर्मावलंबियों ने किया प्रार्थना सभा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

सिसई। मां सरना के संदेश पर नौ दिनों तक भूखे प्यासे रह कर जैरा गांव के सरना पेड़ पर चढ़ कर उपवास करने वाली हीरामुनी उरांव नौ दिन पूरे होने पर गुरुवार को साढ़े 11 में पेड़ से नीचे उतरी। नौवें दिन उसके स्वास्थ्य में कुछ गिरावट देखी गयी।

नीचे उतरने के बाद उन्होंने सरना मां को नमन किया और उपस्थित लोगों को जय धर्मेश कह कर संबोधित किया। उसके बाद

धर्म बहन शांति उरांव, पहान फागु उरांव और पुजार दिलासा उरांव ने हीरामुनी को नये वस्त्र दिये। उसके नये वस्त्र धारण करने के बाद उपवास रख कर सरना स्थल आये सैकड़ों सरना धर्मावलंबियों ने पहान पुजार की अगुवाई में सामूहिक परिक्रमा विनती, पूजा और सरना में जल अर्पण कर लोगों की सुख-समृद्धि की कामना की। दो बजे हीरामुनी को पानी पिला कर उपवास समाप्त कराया गया। सरना माता के संदेश को चमत्कार मानते हुए हीरामुनी के नौ दिनी उपवास को लेकर जैरा स्कूल मैदान में सरना धर्मावलंबियों ने गुरुवार को तीन बजे से लेकर शुक्रवार की भोर 5 बजे तक सरना प्रार्थना सभा का आयोजन किया। इससे पूर्व भी गांव की शांति उरांव भी सरना मां के संदेश पर सितंबर 2005 में 21 दिन का उपवास रख चुकी है। उस समय उसने निर्जला उपवास रख कर सात दिनों तक इसी सरना पेड़ के ऊपर रह कर सरना माता की उपासना की थी। शेष 14 दिन उपवास रह कर घर में उपासना की थी। मौके पर हरबू उरांव, ग्राम प्रधान बासुदेव उरांव, मुखिया प्रकाश उरांव, पंसस अनिता उराइन, चंदर उरांव, जयराम उरांव, सुकरा उरांव,नरुवा उरांव, भीखु उरांव, भिखनी उरांव, सहोदरी उरांव, उषा देवी, चिन्ता देवी, मालती देवी सहित दर्जनों सरना धर्मावलंबी मौजूद थे।

सीए मुकेश मित्तल के सहयोगी हरीश कोर्ट में पेश, इडी को मिली चार दिनों की रिमांड

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मनी लांड्रिंग मामले में गिरफ्तार ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम केस से जुड़े उनके सीए मुकेश मित्तल के सहयोगी हरीश यादव को गुरुवार को इडी कोर्ट में पेश किया गया। इडी की ओर से पूछताछ के लिए रिमांड की मांग की गयी। इडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने इडी के आग्रह को स्वीकारते हुए चार दिनों की रिमांड प्रदान की गयी। इडी ने बीते बुधवार को हरीश यादव को गिरफ्तार किया था। बता दें कि मार्च 2023 में इडी के संयुक्त निदेशक के आवेदन पर दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा में मामला दर्ज किया गया था, जिसमें वीरेंद्र राम के अलावा उनके चार्टर्ड अकाउंटेंट मुकेश मित्तल और अन्य को आरोपी बनाया गया था। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा में दर्ज की प्राथमिकी में आरोपियों पर फर्जी केवाइसी पर बैंक खाता खोल कर काले धन की लांड्रिंग का आरोप है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	31.0 °c	23.8 °c
सूर्यास्त (आज) :		18.39 बजे
सूर्योदय (कल) :		05.11 बजे

दो दिवसीय दौरे पर केंद्रीय कोयला मंत्री पहुंचे धनबाद

केंद्र से हर महीने झारखंड को मिलती है रायल्टी: प्रह्लाद जोशी

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के रायल्टी को लेकर लगाये आरोप को किया खारिज

अग्नि प्रभावित बांसजोड़ा और एना फायर प्रोजेक्ट का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद/लोयबाद/धनसार। केंद्रीय कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा है कि केंद्र से झारखंड को हर महीने कोयला की रायल्टी दी जाती है। उन्होंने बुधवार को नीति आयोग की बैठक के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा कोयला रायल्टी को लेकर लगाये गये आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। केंद्रीय मंत्री गुरुवार को धनबाद में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान कोयला रायल्टी संबंधित सवाल उठाये जाने पर उन्होंने पक्ष रखा। केंद्रीय मंत्री दो दिन के दौरे पर गुरुवार को धनबाद पहुंचे। उनके साथ कोल इंडिया के नवनियुक्त चैयरमेन पीएम प्रसाद भी थे। केंद्रीय मंत्री ने विश्राम ग्रह विश्रांतिका का उद्घाटन किया। साथ ही बीसीसीएल की ओर से फॉग केनन मशीन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कोयला मंत्री ने आइआइटी आइएसएम में कोयला से जुड़े एक कार्यक्रम में भी शिरकत की। साथ ही बीसीसीसीएल व ईसीएल के अधिकारियों के साथ उत्पादन पर रिव्यू मीटिंग भी किया।

स्मार्ट सिटी बना कर लोगों को बसायेंगे : कोयला मंत्री

बांसजोड़ा में कोयला मंत्री का दौरा हो हल्ला की भेंट चढ़ गया। लोग ठीक ढंग से अपनी बात मंत्री तक नही पहुंचा सके। उन्होंने मंत्री से जमीन के बदले मुआवजा और पुनर्वास की बात कहीं। लोगों ने पुनर्वास के लिए बीसीसीएल द्वारा 20 हजार रुपये दिये जाने पर नाराजगी जतायी। लोगों का कहना था कि 20 हजार रुपये में शौचालय नहीं बनता, तो घर कैसे बनायेंगे। बांसजोड़ा के लोग पुनर्वास के लिए बेलगड़िया नही जाना चाहते है, वे भूली में बीसीसीएल की जमीन पर घर बना कर रहना चाहते है। इसकी फरियाद उन्होने मंत्री से की, तो मंत्री ने कहा कि जितने लोग भूली जा सकते उन्हें भूली में बसाया जायेगा, बाकि को अन्यत्र बसाया जायेगा। स्मार्ट सिटी बना कर लोगों को बसाने की योजना है, जिसमे सारी सुविधाओं की व्यवस्था रहेगी।

देश में बेहतर कोयला उत्पादन हो रहा : केंद्रीय मंत्री ने कोयला उत्पादन और पुनर्वास को लेकर भी मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि हमारे देश मे पहले से बेहतर कोयले का उत्पादन हो रहा है। वर्तमान में एक हजार टन से एक हजार बिलियन टन कोयले का उत्पादन हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के निर्देश पर कोकिंग कोल प्रोडक्शन बढ़ाने की दिशा में काम हो रहा है। भविष्य में कोकिंग कोल का भी बेहतर उत्पादन करने की दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं।

बांसजोड़ा परियोजना का लिया जायजा : धनबाद दौरे के दौरान केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी झरिया और आसपास के अग्निप्रभावित क्षेत्रों का हाल जानने बांसजोड़ा भी गये। वहां उन्होंने बांसजोड़ा परियोजना का निरिक्षण किया। परियोजना में लगी आग का जायजा लिया। कोयला मंत्री ने जमीन के नीचे दबे कोयले को निकालने, अग्निप्रभावित क्षेत्र से लोगों का पुनर्वास व विस्थापन समुचित ढंग से कराने का निर्देश दिया। इस दौरान जोशी बांसजोड़ा के ग्रामीणों से भी रूबरू हुए।

एना फायर प्रोजेक्ट उत्पादन की ली जानकारी : कोयला मंत्री अपने बीसीसीएल के कुसुंडा एरिया अंतर्गत एना फायर प्रोजेक्ट का भी दौरा किया। उन्होंने प्रबंधन से उत्पादन सहित कई अन्य जानकारियां ली। हालांकि परियोजना के अंदर मीडिया को जाने की इजाजात नहीं दी गयी। पत्रकारों का आरोप था कि ऐसा जामबूझकर किया गया है। क्योंकि पूर्व में जब कोल सचिव एना परियोजना पहुंचे थे, तो पत्रकारों ने उनसे कोयला चोरी और सुरक्षा से सम्बंधित सवाल पूछे थे। जिससे एना प्रबंधन व बीसीसीएल प्रबंधन की लापरवाही उजागर हुई थी। इस बात से विक्षुब्ध बीसीसीएल और एना आउटसोर्सिंग प्रबंधन ने इस बार मीडिया के प्रवेश पर ही रोक लगा दिया।

कोयला मंत्री का किया स्वागत : उधर, कोयला मंत्री प्रहलाद जोशी के बांसजोड़ा पहुंचने पर भाजपा और मिशन मोदी अगेन पीएम के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। मिशन मोदी अगेन पीएम के जिलाध्यक्ष राजेश गुप्ता, भाजपा नेत्री गीता सिंह, सुमित प्रमाणिक समेत कई नेता व कार्यकर्ता उनके स्वागत में बैनर लेकर पहुंचे थे। जोशी ने उनसे मुलाकात की और अभिवादन स्वीकार किया। इन लोगों ने मंत्री को जमीन के बदले मुआवजा नहीं दिये जाने से संबंधित ज्ञापन सौंपा।

कार्यक्रम में ये रहे मौजूद : बांसजोड़ा परियोजना का जायजा लेने पहुंचे केंद्रीय मंत्री के कार्यक्रम में सिजुआ जीएम अनूप कुमार रॉय, कोल इंडिया चेयरमेन पीएम प्रसाद, सीएमडी समीरण दत्ता, डीटी उदय अनंत काउले, डीपी मुरली कृष्ण रमैया, डीएफ राकेश, उपायुक्त संदीप कुमार, सीओ शुभ्रा रानी, डी मित्तल, जीएम अनुप राय, एजीएम बलदेव महतो, पीओ अनिल सिंह, एके झा, संजय सिंह, प्रवंधक सुनिल दास, जीएल ध्रुवे, वी भारती, डी दास, चंदन श्रीवास्तव, आशुतोष कुमार, एसके मित्रा, बिनोद सिन्हा मौजूद थे।

प्रदेश भाजपा का स्नेह मिलन समारोह कल

नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी करेंगे विधिवत पदभार ग्रहण

कार्निवल बैंक्वेट हॉल में 10.30 बजे पूर्वाह्न आयोजित है कार्यक्रम

निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश करायेंगे पदभार ग्रहण

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। 15 जुलाई को बाबूलाल मरांडी विधिवत रूप से प्रदेश भाजपा अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करेंगे। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता कड़िया मुंडा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी, राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद समीर उरांव, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह उपस्थित रहेंगे।

भाजपा के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी आगामी 15 जुलाई को विधिवत पदभार ग्रहण करेंगे। यह जानकारी प्रदेश महामंत्री और मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा ने दी।

डॉ वर्मा ने बताया कि 15 जुलाई को हरमू रोड स्थित कार्निवाल बैंक्वेट हॉल में प्रदेश भाजपा द्वारा स्नेह मिलन समारोह 10.30 बजे पूर्वाह्न में आयोजित है। उन्होंने बताया कि निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को विधिवत पदभार ग्रहण करायेंगे।

उन्होंने बताया कि इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता और पद्मभूषण कड़िया मुंडा, पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, प्रदेश प्रभारी और राज्यसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी, राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, सांसद,विधायक गण, जिला परिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष गण, प्रदेश कार्यसमिति सदस्यगण आदि उपस्थित रहेंगे।

पुलिस मुख्यालय ने पदक के लिए मांगा ब्योरा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड पुलिस मुख्यालय ने राष्ट्रपति पुलिस पदक और पुलिस पदक प्रदान करने के लिए प्रस्तावित आइपीएस ऋषभ झा सहित 23 पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों का पूरा ब्योरा मांगा है। इनमें आइपीएस ऋषभ कुमार झा, एएसपी अनुराग राज, डीएसपी दीपक कुमार पांडे, डीएसपी दीपक कुमार, इंस्पेक्टर अनिल उरांव, अभिनव कुमार, गौतम कुमार, धीरज कुमार मिश्रा, सब इंस्पेक्टर विक्रांत कुमार, एएसआइ संजय कुमार, सच्चिदानंद सिंह, आरक्षी रूपनारायण महतो, याकूब सुरीन, अशोक कुमार, सुभाष दास, रविंद्र टोप्पो, अनिल उरांव, बाबूराम बास्की सहित अन्य शामिल हैं। बुधवार को आइजी मानवाधिकार की ओर से रांची एसएसपी और गुमला, लोहरदगा, हजारीबाग, खूंटी और रेल एसपी को पत्र लिख कर इस संबंध में जानकारी मांगी गयी है।

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

मेष लोकप्रियता का विस्तार। अधूरा कार्य पूरा होगा। उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति। विरोधियों पर विजय।

वृष रोग-शोक से छुटकारा। जमीन-जायदाद संबंधी विवादों का समाधान। आर्थिक लाभ।

मिथुन षड़यंत्र विफल। प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा। मन प्रसन्न रहेगा।

कर्क भौतिक सुख-सुविधा की प्राप्ति। पारिवारिक वातावरण सुखमय होगा। मनोकामनाएं पूरी होंगी।

सिंह नयी आशाओं का उदय होगा। धैर्य - साहस से सभी कार्य पूरे होंगे। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा।

कन्या धैर्य, गंभीरता एवं सहनशीलता से महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा। रोजी-रोजगार में उन्नति होगी।

तुला आर्थिक संतुलन बनाये रखने में सफल होंगे। पारिवारिक दायित्व निर्वहन में खर्च अधिक।

वृश्चिक रोजगार में परिवर्तन। आर्थिक लाभ। सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा। मित्र-कुटुंबियों का सहयोग।

धनु बृहद योजना को साकार करने में साथ मिलेगा। आर्थिक लाभ। पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा।

मकर कार्य में सफलता। विरोधियों पर विजय। सामाजिक-राजनीतिक संपर्क-प्रभाव का लाभ मिलेगा।

कुंभ परिस्थितियों में सुधार। व्यवसाय में लाभ। सपरिवार भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे।

मीन स्वाभिमान-स्वावलंबन बढ़ेगा। नया परिचय का क्षेत्र बढ़ेगा। घर-गृहस्थी में सुख-शांति।

स्कूल से लेकर उच्च शिक्षा तक की व्यवस्था की गयी : हेमंत सोरेन

नवाडीह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जनहित की योजनाओं से लोगों को कराया अवगत

आजाद सिपाही संवाददाता

नवाडीह। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि स्कूली शिक्षा से लेकर विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए सरकार की योजनाएं हैं। बच्चियां स्कूल से जुड़ी रहें, इसके लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना शुरू की गयी है। छात्रवृत्ति राशि में इजाफा किया गया है। विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की कोचिंग से लेकर मेडिकल इंजीनियरिंग और लॉ जैसे कोर्सेज की पढ़ाई पर होने वाले खर्च को भी सरकार वाहन कर रही है। अगर विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं तो उसका शत प्रतिशत खर्च सरकार वाहन कर रही है। इसी कड़ी में गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना शुरू की जा रही है। इसके तहत 15 लाख रुपये तक का शिक्षा ऋण न्यूनतम ब्याज दर पर विद्यार्थियों को उपलब्ध कराया जायेगा।

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष जोर : मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाली पीढ़ी शिक्षित और मजबूत बने, इसके लिए कई योजनाएं हैं। सरकार ने निजी विद्यालयों की तर्ज पर बच्चों को बेहतर और गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने के लिए स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की शुरुआत की है। वहीं अन्य स्कूलों में पढ़ाई से संबंधित सभी जरूरी संसाधन उपलब्ध कराये जा रहे हैं। सरकार पहली कक्षा से लेकर डिग्री तक की पढ़ाई की व्यवस्था सुनिश्चित कर रही है। नये मेडिकल, इंजीनियरिंग और उच्च शिक्षण संस्थान खोले जा रहे हैं, ताकि बच्चों को अपने ही राज्य में पढ़ाई के बेहतर अवसर मिल सके।

नौकरियों का खुला दरवाजा, स्वरोजगार के लिए भी योजनाएं : मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां बड़े पैमाने पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। नियुक्ति पत्र वितरण करने का सिलसिला लगातार जारी है और यह आगे भी चलेगा। वहीं, जो अपना कारोबार करने के इच्छुक है, उन्हें मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत अनुदान आधारित लोन उपलब्ध कराया जा रहा है। हमारी कोशिश है कि युवा रोजगार-स्वरोजगार से जुड़े और राज्य को सशक्त मजबूत बनाने में अपना योगदान दें। मुख्यमंत्री ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी से लोगों को अवगत कराया और उन्हें इन योजनाओं से जुड़ने को कहा।

अब हर पशु का होगा इंश्योरेंस : हेमंत सोरेन ने कहा कि सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री पशुधन योजना इसी कड़ी का एक अहम हिस्सा है। इसके तहत लाभुकों को सरकार के द्वारा जो भी पशु दिया जाएगा, उसका अब इंश्योरेंस होगा, ताकि पशुओं की मौत पर लाभुकों को आर्थिक क्षति नहीं हो और वह आगे भी पशुपालन से जुड़े रहे।

कार्यक्रम में थे मौजूद : इस मौके पर मंत्री बेबी देवी, योगेंद्र प्रसाद (राज्यमंत्री का दर्जा प्राप्त), मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव सुनील कुमार, डीआइजी कन्हैयालाल मयूर पटेल और जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक समेत जिला प्रशासन के कई पदाधिकारी मौजूद थे।

प्रकाश भाटिया लाता था वीरेंद्र राम का कैश, अकाउंट में ट्रांसफर होता था पैसा, ओटीपीवाला सिम तारा चंद ने दिया

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। निलंबित इंजीनियर वीरेंद्र राम से जुड़े टेंडर मैनेज कर अकूत संपत्ति अर्जित करने और उन पैसों की मनी लॉन्ड्रिंग करने के केस में जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे नये खुलासे हो रहे हैं। अब तक की जांच में यह बात सामने आयी है कि वीरेंद्र राम सीए नीरज मित्तल और राम प्रकाश भाटिया के जरिये अपनी काली कमाई को निवेश करवाता था और ब्लैक मनी को व्हाइट मनी में तब्दील करवाता था। सीए नीरज मित्तल ने इस काम के लिए हरीश यादव को सहयोगी के रूप में रखा था, जिसके पास अलग-अलग कंपनियों के नाम से तीन बैंक अकाउंट हैं। उन बैंक अकाउंट से ही वीरेंद्र राम के पारिवारिक सदस्यों के खाते में पैसे भेजे जाते थे। प्रति दस लाख रुपये के ट्रांजैक्शन पर हरीश को दो हजार रुपये मिलता था। नकद राशि राम प्रकाश भाटिया लाकर हरीश यादव को देता था।

जानकारी के मुताबिक, राम प्रकाश भाटिया ने 10 बार से ज्यादा नकद राशि हरीश को दिये। वीरेंद्र राम के परिजनों को अकाउंट ट्रांसफर कर पैसे भेजे जाते थे। पैसों के ट्रांजैक्शन के लिए जिस मोबाइल नंबर पर ओटीपी आता था, वह मोबाइल और सिम तारा चंद ने हरीश को उपलब्ध करवाया था।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 14 जुलाई, 2023
www.azadsipahi.in

महत्वपूर्ण न्यूज

मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा के वरुण जालान बने राष्ट्रीय अमृतधारा संयोजक

रांची (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र भट्टड़ मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा के पूर्व अध्यक्ष वरुण जालान को राष्ट्रीय अमृतधारा संयोजक नियुक्त किया। इस पर वरुण जालान ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र भट्टड़ एवं प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता का बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया। साथ ही विश्वास जताया कि आपने जो मुझे राष्ट्रीय दायित्व दिया है उसपर मैं पूरा खरा उतरने का प्रयास करूंगा । श्री जालान ने कहा कि अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच 802 शाखाओं में 44,000 युवाओं की संस्था है। इसमें तकरीबन 25,00 अमृतधारा कार्यरत है। इस आलोक में मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा 15 जुलाई को प्रातः 9:30 बजे ज्योति संगम लेन अप्पर बाजार रांची ने अपना पांचवा स्थायी अमृतधारा का उद्घाटन करेगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अरुण गुप्ता प्रांतीय अध्यक्ष झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच, विशिष्ट अतिथि सांसद संजय सेठ, पूर्व महापौर संजीव विजयवर्गीय, राष्ट्रीय अमृतधारा प्रभारी वरुण जालान एवं ज्योति संगम लेन के सभी पदाधिकारीयों के उपस्थिति में अमृतधारा का उद्घाटन किया जाएगा। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के स्थापना दिवस सप्ताह के अवसर पर रांची शाखा द्वारा आठ दिवसीय कार्यक्रम किया जाएगा। यह कार्यक्रम 15 से 22 जुलाई तक चलेगा। यह सभी कार्यक्रम हमारे पूर्व प्रांतीय अध्यक्षों के सम्मान में किया जाएगा।

चैती दुर्गा मंदिर में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

रांची (आजाद सिपाही)। शुक्रवार को श्री चैती दुर्गा मंदिर भुताहा तलाब रांची में मेदांता अस्पताल रांची द्वारा निःशुल्क स्वास्थ जांच शिविर लगाया जा रहा है। मेदांता अस्पताल रांची, चैती दुर्गा मंदिर एवं भगवा नारी मंच के सौजन्य से निशुल्क जांच शिविर लगाया जा रहा है। कैंप के दौरान मिलने वाली सुविधाएं ब्लड प्रेशर,ब्लड शुगर जांच, बीपी जांच एवं परामर्श जांच की सेवाएं निशुल्क की जायेगी। इसमें मेदांता के डॉ मुकेश कुमार अग्रवाल कार्डियोलॉजी (हृदय रोग विशेषज्ञ), डॉ कृष्णा के दास ईएनटी (इएनटी चिकित्सक),डॉ प्रतिमा जेनरल फिजिशियन (सामान्य चिकित्सक) मौजूद रहेंगे। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें पिया बर्मन 70044 56216 ,नमन भारतीय 9693000799। कार्यक्रम निवेदक संजय सिंह लल्लू सिंह 98355 32000 के द्वारा किया जा रहा है।

हरिनाथ साहू ने लोकहित अधिकार पार्टी का सदस्यता अभियान चलाया

रांची (आजाद सिपाही)। कांके, रांची लोकसभा अंतर्गत कांके विधानसभा के पिठोरिया,बुढ़मू एवं कांके मंडल के कोनकी इंचापिरी,शोबा बेड़वारी, मालश्रृंग, गागी, होचर ,हुसीर, सुकुरहुटू सहित कई पंचायतों में लोकहित अधिकार पार्टी का सदस्यता अभियान चलाया गया। पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष रांची लोकसभा प्रभारी हरिनाथ साहू के नेतृत्व में पार्टी के नीति सिद्धांतों को बताते हुए ?20 का सदस्यता रसीद के साथ लोगों को पार्टी में शामिल किया गया।

अल्बर्ट एक्का चौक में हेलमेट वितरण

रांची (आजाद सिपाही)। अपने जन्मदिन पर अनोखी पहल करते हुए सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत रांची ट्रैफिक एसपी हैरिस बिन जमां, सदर डीएसपी प्रभात कुमार बरवार, कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय, सैंफोर्ड हॉस्पिटल न्यूरोसर्जन डॉ अरुण कुमार के साथ मिल कर अल्बर्ट एक्का चौक में हेलमेट वितरण किया।

जनजातीय क्षेत्रीय भाषा संकाय के छात्र एवं शोधार्थियों ने कुलपति को दिया ज्ञापन

रांची (आजाद सिपाही)। जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग प्रारंभ करने को लेकर सत्र 2023-2024को लेकर झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय में जनजातीय क्षेत्रीय भाषा संकाय के छात्र एवं शोधार्थियों द्वारा कुलपति को ज्ञापन दिया गया, क्योंकि किसी भी राज्य में अगर केंद्रीय विश्वविद्यालय स्थापित होती है तो वहां की जो क्षेत्रीय भाषा होती है, उसे प्राथमिकता दी जाती है। साथ ही किसी भी राज्य की पहचान वहां की भाषा और संस्कृति के साथ होती है। इसको लेकर कुलपति ने आश्वासन दिया कि हम अगले 1 से 2 दिनों में आप लोग के साथ पुना वार्ता करेंगे और कोशिश करेंगे कि केंद्रीय विश्वविद्यालय मे झारखंडी भाषाओं को स्थापित किया जाये। इस पर झारखंडी प्रेमी शोधार्थियों एवं छात्रों के द्वारा ज्ञापन दिया जा रहा है चुकी झारखंड के तमाम विश्वविद्यालयों में की पढ़ाई होती है, इसी की मांग को आगे बढ़ाते हुए केंद्रीय विश्वविद्यालय में झारखंड के तमाम भाषाओं को स्थान दिया जाये. इस पर ज्ञापन दिया गया। इसमें मुख्य रूप से उपस्थित थे प्रवीण कच्छप पप्पू कुमार महतो सोनू मुंडा जलेश नीतीश देवेंद्र रविंदर पुष्पा राजेंद्र बबलू पंकज ऋषभ परवेज प्रेम मंजरी यादव आदि मौजूद थे।

सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना जागरूकता रथ को डीसी ने किया रवाना

अच्छी शिक्षा के लिए झारखंड की बेटियों को मिलेगी 40 हजार की सहायता राशि

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने गुरुवार को समाहरणालय परिसर से सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। जागरूकता रथ के माध्यम से जिले के सभी प्रखंडों में बाल विवाह, दहेज प्रथा को समाप्त करने और किशोरियों, बालिकाओं की उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के प्रति लोगों को जागरूक किया जायेगा। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि यह योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। इसके तहत कक्षा आठवीं, नौवीं, दसवीं, ग्यारहवीं और बारहवीं में पढ़नेवाली किशोरियों और 18 से 19 वर्ष की किशोरियों को योजना के तहत लाभ प्रदान किया जाता है। उन्होंने बताया कि जिले में प्राप्त आवेदनों का निष्पादन कर किशोरियों को लाभ प्रदान किया जा रहा है। शेष बची किशोरियों को लाभान्वित करने के लिए विद्यालय स्तर पर आवेदन प्राप्त किये जा रहे हैं।

उपायुक्त ने बताया कि जिले में 55 हजार से अधिक किशोरियों को योजनाओं से जोड़ कर लाभ प्रदान करना लक्ष्य है। साथ ही 18 से 19 वर्ष की ऐसी किशोरियां, जो स्कूल से ड्रॉपआउट हो चुकी हैं, उनको चिह्नित कर आवेदन लिये जा रहे हैं। उपायुक्त ने कहा कि जागरूकता रथ के जरिये पंचायतों में भ्रमण कर योजना के तहत मिलने वाले लाभ, योजना की पात्रता औरआवेदन करने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी साझा कर लोगों को जागरूक किया जायेगा। बताया कि सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत अच्छी शिक्षा के लिए झारखंड की बेटियों को 40 हजार रुपये की सहायता राशि मिलेगी। योजना के तहत कक्षा 8वीं में 2500, कक्षा 9वीं में 2500, 10वीं में 5000, कक्षा 11वीं में 5000, कक्षा 12वीं में 5000, 18 से 19 वर्ष की किशोरी को एक मुश्त 20 हजार रुपये की अनुदान राशि दी जायेगी।

इंटरनेशनल एक्सपर्ट टॉक का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक के संरक्षण में विश्वविद्यालय के एकेडमिक ब्लॉक के बोर्ड रूम में इंटरनेशनल एक्सपर्ट टॉक का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में गूगल आएनसी, सिन्नी कैलीफोर्निया, यूएसए-अमेरिका के इंजीनियरिंग डॉयरेक्टर डॉ रामा के गोविंद राजू ने अपना प्रेरक और अनुभवात्मक विचार साझा करते विश्वविद्यालय के शोध छात्रों और प्राध्यापकों को विश्व के अति विशिष्ट कंपनी गूगल की कार्यपद्धति, रीति-नीति, प्रबंधन और अभियांत्रिकी और तकनीकी से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर सविस्तार प्रकाश डाला।

अपने व्याख्यान के क्रम में उन्होंने प्लेनेट स्केल सिस्टम, डेटा सेंटर, विभिन्न प्रारूपों में वीडियो का प्रबंधन, फाइलों का संपीड़न, सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर आर्किटेक्चर के पीछे मार्गदर्शक सिद्धांत, क्वांटम कम्प्यूटिंग, मशीन लर्निंग आदि के बारे विस्तृत चर्चा की। प्रश्नोत्तर सत्र में उन्होंने रिसर्च छात्रों के प्रश्नों का उचित उत्तर देते हुए उनके जिज्ञाशाओं का समाधान भी किया। उक्त एक्सपर्ट टॉक में विश्वविद्यालय के सभी ऑफिसर, संकायाध्यक्ष, सह संकायाध्यक्ष, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर एवं अध्यापकों तथा रिसर्च स्टुडेंट्स ने सहभागिता करते हुए गूगल कम्पनी के कई महत्वपूर्ण प्रबंधकीय एवम तकनीकी पहलुओं से अवगत हुए।

कामिका एकादशी महापर्व श्रद्धा से मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में गुरुवार को श्रावण कृष्ण पक्ष की कामिका एकादशी महापर्व अत्यंत श्रद्धा भाव एवम भक्तिमय वातावरण में आयोजित किया गया। प्रातः श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र (बागा) पहनाकर कर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर गुलाब, जूही, बेला, मोगरा व रजनीगंधा के मालाओं से मनभावन श्रृंगार किया गया साथ ही मन्दिर में विराजमान बजरांबली एवम शिव परिवार का भी इस अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया। पावन श्रावण मास की एकादशी होने के कारण प्रातः से ही श्री श्याम प्रभु के दर्शन के लिए भक्तों की अपार भीड़ उमड़ पड़ी ।

रात्रि 9 बजे श्री श्याम प्रभु की पावन ज्योत प्रज्वलित कर भक्तगण कतराब्रद होकर पावन ज्योत में आहुति प्रदान कर रहे थे। श्री श्याम मंडल के सदस्यों द्वारा गणेश वंदना के साथ सगीतमय संकीर्तन प्रारम्भ किया गया।

बाबा का दरबार सुहाना लगता है भक्तों का तो दिल दीवाना लगता है... हमें प्रीत तुमसे हुई श्याम प्यारे, तुम हो हमारे हम है तुम्हारे... खाटू के बाबा श्याम जी, मेरी रखोगे लाज,मीरा के घनश्याम जी मेरी रखोगे लाज... रखवाला प्रतिपाला मेरा बाबा खाटू वाला... मोर छड़ी लहराई रे रसिया ओ सांवरे... इत्यादि भजनों की लय पर भक्तगण झूम रहे थे साथ ही इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को विभिन्न प्रकार के मिष्ठान - फल - मेवा - केसरिया दूध एवम मगही पान का भोग अर्पित किया गया । रात्रि 12 बजे महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया ।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रमेश सारस्वत, गोपी किशन ढांढनीयां, ओम जोशी, चंद्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, विकाश पाडिया, नितेश केजरीवाल, सुदर्शन चितलांगिया प्रदीप अग्रवाल, अनुराग पोद्दार, अजय साबू का योगदान रहा।

सावन माह की पहली कामदा एकादशी पर श्री श्याम मंदिर में की गयी विशेष पूजा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। गुरुवार को सावन माह की पहली कामदा एकादशी के अवसर पर हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में खाटू नरेश के दर्शन व महादेव की पूजा अभिषेक करने के लिए भक्त उम्र पड़े। एकादशी के अवसर दिवा कालीन पहला श्रृंगार करके सुबह 8:30 बजे श्रृंगार आरती करके भोग अर्पित किया गया। वहीं दोपहर में भोग व शंख आरती करके मंदिर के पट विश्राम हेतु बंद कर दिए गए। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि एकादशी के अवसर पर कोलकाता से फूल माला मंगवा कर खाटू नरेश सहित मंदिर में विराजमान श्री रिद्धि सिद्धि, श्री शिव परिवार, श्री बजरंगबली, श्री लड्डू गोपाल जी, श्री शालिग्राम जी, प्राचीन चित्र व गुरुजनों का दिव्य मनोहारी संध्या कालीन द्वितीय विशेष श्रृंगार किया गया । मंडल के मंत्री श्यामसुंदर शर्मा के नेतृत्व में लाल गुलाब, रजनीगंधा कामिनी, तुलसीदल, कमल, मुर्गन और पीला गेंदा के फूलों से मंदिर के गर्भगृह को सजाकर गुलाब रुह से खाटू नरेश की मालिश की गयी। गोधूलि बेला के पहले गर्भगृह को दर्शन के लिए खोल दिया गया। दर्शन पूजन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दरबार में हाजिरी लगायी। ग्वाल भोग अर्पित कर रात्रि 7 बजे पंचदीप की आरती की गयी। कामदा एकादशी का मुख्य समारोह एकादशी कीर्तन रात्रि 9:30 बजे मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ। इसके पूर्व किशोरगंज निवासी मुकेश वर्णवाल, राधा वर्णवाल, मनीष, सिम्पा बरनवाल अपने परिवार के साथ श्री खाटू नरेश की अखंड पावन ज्योति प्रज्ज्वलित करके केसरिया पेड़ा, नाशपाती, फल, काजू, किसमिस, अखरोट, बदाम, अंजीर, विभिन्न मिष्ठान्, दूध, रबड़ी, मगही पान का भोग अर्पित कर खुशहाली की प्रार्थना की । अखंड ज्योति में आहुति देने के लिए भक्तों की कतार लगी रही। मंदिर परिसर खाटू नरेश की जय जयकारों से गूंज रहा था। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनौली ने पूजन अनुष्ठान संपन्न कराया। यजमानश्री वर्णवाल परिवार ने श्रृंगार प्रसाद सेवा और अन्नपूर्णा सरावगी ने रबड़ी प्रसाद सेवा निवेदित की। श्रवण ढानढनिया, श्याम सुंदर शर्मा, गौरव अग्रवाल मोनू, सलज अग्रवाल, सोनू,अनुज मोदी, साकेत, मनोहर केडिया, पंकज गाड़ोदिया, अनिल नारनोली, संजय सराफ, किशन शर्मा, निखिल नारनौल, दिनेश अग्रवाल, रोशन खेमका, विशाल पोद्दार आदि ने एक से बढ़कर एक भक्ति से भरपूर भजनों का गायन कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, रतन शर्मा, संजय पोद्दार और श्यामसुंदर जोशी ने भक्तजनों के बीच प्रसाद वितरित किया। देर रात महाआरती के साथ कीर्तन का समापन हुआ।

शनिवार को श्री श्याम भंडारा : श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शनिवार 15 जुलाई को शाम 5 बजे से 71 वा श्री श्याम भंडारा का आयोजन होगा। रातू रोड निवासी मुरारी लाल अग्रवाल और प्रकाश अग्रवाल अपने परिवार के साथ 71 वे भंडारे की सेवा निवेदित करेंगे। उपरुक्त सभी जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

महत्वपूर्ण न्यूज

द ब्राइडल स्टोरी रांची में करेगी दो दिवसीय भव्य प्रदर्शनी का आयोजन

रांची (आजाद सिपाही)। आज के दौर में समय और जगह के हिसाब से अलग अलग फैशन के कपड़े एवं गहने पहने जाते हैं। रांची के लोगों के लिए फैशन की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़े पैमाने पर डिजाइनर फैशन प्रदर्शनी द ब्राइडल स्टोरी लेकर आ रहा है। यह प्रदर्शनी 10 एवं 11 अगस्त को 111 स्टॉल्स के साथ संपन्न होगी। एक ही छत के नीचे देश भर से बड़े बड़े ब्रांड्स एवं डिजाइनर्स इस प्रदर्शनी में हिस्सा ले रहे हैं। अब शादी की खरीदारी और इनोवेटिव आइडियाज के लिए रांची के लोगों को बाहर जाने की जरुरत नहीं पड़ेगी। इसके अलावा फोटो शूट, इवेंट मैनेजमेंट, डेस्टिनेशन मैरिज के लिए कई रिजॉर्ट्स भी स्टाल्स लगा रहे हैं। जीतो यह प्रदर्शनी साल में एक बार लगता है। इसीलिए शादी के अलावा दूसरे हॉल में दिवाली, सिंझारा, राखी इत्यादि सभी पर्वो के लिए फैशन से संबंधित कपड़े, अनेक प्रकार के स्टाल्स लग रहे हैं। इसके अलावा खाने पीने के लिए भी स्टॉल्स है। इस कार्यक्रम के हॉस्पिटेलिटी पार्टनर होटल रेनड्यू तथा फोटोग्राफी पार्टनर फोटोमी है। जीतो रांची चैप्टर के चार्टर प्रेसिडेंट प्रदीप काला, प्रेसिडेंट गौतम काला, सचिव अनंत काला, उपाध्यक्ष राजकुमार रामपुरिया, विशाल जैन, महिला शाखा से डायरेक्टर पायल सेठी, अध्यक्ष प्रियंका पाटनी, उपाध्यक्ष सरोज पंड्या, यूथ विंग के अध्यक्ष देवेश जैन, सचिव वैभव जैन के अलावा सभी सदस्य इस कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे हुए है। इस आयोजन की संयोजक रूबी जैन, सह संयोजक सीमा गंगवाल है। यह जानकारी जीतो प्रवक्ता पायल गोधा ने दी।

रांची के बिरसा जेल में बंद कैदी ने खुद का गला रेता, हालत गंभीर

रांची (आजाद सिपाही)। बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद एक कैदी ने गुरुवार को गला रेत कर आत्महत्या करने की कोशिश की। आनन-फानन में जेल प्रशासन ने जेल अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराने के बाद उसे रिम्स भेज दिया। उसकी हालत गंभीर है। जेल अधीक्षक हामिद अख्तर के मुताबिक, जेल में बंद अन्य कैदियों ने बताया कि कैदी जवाहर लाल बुधवार रात से ही बेचैन था। गुरुवार की सुबह जेल परिसर में कैदियों का बाल-दाढ़ी बनाया जा रहा था। इस बीच जवाहर ने नाई के उस्तरा से खुद का गला रेत लिया। जवाहर लाल बानरा उर्फ करण को अरगोड़ा थाना पुलिस ने 9 जुलाई को ब्राउन शुगर बेचने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जेल में वह 12 डी वार्ड में बंद था।

स्कूली बच्चों ने पौधरोपण का लिया संकल्प

रांची (आजाद सिपाही)। कांके रोड स्थित बिरसा उच्च विद्यालय में गुरुवार को मिशन लाइफ के तहत पर्यावरण और ऊर्जा संरक्षण पर सेमिनार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सामाजिक संस्था विवेकानंद यूथ क्वेक फाउंडेशन और रिलेशंस के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। इस दौरान विद्यार्थियों के बीच रांची नगर निगम ने 200 पौधों का वितरण किया। साथ ही विद्यार्थियों को पौधरोपण करने और उनकी देखभाल करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि मिशन लाइफ के तहत पर्यावरण और ऊर्जा संरक्षण करना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। हम सभी को पर्यावरण और प्रकृति की रक्षा के लिए आगे आना होगा। तभी हम एक जिम्मेदार नागरिक बन कर देश के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं। कार्यक्रम में रांची विश्वविद्यालय के पूर्व प्रो डॉ राजेश कुमार, संपत्ति देवी, स्कूल की प्राचार्या डॉ सुषमा तिवारी, श्याम देव प्रसाद सिंह, सुभाष मिश्रा, अमलेंदु गोराई, मालती कच्छप, सुजीता कुमारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य बनाये जाने पर दीपक प्रकाश को बधाई दी

रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के नव नियुक्त सदस्य और झारखंड प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष दीपक प्रकाश गुरुवार को मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद के आवास पहुंचे। राजेंद्र प्रसाद ने दीपक प्रकाश को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। बुके देकर उन्हें भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल किए जाने पर उन्हें बधाई दी। राजेंद्र प्रसाद के आवास पर इस अवसर पर मोर्चा से जुड़े मूलवासी सदान के कई प्रबुद्धजन, शिक्षाविद और कई झारखंड आंदोलनकारी उपस्थित थे। इसमें प्रमुख रूप से झारखंड आंदोलनकारी और मोर्चा के सलाहकार, क्षितीश कुमार राय, शिक्षाविद नागपुरी भाषा परिषद के अध्यक्ष डॉ राम प्रसाद, शिक्षाविद डॉ अनिल कुमार मिश्रा, मीडिया प्रभारी विशाल कुमार सिंह उपस्थित थे।

विशाखपट्टणम-बनारस साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन की परिचालन अवधि में विस्तार

रांची (आजाद सिपाही)। यात्रियों की सुविधा के लिए रेल मंत्रालय द्वारा ट्रेन संख्या 08588/08587 विशाखपट्टणम- बनारस-विशाखपट्टनम समर स्पेशल ट्रेन (वाया- रांची) कीपरिचालन अवधि में विस्तार किया गया है। ट्रेन संख्या 08588 विशाखपट्टनम - बनारस साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन (वाया- रांची), यात्रा प्रारंभ 19 जुलाई से यात्रा प्रारंभ 30 अगस्त तक प्रत्येक बुधवार को विशाखपट्टनम से प्रस्थान करेगी। (कुल 07 ट्रिप) ट्रेन संख्या 08587 बनारस - विशाखपट्टनम साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन (वाया - रांची), यात्रा प्रारंभ दिनांक 20/07/2023 से यात्रा प्रारंभ दिनांक 31/08/2023 तक प्रत्येक गुरुवार को बनारस से प्रस्थान करेगी। (कुल 07 ट्रिप) इन ट्रेनों की समय सारिणी, ठहराव और कोच संयोजन पूर्ववत रहेंगे।

कांके विधानसभा युवा कांग्रेस ने कांके थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा

रांची (आजाद सिपाही)। गुरुवार को कांके विधानसभा युवा कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल उपाध्यक्ष मो.हुसैन अंसारी के नेतृत्व में कांके थाना प्रभारी के नाम ज्ञापन सौंपा। हुसैन अंसारी ने अवगत कराया कि थाना से कुछ दूरी पर गवर्नमेंट टेन प्लस टू स्कूल है। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राएं पढ़ने आते हैं और वहां पर बाहर के कॉलेजों के कुछ छात्र एवं असामाजिक तत्वों के लोग आकर वहां पर गुंडागर्दी करते हैं। इसलिए कम से कम एडमिशन तक थाना के तरफ से पेट्रोलिंग हो और असामाजिक तत्व के लोगों को भगाने में अपनी भूमिका निभाएं ताकि आने वाले दिनों में छोटी-मोटी घटनाओं से हम अपने आप को बचा सकते हैं। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अमन अहमद ने कहा कि छात्र हित को देखते हुए थाना इस पर तत्परता दिखाएं क्योंकि एनएसयूआई हमेशा छात्र हित की बात करती है ।

रामगढ़ पुलिस को मिली बड़ी सफलता, एसपी ने प्रेस कांफ्रेंस कर दी जानकारी

जुआ लूट गिरोह के 11 सदस्य गिरफ्तार, हथियार बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। रामगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने वाहन जांच के क्रम में जुआ लूट गिरोह के 11 सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से हथियार, भुजाली, मोबाइल बरामद किया है। साथ ही एक मारुति वैन को जब्त किया है। उक्त जानकारी गुरुवार को छत्तरमांडू स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसपी पीयूष पांडेय ने दिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधी पेशेवर जुआ लुटेरे है।

गुप्त सूचना पर हुई कार्रवाई

एसपी पीयूष पांडेय ने बताया कि बुधवार की देर रात्रि गुप्त सूचना मिली कुछ अपराधी मारुति वैन संख्या जेएच0टूआर 4996 पर सवार होकर हजारीबाग की ओर जा रहे है। सूचना पर मांडू पुलिस को त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त वाहन को पकड़ने का निर्देश दिया। जिसके बाद मांडू पुलिस ने उक्त वाहन को मांडू थाना के निकट पकड़ लिया। जिसके बाद देखा कि वाहन में कुल 11 लोग सवार है। सबकी तलाशी ली गयी तो वाहन और अपराधी के पास हथियार बरामद हुआ। कड़ाई से पूछताछ करने पर बताया कि वे लोग जुआ अड्डा में लूटपाट करते थे। सभी को जेल भेज दिया गया है।

ये हुआ बरामद और जब्त

पुलिस ने देशी पिस्टल मैंगजीन सहित 4 पीस, रिवाल्वर मैंगजीन सहित 1 पीस, देशी कट्टा मैंगजीन सहित 1 पीस, जिंदा गोली 12 पीस, खाली मैंगजीन 1 पीस, मिसफायर गोली 1 पीस, भुजाली 2, मोबाइल 11 पीस बरामद की है। जबकि सिल्वर रंग की एक मारूती वैन को भी जब्त किया है।

छापामारी दल में थे शामिल

मांडू इंसपेक्टर रविंद्र कुमार सिंह, थाना प्रभारी अवधेश कुमार, सब इंसपेक्टर गोतम कुमार, सब इंसपेक्टर संतोष कुमार गुप्ता, अनिल हेंब्रम, सअनि दिलीप कुमार पासवान, सअनि सुरेंद्र सोय, सअनि रामाकांत सिंह सहित सदलबल शामिल थे।

इनकी हुई गिरफ्तारी

गिरफ्तार अपराधियों में किशोर कुमार उर्फ बिहारी पांचु बिगहा, थाना-रफीगंज, जिला- औरंगाबाद (बिहार) वर्तमान थाना टाटीझरिया हजारीबाग, मुकेश कुमार चानो सखिया थाना- मुफ्फसिल, हजारीबाग, हिमांशु कुमार ओरिया, थाना-मुफ्फसिल हजारीबाग, बांबी कुमार पसई, थाना- कटकमदाग जिला हजारीबाग, अजीत कुमार साव करियातपुर, थाना-बरही हजारीबाग, सोनू कुमार उर्फ सैंडी कोर्रा चौक, कोर्रा थाना हजारीबाग, बलराम मुंडा गुरवा बस्ती थाना-मुफ्फसिल जिला हजारीबाग, तैयब अंसारी मरहैता, थाना-मुफ्फसिल हजारीबाग, कुंदन कुमार करियातपुर थाना बरही हजारीबाग, विकाश गुप्ता उर्फ शिवा साहपुर, थाना-कटकमसांडी हजारीबाग, राकेश साव ओरिया, थाना-मुफ्फसिल, हजारीबाग शामिल है।

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
कटक-753 006 (ओडिशा), भारत
Cuttack -753 006, (Odisha), India

Advertisement No. 16/YP-II/FO/2023-24

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में "**रिमोट सेंसिंग और भू-स्थानिक उपकरणों का प्रयोग करके धान फसल में सटीक नाइट्रोजन उर्वरक प्रबंधन प्रोटोकॉल विकसित करना**" शीर्षक परियोजना ईएपी-404 के तहत एक (01) **यंग प्रोफशनल-II तथा एक (01) फिल्ड ऑपरेटर** के चयन के लिए दिनांक क्रमश: **24.07.2023, 25.07.2023** को प्रत्यक्ष साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। आवश्यक योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशि आदि तथा अन्य शर्तों के बारे में जानकारी भाकृअनुप-एनआरआरआई की वेबसाइट **https://icar-nrri.in** पर उपलब्ध हैं।

Walk-in-Interviews will be held on **24.07.2023 and 25.07.2023 for selection of one (01) Young Professional-II (YP-II) and one (01) Field Operator (FO) respectively** at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack in the **scheme "Developing precision nitrogen management protocols for rice using remote sensing and geospatial tools" (EAP-404)**. The details regarding essential qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website **https://icar-nrri.in.**

प्रधान अन्वेषक / PRINCIPAL INVESTIGATOR

जेएसएसयू का प्रतिनिधिमंडल स्पीकर और राज्यपाल से मिला, सौंपा ज्ञापन

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन (जेएसएसयू) का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो से मिला। साथ ही 10 से 25 मई तक सांसद-विधायक समर्थन प्राप्त अभियान के 60-40 नाय चलतउ का प्राप्त बहुमत दस्तावेज को राज्यपाल और विधानसभा अध्यक्ष को ज्ञापन के माध्यम से सौंपा। जेएसएसयू प्रमुख देवेंद्र नाथ महतो ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि गुरुवार को अपने लिखित आवेदन के साथ 60-40 नाय चलतउ के कुल 72 विधायकों का समर्थन बहुमत दस्तावेज राज्यपाल और स्पीकर को सौंपा गया। साथ ही ज्ञापन के माध्यम से वर्तमान नियोजन नीति पर हो रही अनियमितता की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। राज्यपाल ने राज्य में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के नियुक्ति विज्ञापन में झारखंड का निवासी नहीं होने की बात को गंभीरता से लेते हुए अन्य राज्यों की नियोजन नीति देखने के बाद झारखंड की नियोजन नीति में भी सुधार तथा मुख्यमंत्री के संज्ञान में देने का सकारात्मक आश्वासन दिया। स्पीकर ने इसी मानसून सत्र में राज्य सरकार को संज्ञान में देने का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधिमंडल में प्रियंका एक्का, मोइजुद्दीन अंसारी, लकी रामू, योगेश भारती, रविंद्र कुमार सहित अन्य शामिल थे।

सदान विकास पार्टी की बैठक संपन्न

रांची (आजाद सिपाही)। सदान विकास पार्टी की एक बैठक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजेंद्र प्रसाद साहू की अध्यक्षता में हाराटांड हेथु में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजेंद्र प्रसाद साहू ने सदानों, मूलनिवासियों, सर्व जातियों, सर्व धर्मावलंबियों, दलित, पिछड़ा वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग, हरिजन, मुस्लिम, बैकवर्ड, फारवर्ड सभी जातियों की दयनीय स्थिति पर दुख प्रकट करते हुए कहा कि झारखंड राज्य के सभी विधायकों और मंत्री, सांसद जनप्रतिनिधियों ने सदानों मूलनिवासियों सदानों को उनके हक और अधिकार से वंचित कर दिया है। सदानों की यह हालत है कि सदानों के सभी बाल बच्चे आज पढ़ लिख कर बेरोजगार हैं। झारखंड राज्य सदान बाहुल्य राज्य है, जहां सर्व जातियों सर्व धर्मावलंबियों सदानों के 77 प्रतिशत सदान है और 56 प्रतिशत ओबीसी है। इस दौरान डॉ साहू ने उपस्थित सभी सदानों मूलनिवासियों सदानों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं को निदान करने के लिए प्रशासन से और प्रशासनिक पदाधिकारियों बात कर हल करने का आश्वासन दिया। बैठक में मुख्य रूप से किशोर कुमार, बिनोद साहू, सुंदर साहू, बबलु साहू, कृष्ण साहू, प्रशांत कुमार, मो परवेज मो जुबेर, आनंद साहू, दिनेश कुमार,अजय कुमार,दीपक साहू, लालू प्रसाद साहू और अन्य उपस्थित रहे।

वन विभाग के रिटायर्ड कर्मचारी की पीआइएल खारिज, हाइकोर्ट ने लगाया एक लाख का जुर्माना

रांची (आजाद सिपाही)। हाइकोर्ट ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान प्रार्थी पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। साथ ही अदालत ने मौखिक रूप से टिप्पणी करते हुए कहा कि जनहित याचिका दायर करनेवाले ने अपनी विश्वसनीयता छिपायी, यह सही नहीं है और यह जनहित याचिका का दुरूपयोग है। दरअसल वन विभाग के रिटायर्ड कर्मचारी कामेश्वर प्रसाद ने अधिवक्ता राजीव कुमार के माध्यम से हाइकोर्ट में एक जनहित याचिका दाखिल की थी। जनहित याचिका में कहा गया था कि झारखंड के कई इलाकों में पौधरोपण किये बिना सरकारी पैसों की निकासी कर ली गयी है। जनहित याचिका पर हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की खंडपीठ में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने याचिका खारिज कर दी। साथ ही कोर्ट ने प्रार्थी पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। इस केस के प्रतिवादी रांची रेंज के फॉरेस्टर राकेश कुमार के लिए अधिवक्ता मनोज टंडन ने पक्ष रखा। इस मामले में राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार ने पक्ष रखा.। उन्होंने अपनी बहस में बताया कि जिस व्यक्ति ने याचिका दाखिल की है, वह खुद भ्रष्टाचार के मामले में जेल जा चुका है।

ट्रेन के आगे कूदकर युवक ने की आत्महत्या

झुमरीतिलैय (आजाद सिपाही)। कोडरमा रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर गुरुवार की सुबह लगभग 6:30 बजे एक युवक ने मालगाड़ी के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान कौशल कुमार, उम्र 30 वर्ष, पिता राजेश यादव, ग्राम धनवा, थाना हिसुआ , जिला नवादा के रूप में हुई है। मृतक के पास से कोई भी रेलवे यात्रा का टिकट नहीं मिला। कोडरमा ऑन ड्यूटी स्टेशन मास्टर ने बताया गया कि लोको पायलट ने बताया गया कि एक व्यक्ति आत्महत्या करने के उद्देश्य से गाड़ी के आगे आकर कूद गया था। जीआरपी कोडरमा ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया गया।

राहुल गांधी ने हमेशा जन मुद्दे उठाये : शशि भूषण

बढ़ती लोकप्रियता से घबरा गयी है भाजपा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि भूषण राय ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी को सरकार परेशान किये जाने पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि भाजपा राहुल गांधी को डराने के प्रयास में पूरी तरह से विफल रहेगा, क्योंकि राहुल गांधी को सत्ता से नहीं जनता से प्यारा है। जिस तरह से सत्ता का दुरुपयोग कर बीजेपी उनके द्वारा उठाये गये जन मुद्दों पर मौन है, उससे यह साफ जाहिर होता है कि केंद्र सरकार ने पूंजीपति मित्रों को फायदा पहुंचाया होगा।

शशि भूषण राय ने कहा कि राहुल गांधी के स्पष्ट सवाल पूछे जाने पर उन पर सरकार विभिन्न तरीकों से दबाव बनाने की कोशिश कर रही है। भारत जोड़ो यात्रा के बाद से केंद्र की भाजपा सरकार उनकी बढ़ती लोकप्रियता से घबरा गयी है, जबकि राहुल गांधी किसानों, मजदूरों, ट्रक ड्राइवर, मेकैनिक एवं समाज के हर वर्ग से मिल रहे हैं और सीधा संवाद स्थापित कर रहे हैं। देश की जनता राहुल गांधी जी के साथ है और हम सभी कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ता भाजपा की यह सच्चाई जनता के समक्ष लायेंगे।

चुटूपालू घाटी में ट्रक-बाइक दुर्घटनाग्रस्त, दो की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। रांची-पटना मुख्यमार्ग अंतर्गत फोरलेन के चुटूपालू घाटी में गुरुवार की सुबह करीब 8 बजे माल वाहक एक एलपी ट्रक संख्या यूपी 66टी 7090 का अचानक ब्रेकफेल हो गया। इससे ट्रक अनियंत्रित होकर एक बाइक संख्या जेएच 02एबी 4737 में सवार को रौंदते हुए पलट गया। इससे ट्रक के चालक व बाइक सवार एक महिला की मौत हो गई। जबकि ट्रक के खलासी व बाइक सवार की हालत गंभीर है। दोनों का इलाज रिम्स में चल रहा है। दुर्घटना में ट्रक के खलासी का एक पैर कट गया है। मृतक महिला हजारीबाग जिले के कंचनपुर गांव निवासी आरती देवी बताया गया है। वह अपने पति अजीत महतो के साथ बाइक से हजारीबाग लौट रहे थे। मृतका के पति रिम्स में गंभीर स्थिति बनी हुई है। घटना के संबंध में बताया गया कि रांची की ओर से तेज रफ्तार से आ रहे मालवाहक ट्रक का ब्रेकफेल होने के बाद चालक ने आगे-पीछे चल रहे कई वाहनों को बचाने की कोशिश की। इसी बीच ब्लैक स्पाट ललकी घाटी मोड़ के पास ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क से गुजर रहे बाइक को चपेट में लेते हुए पलट गया। मौके पर में घाटी गश्ती कर रहे रामगढ़ थाने के एएसआइ उदय यादव सदलबल वहां पहुंचकर एनएचएआइ विभाग के सहयोग से राहत कार्य शुरू करते हुए करीब एक घंटे के मशक्कत के बाद ट्रक के केबिन में फंसे चालक व खलासी को बाहर निकाला। इस दौरान चालक का दोनों पैर व खलासी का एक पैर कटकर अगल हो गया था। पुलिस ने बाइक सवार पति-पत्नी व ट्रक के चालक व खलासी को एनएचएआइ के एंबुलेंस से इलाज के लिए सीधे रिम्स भेजवाया। जहां इलाज के क्रम में बाइक सवार महिला व ट्रक चालक की मौत हो गयी।

फर्जी डीटीओ सहित चार आरोपी अवैध वसूली में गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। दुमका जिले की टाउन थाना पुलिस ने फर्जी तरीके से वाहन चेकिंग ने नाम पर अवैध वसूली करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी में टाउन थाना क्षेत्र के रहनेवाले राहुल कुमार यादव, मो तनवीर, मुफ्फसिल थाना क्षेत्र निवासी अली शेख और राहुल कुमार तुरी का नाम शामिल है। आरोपी के पास से बाइक, डीटीओ दुमका क्षेत्रीय परिवहनकारी का अंकित मुहर और पैड बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार बीते बुधवार को नगर थाना क्षेत्र के रहनेवाले भीम मरांडी ने लिखित शिकायत की थी कि राहुल कुमार और अन्य लोग अपने आपको डीटीओ, परिवहन पदाधिकरी बता कर वाहन चेकिंग के नाम पर पैसे की अवैध रूप से वसूली कर रहे हैं। पैसा नहीं देने पर इनका मोबाइल छीन लिया गया। मामले को लेकर टाउन थाना (कांड संख्या 168/2023) प्राथमिकी दर्ज की गयी। सदर एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। विशेष टीम ने छापेमारी करते हुए बक्सीबाध निवासी राहुल कुमार के घर से डीटीओ दुमका का मुहर, पैड, पीड़ित का मोबाइल और घटना में उपयोग किये गये काले रंग की पल्सर मोटरसाईकिल बरामद की। वहीं पुलिस ने फर्जीवाड़ा करने वाले राहुल कुमार को गिरफ्तार कर लिया। राहुल की निशानदेही पर सहयोगी राहुल कुमार तुरी, अली शेख और मो तनवीर को भी गिरफ्तार किया। पूछताछ के क्रम में आरोपी ने अपने द्वारा किये गये अपराध को स्वीकार किया है।

74वें वन महोत्सव पर कार्यक्रम का आयोजन, वन विभाग ने 700 पौधे लगाये

प्रकृति से ही हमारा जीवन जुड़ा है: अंबा प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता

भुरकुंडा। प्रकृति से ही हमारा जीवन जुड़ा है। हमें वन और वन्य जीवों से प्रेम करना चाहिए। त्योहार और उत्सवों पर हमें 10-10 पौधे लगाना चाहिए। जिससे प्रकृति की रक्षा हो सके। यह बातें बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने कही। भुरकुंडा पंचायत भवन के प्रांगण में वन विभाग के तत्वावधान में गुरुवार को 74वें वन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि अंबा प्रसाद शामिल हुई। इससे पूर्व उनके आगमन पर उनका फूल मालाओं से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में जिप उपाध्यक्ष रीता देवी, प्रखंड प्रमुख कौशल्या देवी, मुखिया अजय पासवान, पूर्व जिप उपाध्यक्ष दर्शन गंझू मौजूद रहे। अतिथियों का स्वागत बुके देकर किया गया। वहीं स्कूली बच्चों और लोक कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। अवसर पर अतिथियों ने कई फलदार और छायादार पौधरोपण किया गया। साथ ही स्थानीय लोगों के बीच पौधों का वितरण भी किया गया। स्वागत भाषण मुखिया अजय पासवान ने दिया। उन्होंने कहा कि वन विभाग के द्वारा पंचायत में 700 पौधे लगाये जा रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण काफी जरूरी है।वन विभाग द्वारा लगाये जा रहे पौधों की सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी है।

अपने संबोधन में विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि प्रकृति ही इश्वर है। आज कंपनियां आती है और पेड़-पौधों को हटा दिया जाता है। फैक्ट्रियों से कार्बन डाई ऑक्साइड निकलता है। जिससे प्रकृति में असंतुलन बढ़ रहा है। पेड़ पौधे हमें ऑक्सीजन देते हैं। इसलिए जरूरी है कि वन की रक्षा हो। प्रकृति की रक्षा के लिए सभी को पेड़ पोधे लगाने चाहिए। वहीं वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार ने कहा कि वन विभाग ने पतरातू प्रखंड में दो लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा हैं। प्रखंड क्षेत्र में कई पुरानी खदानें हैं। वन विभाग ऐसे बंद खदानों की भराई कराकर वृक्षारोपण का काम करेंगा। माईनिंग के नेगेटिव इंपैक्ट को अधिक से अधिक पेड़ लगाकर कम किया जा सकता है। कार्यक्रम में उप मुखिया संजीत राम, पंसस दीपक भुईया, चमनलाल, राजकिशोर पांडेय, सुजीत पटेल, चंदन साव, प्रेमनाथ विश्वकर्मा, पंकज कुमार, वनरक्षी संतोष कुम शर्मा, संतोष कुमार टोप्पो, अनिल कुमार, उत्तम कुमार, शैलेंद्र कुमार सिंह, ब्रजेश पंडा, लगनू राम, रोशन पासवान सहित सैकडों महिला-पुरुष मौजूद रहे।

500 रुपये की लालच दे किशोरी संग दुष्कर्म

आजाद सिपाही संवाददाता

पाकुड़। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के एक गांव की 15 वर्षीय लड़की के साथ दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। लड़की की मां ने कार्रवाई के लिए महिला थाना में आवेदन दिया है। पीड़िता की मां ने बताया कि वह बीड़ी बनाने का काम करती है। घटना के दिन बेटी को बीड़ी देकर बीड़ी मर्चेंट इस्माइल के पास भेजी थी। यह आठ माह पहले की बात है। उस दिन बीड़ी मर्चेंट ने पांच सौ रुपये का लालच देकर उनकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया। दुष्कर्म के बाद आरोपित ने पीड़िता को धमकी दी कि इस बारे में घरवालों को बताने की गुस्ताखी मत करना। इसी बीच किशोरी गर्भवती हो गयी।

बेहोशी की दवा खिला कर कराया गर्भपात

इधर तबीयत खराब होता देख मां ने बेटी से पूछा कि तुम्हारे पेट में अचानक से क्या हो गया है। इस पर उसने कुछ भी नहीं बताया। पीड़िता की मां ने बताया कि 11 जुलाई को सुबह करीब 10 बजे पुनः बेटी को बीड़ी देने के लिए बीड़ी मर्चेंट के घर भेजी। उस दिन आरोपित ने उनकी बेटी को चॉकलेट में नशीला पदार्थ मिला कर खिलाया, जिससे वह बेहोश हो गयी। फिर टोटो में बैठा कर किसी निजी नर्सिंग होम में गर्भपात करा दिया।

बेटी की हालत देख मां रह गयी दंग

लड़की जब घर आयी तो उसकी हालत देख मां दंग रह गयी। वह पूरी तरह से टूट चुकी थी, जिसके चलते उसने पूरी बात अपनी मां को बता दी। पीड़िता की मां ने महिला थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। इधर, महिला थाना प्रभारी रीतु रानी ने बताया कि इस तरह का मामला संज्ञान में नहीं आया है। अगर पीड़िता की मां ने आवेदन दिया है, तो उस पर शीघ्र ही कार्रवाई होगी।

शेष नारायण ओझा का किया गया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राष्ट्रीय युवा कांग्रेस ने झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रभारी की नियुक्ति कर दी गयी है। राष्ट्रीय सचिव शेष नारायण ओझा को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देते हुए झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस का प्रभारी बनाया गया है। प्रभारी का पदभार ग्रहण करते ही शेष नारायण ओझा द्वारा लगातार बैठक की जा रही है। गुरुवार को युवा कांग्रेस के महासचिव सह रांची विधानसभा के प्रभारी रोहित सिन्हा के नेतृत्व एवं अभिजीत राज की अध्यक्षता में प्रभारी शेष नारायण ओझा का स्वागत किया गया।

इस अवसर पर शेष नारायण ने कहा ने कहा कि भारत युवाओं का देश हैं। जिसमें युवा कांग्रेस संगठन के लिए हरावल दस्ते की तरह हर मोर्चे पर आगे बढ़ कर लड़ाई लड़ती हैं। उन्होंने जनहितकारी कार्यों में सक्रियता के साथ काम करने की अपील की। बेरोजगारी के बढ़ते आंकड़ों को बताते हुए देश के युवाओं की बात की एवं देश में बढ़ती बेरोजगारी के आंकड़े को बताते हुए निरंकुश केंद्र सरकार को घेरा। श्री रोहित ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की गरीब विरोधी नीति का परिणाम देश में महंगाई, बेरोजगारी का स्तर अपने चरम पर पहुंच गया है। युवा कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ता इन मुद्दों को लेकर जनता के बीच जायें। झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के रांची, देवघर, जामताड़ा, कोडरमा, रामगढ़ ,बोकारो, धनबाद, सरायकेला-खरसावां, गुमला, पश्चिमी सिंहभूम , दुमका, लातेहार, लोहरदगा, हजारीबाग, पूर्वी सिंहभूम जिला एवं लीगल सेल की समीक्षात्मक बैठक ली एवं आने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गयी। खूंटी जिला एवं मीडिया विभाग, कला एवं संस्कृति प्रकोष्ठ का समीक्षात्मक बैठक लेकर आने वाले कार्यक्रमों के लिए दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अभिजीत राज, कुमार रोशन, जमील अख्तर, गौरव सिंह, माइकल मींज, अनंत झा, रविंदर, कमलेश सहित अन्य मौजूद थे।

शार्ट सर्किट से लगी ट्रांसफार्मर में आग

बरकाकाना (आजाद सिपाही)। रामगढ पतरातू मुख्य मार्ग घुटुवा सर्विसिंग सेंटर के समीप लगा ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई। आग लगने के कारण अफरातफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी बिजली विभाग व अग्निशमन विभाग को खबर किया। सूचना मिलते ही बिजली विभाग के कर्मचारी घटना स्थल पर पहुंच कर लोगों को ट्रांसफार्मर के नजदीक जाने से रोका और घटना में कोई हताहत न हो इसलिए रामगढ़ पतरातू मुख्य मार्ग का एक तरफ के रास्ते को बंद किया, जिससे कारण यातायात व्यवस्था में परेशानी आई। अग्निशमन गाड़ी के द्वारा आग पर काबू पाया गया। आग लगने के कारणों के संबंध में जूनियर इंजीनियर अजय कपरदार ने बताया शॉर्ट सर्किट से आग लगी है।

AFFIDAVIT

As per affidavit Ref. No. 1317 dated 10.07.2023 I, **Laxminia Devi** wife of Sarwan Kumar, aged about- 51 years, Resident of village- Kathara Colony No. 04, Qtr,. No. MQ/471, Post- Kathara, P.S.- Gomia, District- Bokaro (Jharkhand) do hereby solemnly affirm and declare as follows:-

1. That, my Nationality is Indian.
2. That, in my Aadhar Card vide No. 6752 1704 6849 and PAN Card vide No. BKYPD6310B my name has been mentioned as Laxminia Devi.
3. That, in my Saving Bank Account of Bank of India Branch- Kathara, bearing A/c No. 479310110008452 my name has been mentioned as Laxmi Devi.
4. That, aforesaid both names as Laxminia Devi and Laxmi Devi are of one and same woman i.e. myself.
5. That, I am swearing this affidavit to produce it before authority concern for needful purpose.
6. That, the contents made in this affidavit are true and correct, if same is found false, then I shall be liable to be punished in the eye of law.

सेवा विस्तार पर सवाल

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को दिए एक महत्वपूर्ण फैसले में केंद्र सरकार की ओर से प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के मौजूदा डायरेक्टर को दिया गया सेवा विस्तार अवैध करार दिया। इडी के डायरेक्टर को मिले सेवा विस्तार पर पहले से ही राजनीतिक विवाद चल रहा था, लेकिन कोर्ट का यह आदेश कुछ अन्य वजहों से भी अहम माना जा रहा है। पहली बात है, फैसला देते हुए बरती गयी बारीकी और न्यायिक संतुलन। यह मामला जटिल इसलिए भी था कि इसमें सिर्फ इडी प्रमुख को दिये गये सेवा विस्तार पर ही विचार नहीं करना था, बल्कि इससे सरकार के अधिकार का मामला भी जुड़ा था। केंद्र ने साल 2021 में सेंट्रल विजिलेंस कमिशन (सीवीसी) एक्ट और दिल्ली स्पेशल पुलिस इस्टैब्लिशमेंट (डीएसपीइ) एक्ट में संशोधन के जरिए सीबीआइ और इडी के प्रमुखों को पांच साल की अवधि पूरी होने तक एक्सटेंशन देने का अधिकार हासिल कर लिया था। इसे भी चुनौती दी गयी थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने अपनी सीमाओं का ध्यान रखते हुए इस मामले में दखल देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि विधायिका का कोई कार्य या फैसला न्यायिक समीक्षा की जद में तभी आता है, जब या तो इससे मौलिक अधिकार प्रभावित हो रहे हों या यह स्पष्ट तौर पर पक्षपातपूर्ण लगे। चूंकि मौजूदा मामले में इस तरह की कोई बात नहीं है, इसलिए इस संशोधन पर एतराज करने की कोई जरूरत अदालत ने महसूस नहीं की। इडी प्रमुख को दिये जाने वाले एक्सटेंशन का मामला इससे अलग इसलिए था, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट पहले ही एक मामले में कह चुका था कि उन्हें नवंबर 2022 के बाद एक्सटेंशन नहीं दिया जाना चाहिए। ऐसे में यह सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन हो जाता है, जिसका अधिकार सरकार को नहीं है। दरअसल, मौजूदा इडी प्रमुख को जिस तरह से सेवा विस्तार दिया जा रहा था, उस पर सवाल पहले से ही उठ रहे थे। कोर्ट में सुनवाई के दौरान भी यह बात कही गयी कि इडी जैसी महत्वपूर्ण जांच एजेंसी का स्वतंत्र होना ही नहीं, उसका स्वतंत्र दिखना भी जरूरी है। यह बात इस तथ्य की रोशनी में ज्यादा अहम हो जाती है कि हाल के दिनों में इडी की कार्रवाई के दायरे में विपक्षी दलों और नेताओं से जुड़े मामले बड़ी संख्या में आये हैं। विपक्षी दलों की ओर से इन कार्रवाइयों को पक्षपातपूर्ण भी बताया जा रहा है। हालांकि कार्रवाई के औचित्य पर फैसला ऐसे आरोपों के आधार पर नहीं हो सकता। वह तो कानूनी प्रक्रिया की तार्किक परिणति से ही तय होता है, लेकिन जांच एजेंसियों की छवि हर संदेह से परे होनी चाहिए। इस संदर्भ में केंद्रीय गृहमंत्री का वह बयान महत्वपूर्ण है, जो उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद दिया। उन्होंने सही कहा कि जांच एजेंसी का प्रमुख नहीं, बल्कि उसका काम महत्वपूर्ण है। उम्मीद की जाये कि आगे सरकार का फैसला इन्हीं शब्दों और भावनाओं से निर्देशित होगा।

दरअसल, मौजूदा इडी प्रमुख को जिस तरह से सेवा विस्तार दिया जा रहा था, उस पर सवाल पहले से ही उठ रहे थे। कोर्ट में सुनवाई के दौरान भी यह बात कही गयी कि इडी जैसी महत्वपूर्ण जांच एजेंसी का स्वतंत्र होना ही नहीं, उसका स्वतंत्र दिखना भी जरूरी है।

अभिमत
आजाद सिपाही

वर्ष 2014-15 से पहले, बिजली की आपूर्ति में होने वाला घाटा आश्चर्यजनक रूप से 4.5 प्रतिशत था। हालांकि, 2014 में इस सरकार के कार्यभार संभालने के बाद से बिजली उत्पादन क्षमता में 185 गीगावॉट की प्रभावशाली वृद्धि की गयी है। इसके साथ भारत बिजली की कमी वाले देश की जगह अधिशेष बिजली वाला देश बन गया है। आज हमारी कुल स्थापित क्षमता 417 गीगावॉट है, जोकि 222 गीगावॉट की चरम मांग से लगभग दोगुनी है।

मोदी सरकार के 9 साल: विद्युत क्षेत्र का संपूर्ण कायाकल्प

आरके सिंह

पिछले 9 वर्षों के दौरान, मोदी सरकार ने विद्युत क्षेत्र में उल्लेखनीय बदलावों को संभव बनाया है। निरंतर लोड शेडिंग और बिजली की कमी वाले दिन अब इतिहास हो गये हैं। वर्ष 2014-15 से पहले, बिजली की आपूर्ति में होने वाला घाटा आश्चर्यजनक रूप से 4.5 प्रतिशत था। हालांकि, 2014 में इस सरकार के कार्यभार संभालने के बाद से बिजली उत्पादन क्षमता में 185 गीगावॉट की प्रभावशाली वृद्धि की गयी है। इसके साथ भारत बिजली की कमी वाले देश की जगह अधिशेष बिजली वाला देश बन गया है। आज हमारी कुल स्थापित क्षमता 417 गीगावॉट है, जोकि 222 गीगावॉट की चरम मांग से लगभग दोगुनी है। परिणामस्वरूप, भारत अब पड़ोसी देशों को बिजली का निर्यात कर रहा है। पारेषण (ट्रांसमिशन) के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। वर्ष 2013 के बाद से, लगभग 2 लाख सर्किट किलोमीटर तक फैली पारेषण लाइनों का एक व्यापक नेटवर्क स्थापित किया गया है, जो पूरे देश को एक ही आवृत्ति (फ्रीक्वेंसी) पर संचालित होने वाले एक एकीकृत ग्रिड से जोड़ता है।

ऊर्जा रूपांतरण की दिशा में प्रयास के तहत हमने ताप विद्युत संयंत्रों में तापीय ऊर्जा के साथ नवीकरणीय ऊर्जा की बंडलिंग और बायो-मास को-फायरिंग की अनुमति दी है।

इन पारेषण लाइनों में 800 केवी एचवीडीसी जैसी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल किया गया है और ये समुद्र तल से 15000-16000 फुट की ऊंचाई पर स्थित श्रीनगर-लेह लाइन सहित कुछ सबसे चुनौतीपूर्ण एवं दुर्गम इलाकों से होकर गुजरती हैं। बिजली स्थानांतरित करने की यह क्षमता 2014 में मात्र 36 गीगावॉट की थी। स्थानांतरण की इस क्षमता की सहायता से वितरण कंपनियों को देश भर में किसी भी उत्पादक कंपनी से प्रतिस्पर्धी दरों पर अधिकतम बिजली खरीदने की सहूलियत मिल गयी है। इसके परिणामस्वरूप उपभोक्ताओं को सस्ती दरों पर बिजली मिलने लगी है।

वर्तमान में स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता का 43 प्रतिशत हिस्सा यानी कुल 180 गीगावॉट गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से आता है। सबसे कुशल उत्पादन स्टेशनों को पहले शैड्यूल करने संबंधी लचीलेपन की अनुमति देकर हमने उपभोक्ताओं के लिए बिजली की लागत कम कर दी है।

हमारी सरकार के सत्ता में आने से पहले, आजादी के 67 साल बाद भी 18,000 से अधिक गांव और कई बस्तियां बिजली से वंचित थीं। अगस्त 2015 में, प्रधानमंत्री मोदी ने 1000 दिनों के भीतर हर गांव को विद्युतीकृत करने के लक्ष्य की घोषणा की थी। लॉजिस्टिक से जुड़ी चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, सरकार ने निर्धारित समय से 13 दिन पहले ही यह लक्ष्य हासिल कर लिया। इस उपलब्धि को अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने 2018 में ऊर्जा क्षेत्र की सबसे महत्वपूर्ण खबर के रूप में मान्यता दी थी।

इस सफलता को आधार बनाकर आगे बढ़ते हुए सरकार ने हर घर को बिजली से जोड़ने का लक्ष्य रखा, जो उल्लेखनीय तरीके से 18 महीनों के भीतर ही हासिल कर लिया गया और कुल 2.86 करोड़ घरों को बिजली से जोड़ा गया। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की औसत उपलब्धता 2015 में 12 घंटे से बढ़ कर आज 22.5 घंटे हो गई है, जबकि शहरी क्षेत्रों में अब औसतन 23.5 घंटे बिजली की आपूर्ति हो रही है।

सरकार ने नवीकरणीय ऊर्जा पर अपना ध्यान केंद्रित करके पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी प्रदर्शित की है। वर्ष 2015 में, प्रधानमंत्री मोदी ने 2022 तक 175 गीगावॉट की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता स्थापित करने के लक्ष्य की घोषणा की थी। वर्तमान में, कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों के तहत अतिरिक्त 84 गीगावॉट के साथ भारत ने 172 गीगावॉट की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता स्थापित की है। इसके अलावा, भारत ने 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से 40 प्रतिशत बिजली उत्पादन क्षमता के निर्धारित समय से 9 साल पहले ही अपनी प्रतिबद्धता हासिल कर ली है।

वर्तमान में स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता का 43 प्रतिशत हिस्सा यानी कुल 180 गीगावॉट गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से आता है। सबसे कुशल उत्पादन स्टेशनों को पहले शैड्यूल करने संबंधी लचीलेपन की अनुमति देकर हमने उपभोक्ताओं के लिए बिजली की लागत कम कर दी है। ऊर्जा रूपांतरण की दिशा में प्रयास के तहत हमने ताप विद्युत संयंत्रों में तापीय ऊर्जा के साथ नवीकरणीय ऊर्जा की बंडलिंग और बायो-मास को-फायरिंग की अनुमति दी है।

100 किलोवाट या इससे अधिक जुड़े भार वाला कोई भी उपभोक्ता अब ऐसे उत्पादन संयंत्रों से नवीकरणीय ऊर्जा प्राप्त कर सकता है। जलविद्युत क्षेत्र, जो मंद पड़ा था, को लगभग 15 गीगावॉट की निमार्णाधीन परियोजना के साथ फिर से सक्रिय किया गया है। विद्युत चालित वाहनों (इवी) के लिए चार्जिग संबंधी अवसंरचना स्थापित करने के नियमों एवं दिशानिर्देशों को सरल बनाया गया है और घरेलू कनेक्शन से चार्जिंग संभव हो गयी है। संक्षेप में, मोदी सरकार ने विद्युत क्षेत्र में उल्लेखनीय बदलाव किये हैं। उत्पादन क्षमता के विस्तार, पारेषण नेटवर्क के प्रसार, बिजली को सुलभ बनाने, नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने और व्यापक सुधारों को लागू करने पर ध्यान देकर भारत ने इस क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। पर्यावरण, ऊर्जा दक्षता और सतत विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता ने भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर एक अग्रणी देश के रूप में स्थापित किया है। नवीकरणीय ऊर्जा के मामले में और ऊंचे लक्ष्य तथा उत्सर्जन में और अधिक कटौती करने के इरादे के साथ मोदी सरकार ने भारत के विद्युत क्षेत्र के भविष्य को सशक्त बनाने की दिशा में कदम बढ़ाना जारी रखा है।

(लेखक : केंद्रीय विद्युत मंत्री हैं।)

जमशेदपुर की खबरें

विधायक दीपक बिरुवा ने सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

पश्चिमी सिंहभूम (चाइबासा)। जिला के सदर प्रखंड के टोंटो गांव की कच्ची सड़क का निर्माण जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद से होगा। योजना का शिलान्यास गुरुवार को विधायक दीपक बिरुवा ने किया। विधायक ने कहा कि वह यहां की नदी पर पुल निर्माण की भी अनुशंसा करेंगे। इससे टोंटो पंचायत के साथ अमिता और डिलियामार्चा का सीधा संपर्क हो सकेगा। ग्रामीणों ने कहा कि बारिश में सड़क के कीचड़ से लथपथ हो जाने से पैदल चलना भी मुश्किल होता था। ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार जताया कि उनकी पहल पर गांव की कच्ची सड़क बन रही है। गांव की बड़ी समस्या विधायक ने दूर कर दी है। शिलान्यास कार्यक्रम में मुखिया सुनीता पूर्ति, मुंडा सुरेंद्र बानरा, उप प्रमुख प्रेम पूर्ति, तगड़ा बानरा, सुमी पूर्ति, बुधलाल बानरा सहित अन्य लोग शामिल थे। उल्लेखनीय है कि इस योजना के तहत गांव टोंटो में मंगल सिंह बानरा के घर से हरिचरण बानरा के घर तक 1.126 किमी पीसीसी सड़क बनेगी।

बैंक कर्मियों ने बहाली की मांग के लिए किया विरोध प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। बैंक इम्प्लॉइज फेडरेशन के आह्वान पर पूर्वी सिंहभूम जिला ईकाई के द्वारा विरोध दर्ज कराया गया। गुरुवार शाम बैंक इम्प्लॉइज एसोसिएशन के पदाधिकारी व कर्मचारियो ने बड़ौदा के क्षेत्रीय कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करते हुए पर्याप्त बहाली की मांग की। मौके पर सिंहभूम डिस्ट्रिक्ट बैंक इम्प्लॉइज एसोसिएशन के महासचिव सुजय राय ने बताया बैंक कर्मियो के मुख्य मांग बैंकों में बहाली है। बीते तीन सालों से बैंक आफ बड़ौदा में बहाली नहीं किया गया। फलस्वरूप कर्मचारियों पर काम के बोझ बढ़ते जा रही हैं। उन्होंने कहा जिसके कारण ग्राहक सेवा भी बाधित हो रही है। उन्होंने कहा जल्द बैंकों में पर्याप्त बहाली नहीं हुई तो बैंक कर्मी तेज आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस अवसर पर सुब्रत कुंडु, मनोतोष चक्रवर्ती,अनंतों भुंई, कमलेश 2 सिंह, बिष्णु, मुकुल सारीन, रोहित सिंह ,ग्रेगरी टोप्पो,अरुप बरुआ, प्रकाश, मनोहर सहित दो दर्जन से ज्यादा बैंक कर्मी और यूनियन पदाधिकारी शामिल रहे।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता से शहर लौटने पर पूर्व विधायक ने खिलाड़ियों का किया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। धनबाद में 19वीं झारखंड स्टेट जूनियर वूशु चैंपियनशिप में पूर्वी सिंहभूम जिले के खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीतकर झारखंड सहित देश का मान बढ़ाया। गुरुवार को शहर लौटने पर टाटानगर स्टेशन में पूर्व विधायक कुणाल सारंगी ने सभी खिलाड़ियों को फूलमाला व अंगवस्त्र भेंटकर बधाई दी। झारखंड स्टेट जूनियर वूशु चैंपियनशिप में पूर्वी सिंहभूम जिले के पदक जीतने वाले में खिलाड़ी यमुना लोहार (गोल्ड मेडल), प्रियंका मोदक (सिल्वर मेडल), प्राप्ति महतो (ब्रांऊच मेडल), एमडी ताथीर अहमद (ब्रांऊच मेडल) एवं नाजिया इमाम (ब्रांऊच मेडल)

शामिल है। प्रतियोगिता में पूर्वी सिंहभूम जिले का नेतृत्व जिला सचिव गोकुल आनंद मिश्रा और सहसचिव विजय सोय ने किया। साथ ही कोच और मैनेजर के रूप में आनंद कुमार और राजू कर्मकार शामिल रहे। टाटानगर रेलवे स्टेशन पर सभी पदक विजेताओं को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत कर शुभकामनाएं दी गई। पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने सभी खिलाड़ियों को पदक जीतने पर बधाई दी। उन्होंने कहा युवाओं को खेल के माध्यम से शारीरिक गठन का सही प्रयोग करना चाइए। उन्होंने कहा मेहनत करने पर सफलता जरूर मिलती है। जिसे जिले के खिलाड़ियों ने एक बार फिर से साबित कर दिखाया। वहीं पूर्वी सिंहभूम जिले के वुशू खिलाड़ियों को कई राजनेताओं और समाजसेवियों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करने पर बधाई और उज्जवल भविष्य के लिए कामना की। मौके पर भाजपा नेता नीरज सिंह, समाजसेवी संतोष गुप्ता, विजय सिंह, भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विमल बैठा, ओम प्रकाश रजक, जीतू कुमार, आकाश श्रीवास्तव, अमरजीत सिंह, विक्की सोना, शैलेंद्र शर्मा, तहसीन हाशमी समेत अन्य शामिल रहे।

प्रो. जयप्रकाश वर्मा ने चलाया जनसंपर्क अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

खोरीमहुआ (गिरिडीह)। गांडेय के पूर्व विधायक प्रो. जयप्रकाश वर्मा धनवार प्रखंड के कई गांवों के लोगों से मिलते हुए चंद्रखो गांव में एक श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल हुए। श्राद्ध कर्म से लौटने के क्रम में वे धनवार प्रखंड के बरवाडीह बरजो कोडाडीह में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकताओं से मिले। मौके पर उन्होंनें धनवार के सभी मंडलों के झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यकताओं

को लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने को कहा।पत्रकारों के चुनाव लड़ने संबंधी सवाल के जवाब में प्रो. वर्मा ने कहा कि पार्टी हाईकमान का जो निर्णय होगा, उसे हम स्वीकार करेंगे. क्योंकि हेमंत सोरेन की सरकार झारखंड में अच्छा कार्य कर रही है। कहा कि हेमंत सोरेन की उपलब्धियों को जनता के बीच रखेंगे और उनके अच्छे कार्य के आधार पर झारखंड मुक्ति मोर्चा आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव लड़ेगी। उन्होंने दावा किया कि झारखंड के 14 लोकसभा क्षेत्र में झारखंड मुक्ति मोर्चा विजय होगी ।

आयकर विभाग के अधिकारी पहुंचे महुआडांड़, बाजार में मचा हड़कंप

आजाद सिपाही संवाददाता

महुआडांड। आयकर विभाग के कुछ लोग महुआंडाड़ स्थित लोध जलप्रपात घुमने के लिए आये हुए थे। इसी क्रम वे सभी महुआंडाड़ मुख्य बाजार में रुक गये। इसकी सूचना महुआंडाड़ बाजार में आग की तरह फैल गई। सूचना प्राप्त होने के बाद पूरे बाजार क्षेत्र में हड़कंप मच गया और बहुत सारे लोगों ने अपनी अपनी दुकानें बंद कर दी। जबकि आयकर विभाग के लोग लोध फॉल घुमने आये हुए थे। इस क्रम में किसी रिश्तेदार के यहां रूके थे, जिसकी खबर बाजार में लग गई की छापामारी हो रही है, जिसके बाद बाजार क्षेत्र में घंटों के लिए दुकाने बंद हो गई। हालांकि कुछ घंटों के फिर दुकाने खोल दी गई। यह मामला सुबह लगभग के 11 बजे की है।

लापुंग में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

लापुंग। ग्रामीण विद्यार्थी मेघा प्रतिभा सम्मान समारोह 2023 कार्यक्रम का आयोजन प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग प्रांगण में सम्पन्न हुआ। इसमे लापुंग प्रखण्ड के मैट्रिक और इंटर के छात्र छात्राओं को प्रसस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक शिल्पी नेहा तिर्की और विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री सह कांग्रेस उपाध्यक्ष झारखण्ड प्रदेश बन्धु तिर्की हुये। शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में विपरीत परिस्थिति में रह कर मेहनत करने वाले बच्चे लक्ष्य हासिल कर सकते है।एक सफल व्यक्ति बनने के लिए मेहनत हरेक क्षेत्र में जरूरी है। बन्धु तिर्की ने कहा कि शिक्षा का केंद्र एक मन्दिर है , इसमे ईमानदारी पूर्वक लक्ष्य निर्धारित कर पढाई करे लक्ष्य जरूर मिलेगा। मैट्रिक लापुंग प्रखण्ड टॉपर आरती नाग 93.20 % .द्वितीय सीमा कुमारी 93% ,तृतीय मनीषा कुमारी 92% प्राप्त किए,साथ ही इंटर लापुंग प्रखण्ड टॉपर सुमंती परधिया 80.60 %,द्वितीय खुशबू उरांव 78.80 %, तृतीय रवि साहू 78.40 % अंक लेकर लापुंग का नाम रोशन किया सभी को प्रसस्ति पत्र और

मेडल देकर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की द्वारा सम्मानित किया गया। इसके अलावे लापुंग प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग, ककरिया, महुगाव, महुगाव खास, लेटे, सरसा, कोयनारा,गाड़ा लोधमा व इंटर महाविद्यालय लापुंग से इंटर और मैट्रिक के सैकड़ो छात्र - छात्राओं को प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।विद्यालय की बच्चियों द्वारा नागपुरी गीत ओडियो पर रंगारंग कार्यक्रम किया गया। मौके पर जीप सदस्य हिंदिया टोप्पो , प्रमुख कंचन उरांव, मुखिया सविता उराँव, अमरेंद्र कुमार राय,प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एमानुएल जयवीरस लाकड़ा, अंचलाधिकारी अविनाश पूर्णेन्दु, बीपीओ , शिक्षा प्रसार पादाधिकारी सुनील कुमार केशरी, बीआरपी सीआरपी, विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली और अनेक कार्यकर्ता के अलावे सभी विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका और सैकड़ो बच्चे मौजूद थे ।

सरायकेला के गम्हरिया अंचल का अमीन 10 हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

सरायकेला। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने सरायकेला-खरसावां जिले के गम्हरिया अंचल के अमीन राज किशोर

भगत को 10 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथों धर दबोचा। एसीबी की टीम अंचल अमीन को गिरफ्तार कर जमशेदपुर ले गयी है।एसीबी की टीम गुरुवार को पूर्वाह्न करीब ग्यारह बजे सादे लिबास में ंचल कार्यालय पहुंची और अमीन राज किशोर भगत को 10 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथों दबोच लिया।

सुवर्ण वणिक समाज ने सांसद को सौंपा मांग पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिले के सुवर्ण वणिक समाज के केंद्रीय अध्यक्ष विश्वनाथ चन्द्र के नेतृत्व में समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने सांसद विद्युत वरण महतो से मुलाकात की। गुरुवार को मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने सांसद को एक सूत्री मांग पत्र सौंपकर केंद्रीय ओबीसी सूची में सुवर्ण वणिक समाज को सुचिबद्ध करने की मांग की।

महत्वपूर्ण न्यूज

एसपी ने कांडों के निष्पादन में सक्रियता बरतने वाले थाना प्रभारियों को किया सम्मानित

कांडी (आजद सिपाही)। पुलिस अधीक्षक गढ़वा की अध्यक्षता में बुधवार को मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में विगत माह में दर्ज कांड विशेष रूप से लूट, गृहभेदन, हत्या एवं बलात्कार के कांडों को निर्देशित किया गया। अपराध गोष्ठी के दौरान वर्ष 2023 में जून माह तक प्रतिवेदित कांडों के निष्पादन में सक्रियता एवं अभिरुचि दिखाने वाले थाना प्रभारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक गढ़वा के हाथों हरिहरपुर ओपी प्रभारी कुंदन कुमार सिंह को बीते जून माह तक प्रतिवेदित कांडों की तुलना में 20 फीसदी अधिक कांडों का निष्पादन करने हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। प्रशस्ति पत्र मिलने की खबर सुनने के पश्चात क्षेत्र के बुद्धजीवी लोगों में खुशी व्याप्त है तथा सभी ओपी प्रभारी के द्वारा किये जाने वाले कार्यों की सराहना कर रहे हैं।

भाई की मारपीट से घायल परित्यक्ता बहन की मौत, भाई हुआ फरार

मेराल (आजाद सिपाही)। थाना मुख्यालय के रेलवे स्टेशन के समीप मधुरी टोला में मामूली विवाद में एक भाई की मारपीट से घायल परित्यक्ता बहन की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार समसुद्दीन अंसारी का बेटा जन्नत अंसारी एवं परित्यक्ता बेटी रईसा बीबी के बीच बुधवार की सुबह मामूली विवाद में तू तू मैं मैं होते हुए मारपीट होने लगी। इसी बीच जन्नत ने अपनी बहन रईसा को उठाकर पटक दिया। जिससे रईसा बुरी तरह घायल हो गई। हो हल्ला पर पहुंचे समसुद्दीन ने घायल रईसा को मेराल अस्पताल लेकर पहुंचे जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। आनन-फानन में लोग उसे लेकर गढ़वा सदर अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्साकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रिम्स रेफर कर दिया। रांची ले जाने के क्रम में रईसा ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। इसकी जानकारी मिलने के बाद गुरुवार की सुबह थाना प्रभारी नीतीश कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक अजीत कुमार दल-बल के साथ मृतक के घर पहुंच शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेजा दिया। थाना प्रभारी नीतीश कुमार के अनुसार मृतका के पिता समसुद्दीन अंसारी के आवेदन पर जन्नत अंसारी के विरुद्ध मेराल थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। उन्होंने बताया कि जन्नत अंसारी फरार है, जिसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। बता दें कि परित्यक्ता रईसा बीबी अपनी अबोध एक लड़की तथा दो लड़कों के साथ पिता के यहां कुछ वर्षों से रह रही थी। इसी बात को लेकर विगत एक माह से भाई जन्नत के साथ रईसा का विवाद चल रहा था।

दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

मेराल (आजाद सिपाही)। थाना पुलिस ने दुष्कर्म करने के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि 12 जुलाई को एक युवती द्वारा मेराल के छवनवा टोला निवासी सुशांत कुमार उर्फ सोमु 25 वर्ष पिता अजय राम पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया गया था। युवती के बयान तथा आवेदन के आधार पर मेराल थाना में कांड सं०-118 के अंतर्गत भारतीय दंड विधान की धारा 376(डी) के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया। कांड दर्ज होने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

सेल प्रबंधन ने विद्यालय में 341 बच्चों के बीच किया पठन-पाठन सामग्री का वितरण

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। सेल प्रबंधन ने सिंदुरिया पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय घाघरा में 341 बच्चों के बीच स्कूल बैग के साथ रबर, कटर, पेंसिल का वितरण किया। बैग का वितरण पंचायत के उप मुखिया वैस खान के विशेष आग्रह पर सेल प्रबंधन ने पेरीफेरीयल डेवलपमेंट के तहत सीएसआर विभाग से वितरण किया। इस अवसर पर विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भवनाथपुर महाप्रबंधक मनोज कुमार विशिष्ट अतिथि बीडीओ जयपाल महतो उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय प्रबंधन के द्वारा अतिथियों को गुलदस्ता भेंट कर किया गया। बैग वितरण के पश्चात महाप्रबंधक मनोज कुमार ने कहा सेल प्रबंधन अपने आसपास के क्षेत्रों में हमेशा कोई न कोई कार्यक्रम करते रहता है। बीडीओ जयपाल महतो ने सेल प्रबंधन के द्वारा इस स्कूल में वितरण किए गए बैग की सराहना की। मौके पर सेल के खान प्रबंधक भगवान पानीग्रही, डॉ विजय कुमार राम, कार्मिक प्रबंधक सह भू संपदा पदाधिकारी बुल्लू दिगल,उपमुखिया वैस खान ,सीआईएसएफ कमांडेंट आर के ठाकुर,राजेश कुमार, थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ,सहदेव शाह ,विद्यालय के प्रधानाध्यापिका उर्मिला कुमारी ,राकेश चौबे, उदय गुप्ता सहित लोग उपस्थित थे।

कार्यक्रम : अग्निकांड पीड़ित दुकानदारों को मंत्री ने सहयोग राशि प्रदान की

जनता के हर सुख दुख में हम साथ खड़े हैं : मंत्री मिथिलेश

चौधराना बाजार में हुई अगलगी की घटना में आठ सब्जी दुकान तथा गढ़देवी मोड़ पर ट्रांसफॉर्मर में आग लगने से चार दुकानें जलकर पूरी तरह राख हो गयी थी

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। शहर के चौधराना बाजार एवं गढ़देवी मोड़ पर हुए अग्निकांड पीड़ितों को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सहयोग राशि प्रदान किया। मंत्री श्री ठाकुर ने गुरुवार को पीड़ित दुकानदारों से मिलकर सभी दुकानदारों को सहायता राशि का बैंक ड्राफ्ट प्रदान किया।

ज्ञात हो कि गत कुछ माह पूर्व चौधराना बाजार में हुई अगलगी की घटना में आठ सब्जी दुकान तथा गढ़देवी मोड़ पर ट्रांसफॉर्मर में आग लगने से चार दुकान जलकर पूरी तरह राख हो गयी थी। इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए मंत्री श्री ठाकुर ने सभी दुकानदारों को सहयोग राशि देने की घोषणा की थी। इसके तहत मंत्री श्री ठाकुर ने गुरुवार को उक्त सभी 12 दुकानदारों चौधराना बाजार के मोतीचंद महतो, अवधेश राम, उमा देवी, ओमप्रकाश प्रजापति, अवधेश कुमार महतो, रामशीष कुशवाहा, सोनू कुमार, मोनू महतो तथा गढ़देवी मोड़ स्थित दुकान के दुकानदार मो. अमिनुद्दीन खान, शर्मिला देवी, मोनू कुमार एवं प्रिंस केशरी को सहयोग राशि प्रदान किया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि वे जनता के हर सुख दुख में हमेशा उनके साथ हैं। किसी भी प्रकार से लोगों को कोई परेशानी न हो इसके लिए वे हमेशा प्रयत्नशील रहते हैं। उन्हांने कहा कि अगलगी की घटना के बाद मिलने गये पीड़ित दुकानदारों से उन्होंने सहायता प्रदान करने का वादा किया था। वह आज पूरा किया गया। साथ ही मंत्री ने कहा कि हमेशा सब्जी बाजार में अगलगी की घटना होती रहती है। इस मामले में पुलिस पदाधिकारी को जांच करने का भी निर्देश दिया गया है।

मौके पर झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, विजय ठाकुर सहित काफी संख्या में दुकानदार एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

मंत्री ने किया झारखंड शिल्प मेला का उद्घाटन

गढ़वा (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार हस्त शिल्प को बढ़ावा दे रही है, हम आप भी हस्त शिल्प से बने उत्पाद को अपनायें। उक्त बातें गढ़वा विधायक सह मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने टाउन हॉल स्थित झारखंड शिल्प मेला के उद्घाटन के मौके पर कही। मेला का उद्घाटन करने के उपरांत मेला परिसर में ही आयोजित कार्यक्रम में वे शिरकत किये जहां उस कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत भी उनके द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर की गयी। उनके द्वारा मेला में लगाये गए स्टॉल का भी जायजा लिया गया। मौके पर मंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार की नजर सभी क्षेत्रों में है। झारखंड हस्त शिल्प का पूरी दुनिया में नाम है। अन्य राज्यों में इसका प्रोसेसिंग कार्य चल रहा है। वह दिन दूर नहीं जब हमारे राज्य में भी उत्पादन किया जाएगा, जिसका लाभ राज्य के लोगों को जरूर मिलेगा और एक छत के नीचे सभी लोग आकर एक साथ स्टॉल लगाकर हर घरेलू उपयोग का सम्मान सेल करेंगे।

नगर उंटारी रेलवे स्टेशन जल्द ही नये लुक में नजर आयेगा

धनबाद रेल मंडल ने पहले चरण का काम शुरू किया

आजाद सिपाही संवाददाता

बंशीधर नगर। नगर उंटारी रेलवे स्टेशन जल्द ही नये लुक में नजर आएगा। अमृत योजना के तहत इस स्टेशन को सजाने-संवारने का काम किया जाना है। 15 करोड़ की लागत से स्टेशन का काया कल्प करना है। इसे लेकर धनबाद रेल मंडल ने काम भी शुरू कर दिया है। स्टेशन पर यात्री सुविधा बढ़ाने का काम दो चरणों में होगा। पहले चरण के लिए टेंडर भी जारी कर दिया गया है। पहले चरण में गढ़वा टाउन, नगर उंटारी, रेणुकूट और चोपन स्टेशन के लिए 30 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न योजनाओं को पूरा किया जाना है। वहीं दूसरे चरण का भी टेंडर जल्द जारी किया जाना है। पहले चरण में फूट ओवर ब्रिज का निर्माण, पेंटिंग, रिवेन्टिंग के अलावे सहायक कार्य शामिल है।

इस संबंध में धनबाद रेल मंडल के पीआरओ पीके मिश्रा ने बताया कि नगर उंटारी रेलवे स्टेशन को उच्च क्वालिटी का स्टेशन बनाया जाना है। अमृत योजना के तहत इस स्टेशन का चयन हुआ है। उन्होंने बताया कि पहले चरण का टेंडर कार्य पूरा कर लिया गया है। दूसरे चरण का टेंडर भी जल्द होगा। उन्होंने बताया कि स्टेशन पर उच्च क्वालिटी यात्री सुविधा मुहैया कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि इंटीरियर वर्क, वेटिंग हॉल, प्लेटफॉर्म शेड, फ्लोरिंग, प्लेटफॉर्म एक्टेंसन, प्लेटफार्म शेड, 12 मीटर चौड़ा नया फुट ओवर ब्रिज, पेयजल सहित कई काम किया जाना है।

15 स्टेशन का हुआ है चयन

अमृत योजन के तहत धनबाद रेल मंडल के अंतर्गत आने वाले 15 स्टेशनों का चयन किया गया था। करोड़ों रुपये की लागत से चयनित स्टेशनों को विश्वस्तरीय बनाने की योजना है। सूची में कतरास और गोमो के अलावा गढ़वा रोड, डालटनगंज, कोडरमा, पारसनाथ, लातेहार, पहाड़पुर, हजारीबाग रोड, चोपन, रेणुकूट, नगर उंटारी, गढ़वा टाउन, बरकाकाना और चंद्रपुरा स्टेशन शामिल हैं। फुट ओवर ब्रिज, रिटायरिंग रूम, स्टेशन के बाहर की सड़क, पार्किंग, पार्क, एसी वेटिंग हॉल, प्लेटफार्म की लंबाई और ऊंचाई बढ़ाने, स्टेशन पर फूड कोर्ट सहित अन्य यात्री सुविधा बहाल होगी। पूरे स्टेशन की रंगाई-पुताई के दीवारों पर चित्रकारी भी कराने की योजना है। समाजसेवी धीरेंद्र चौबे नगर उंटारी रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधा बढ़ाने को लेकर कई बार सांसद, डीआरएम सहित अन्य पदाधिकारियों से मांग कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि यात्री सुविधा बढ़ने से पर्यटन क्षेत्र को भी बढ़ावा मिलेगा। विश्व प्रसिद्ध बंशीधर मंदिर में दर्शन के लिए देश के विभिन्न क्षेत्रों से लोग आते हैं। श्री बंशीधर नगर ऐतिहासिक व धार्मिक महत्व से जुड़ा हुआ है। साथ ही अनुमंडल का सबसे महत्वपूर्ण स्टेशन है।

लायंस क्लब विशाल ने पुलिस लाइन में लगाये दो सौ पौधे

पर्यावरण एवं जल संरक्षण के लिए हम सब को आगे आकर ज्यादा से ज्यादा पौधा लगाने की जरूरत है : एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल के द्वारा क्लब अध्यक्ष ला. डॉ कमलेश कुमार की अध्यक्षता में पुलिस लाइन गढ़वा में पुलिस प्रशासन गढ़वा के सहयोग से बड़े पैमाने पर पौधरोपण किया गया। इस पौधरोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गढ़वा पुलिस कप्तान अंजनी कुमार झा उपस्थित थे। पौधरोपण कार्यक्रम का शुभारंभ से पूर्व लायंस विशाल के अध्यक्ष डॉ कमलेश ने पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा एवं सार्जेंट मेजर गढ़वा ओमप्रकाश दास को पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। तत्पश्चात पौधरोपण में संयुक्त रूप सैकड़ों बेसकीमती एवं फलदार वृक्षों के पौधे लगाये गये। इस अवसर पर पुलिस कप्तान ने अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरण एवं जल संरक्षण के लिए हम सब को आगे आकर ज्यादा से ज्यादा पौधा लगाने की जरूरत है और उससे ज्यादा जरूरी है लगाए हुए पौधे को बचाना, तभी हम आने वाली अपनी पीढ़ियों को शुद्ध वातावरण, शुद्ध जल और शुद्ध ऑक्सीजन देकर उन्हें सुरक्षित कर सकते हैं। लायंस विशाल के अध्यक्ष ला. डॉ कमलेश कुमार ने कहा कि आज हमने दो सौ से अधिक पौधों को पुलिस लाइन गढ़वा में लगाये हैं और आगे और भी पौधे लगाने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। हम सब को अगर स्वस्थ और स्वच्छ रहना है तो हर व्यक्ति को खुद से आगे आकर अब ज्यादा से ज्यादा पौधा लगाना होगा, तभी स्वच्छ हवा और पानी हमें मिल सकता है।

पौधरोपण कार्यक्रम में मुख्य रूप से गढ़वा सार्जेंट मेजर ओमप्रकाश दास एवं झारखंड पुलिस के सैकड़ों महिला एवं पुरुष जवान के साथ साथ हमारे लायंस विशाल से डॉ यासीन अंसारी, डॉ ज्वाला प्रसाद सिंह, डॉ यूएन बरनवाल, डॉ अर्जुन विश्वकर्मा, डॉ मुन्नजीर अंसारी, डॉ अरसद अंसारी, ओमप्रकाश कांस्यकार, नन्दलाल प्रसाद गुप्ता, गिरीश कमलापुरी एवं अनेक निःशुल्क बैंक के संस्थापक सह क्लब पीआरओ शौकत खान समेत अन्य ने सराहनीय योगदान दिया है।

उपायुक्त ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण

गढ़वा (आजाद सिपाही)। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, गढ़वा शेखर जमुआर द्वारा जिला मुख्यालय में स्थित ईवीएम वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्ष, सचिव, प्रतिनिधि की उपस्थिति में वेयर हाउस खोल उनमें सुरक्षा व्यवस्था, ईवीएम का रखरखाव समेत अन्य बिंदुओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के क्रम में सुरक्षा व्यवस्था, ईवीएम का रखरखाव समेत अन्य संतोषजनक एवं निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार पाए गए। इस दौरान उपायुक्त ने सीसीटीवी, अग्निशामक समेत अन्य सुरक्षा मानकों की भी जांच की। निरीक्षण उप निर्वाचन पदाधिकारी अरुण उरांव, कोषागार पदाधिकारी राकेश कुमार अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

Office of the Executive Engineer
Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA
VERY SHORT TENDER e-Procurement Notice

Tender Reference No. DWSD/CTR/RRP/10/2023-24 (2nd Call) DT : 12.07.2023

Sl. No.	Particular	Details				
1	Name of Work	Changing of Ro tten Riser Pipe in I.M -II Drilled Tube Well with 32 mm Medium Class G.I Riser Pipe and Connecting Rod for Drilled Tube Well in Different Blocks of Chatra District on "TURNKEY BASIS" under D.W.&S. Division, CHATRA for the Year 202 3-24				
	Group No.	Qty.	Estimate Cost	Earnest Money	Cost of BOQ(Rs.)	Time of Completion
	CTR/RRP-03	73 Nos.	10,65,384/-	22,000/-	2,500/-	03 Months
2	Date of Tender Uploading in Website	15.07.2023 at 5:00 PM				
3	Last Date / Time for Submission of Tender Documents	21.07.2023 upto 5:00 PM				
4	Last Date & Time of Receiving EMD/Cost of BOQ (Hard Copy)	22.07.2023 upto 3:00 PM In the Office of - Executive Engineer, D.W.&S. Division, Chatra and Superintending Engineer, D.W&S. Circle, Hazaribagh.				
5	Date of Opening Tender	22.07.2023 at 5:00 PM				
6	Name & Address of Opening Officer	Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA (Jharkhand)				
7	Name & Address of Tender Inviting Authority	Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA (Jharkhand)				
8	Contact No. of Procurement Office	+91-9431325479, +91-9931972161 or 06541-253273				
9	Helpline No. of e -Procurement Cell	0651-2480345				

- Further details can be seen on & official website http://jharkhandtenders.gov.in.
- Estimated cost may increase or decrease.
- Undersign reserves the right to amend or withdraw any of the terms & conditions contained in the tender document or to accept or reject any or all the tenders without assigning any notice or reason thereof. The decision of the undersigned in this regard shall be final & binding on all.

Executive Engineer
D.W.&S. Division, CHATRA

PR 302232 Drinking Water and Sanitation(23-24)D

सरयू राय ने जीयर स्वामी से आशीर्वाद प्राप्त कर कथा श्रवण किया

श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। राज्य के जाने माने पर्यावरणविद सह प्रदेश के पूर्व मंत्री सह जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय व भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी ने बुधवार को पूज्य संत श्री श्री 1008 श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त कर कथा श्रवण किया। इस दौरान सरयू राय ने जमशेदपुर में अर्धनिर्मित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर के जीर्णोद्धार के विषय में चर्चा कर मार्गदर्शन मांगा। गुरुवार को प्रातः कालीन मंगला आरती में भी हिस्सा लिया। इस क्रम में श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ समिति की ओर से संरक्षक मंडल के सदस्य शारदा महेश प्रताप देव की अगुवाई में समिति के पदाधिकारियों ने सरयू राय व धर्मेंद्र तिवारी को स्मृति चिन्ह व पुस्तक प्रदान कर सम्मानित किया। मौके पर समिति अध्यक्ष वीरेंद्र चौबे उर्फ लाल चौबे, उपसचिव सुनील कुमार चौबे, लेखा प्रभारी धीरेन्द्र चौबे, सह मीडिया प्रभारी राधेरमण चौबे, स्वागत समिति के सदस्य राजेश कुमार देव उर्फ राजू सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

कार्यालयः– वन प्रमंडल पदाधिकारी, चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल
वन भवन, चतरा– 825401 (झारखण्ड)
Ph. & Fax (o) - 06541- 222303E-mail:- dfochatrasouth@gmail.com

प्राधिकृत पदाधिकारी चतरा के न्यायालय में चल रहे निम्नांकित अधिहरण वाद में दैनिक सामाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि जिस किसी व्यक्ति का जप्त वाहन एवं उस पर लदे वन पदार्थ है वे सुनवाई की अंतिम तिथि 26.07.2023 को प्राधिकृत पदाधिकारी चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल के न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करे। यदि निर्धारित तिथि को न्यायालय में उपस्थित नही होते है तो इन वादों में अंतिम रूप से अधिहरण का एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जाएगा।

क्र0 सं0	अधिहरण वाद संख्या	जप्त वन पदार्थ	जप्त वाहन की पंजीयन संख्या	अधिहरण वाद में अभियुक्तों का नाम एवं पता	जप्त वाहन का थाना कांड संख्या	जप्त वाहन का वन क्षेत्र पदाधिकारी का पत्रांक एवं दिनांक
1	08/2013	पत्थर कोयला लगभग 5/6 टन	लाल रंग का टुम्पु नं0–JH03C-6831	श्री मनोज प्रसाद साहु पिता ईश्वरी साहु, सा0– कोरियामपुर, थाना– बालुमाथ, जिला– लातेहार।	सिमरिया थाना काण्ड संख्या– 24/2013 दिनांक 07.05.2013	–
2	03/2016	साल बोटा– 38 पीस	ट्रक नं0– JH-01X-7351	अज्ञात	–	वन क्षेत्र पदाधिकारी, चतरा प्रक्षेत्र का ज्ञापांक 203 दिनांक 13.04.2016
3	04/2018	साल चौकठ– 8 पीस पटरा– 1पीस करम पटरा– 19 पीस	महेन्द्र सवारी गाड़ी नं0– JH03B-3240	अज्ञात	–	वन क्षेत्र पदाधिकारी, सिमरिया का पत्रांक 173 दिनांक 24.11. 2017
4	11/2018	साल बली– 45 पीस साल लोदरा– 100 पीस	सोनालिका ट्रैक्टर D.I.-35 बिना नं0 का, इंजन नं0– 3100FL53D48569F3 चेचिस नं0 GYASU488817S-3	अज्ञात	–	वन क्षेत्र पदाधिकारी सिमरिया का पत्रांक 152 दिनांक 16.07. 2018
5	22/2018	साल एवं करम लकड़ी का चिरान– 44 पीस	मैजिक गाड़ी नं0– JH-02X-9827	लालु यादव पिता सरयु यादव, सा0– विराजपुर, थाना– चतरा	सिमरिया थाना काण्ड संख्या– 75/2017 दिनांक 17.07.2017	–
6	13/2021	कोयला– 15 टन	1. ट्रक नं0– JH02AJ-4771 2. अपाची मोटर साईकिल नं0 JH01DM-9066 3. होण्डा स्कुटी नं0–JH01CB-4827	अज्ञात	पिपरवार थाना कांड संख्या– 08/2021 दिनांक 12.02.2021	–
7	07/2020	चिरान पटरा 72 पीस युकोलिप्टस 12 पीस	महेन्द्रा बोलेरो पिकअप मैक्सी सफेद रंग का बिना नं0 का एवं चेचिस नं0– MAIZA2ABA51A12111	अज्ञात	पिपरवार थाना कांड संख्या– 08/2021 दिनांक 12.02.2021	–

प्राधिकृत पदाधिकारी
–सह– वन प्रमंडल पदाधिकारी,
चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल

PR302278 (Forest, Environment and Climate Changes)23-24*D

प्रेस कांफ्रेंस : जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे गढ़वा, कहा

भारतीय जनतंत्र मोर्चा आगामी विधानसभा चुनाव में 35 सीटों पर लड़ेगा चुनाव

पूर्व की सरकार में अधिकारियों को मिला था लूट करने का संरक्षण इस सरकार के कार्यकाल में ईडी उन्हें भेज रही है जेल

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय दो दिवसीय दौरे पर गढ़वा पहुंचे। इस दौरान विधायक सरयू राय सर्किट हाउस में पत्रकारों से रूबरू हुए। सरयू राय ने बताया कि भारतीय जनतंत्र मोर्चा आने वाला विधानसभा चुनाव में पार्टी लगभग 35 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इसके लिए भारतीय जनतंत्र मोर्चा अभी से ही तैयारी शुरू कर दी है, उन्होंने बताया कि मोर्चा द्वारा राज्य के सभी जिलों में अभियान चलाया जा रहा है, उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य गठन के 23 साल बाद भी जो विकास होना चाहिए था, वह विकास नहीं हो पाया है। झारखंड राज्य में बीजेपी की सरकार होने के साथ जेएमएम की सरकार भी रही है। झारखंड में भाजपा की सरकार हो या जेएमएम की सरकार हो जनता को ठगने का काम किया है। पिछले रघुवर सरकार ने भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने का काम किया था, इन्हीं का रीजन है कि आईएस पूजा सिंघल मनरेगा घोटाले में सीबीआई के तहत कार्रवाई की गयी। उसी सरकार में आईएएस अधिकारी छवि रंजन जमीन घोटाले में जेल गये, हेमन्त सरकार दोषी नहीं है। इससे पूर्व की सरकार रघुवर दास ने घोटाला व भ्रष्टाचार को संरक्षण देने का काम किया है। आने वाला समय में पूर्व की सरकारों को जनता जवाब देने के काम करेगी।

मंत्री मिथिलेश ने गढ़वा की सूरत बदलने का काम किया है

उन्होंने कहा कि पिछले 25 वर्षों में गढ़वा में जो विकास नहीं हुआ है, वह विकास तीन वर्षों में गढ़वा विधायक झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कर दिखाया है। मंत्री ने तीन वर्षों के दौरान गढ़वा की सूरत बदलने का काम किया है, जैसे टाउन हॉल, फुटबॉल स्टेडियम, समाहरणालय पार्क, बाईपास सड़क बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि गढ़वा के लिए मिथिलेश ठाकुर नगर परिषद की सभी सड़कों को पक्कीकरण करने का कार्य कर रहे हैं, साथ ही गढ़वा में विकास की गंगा बहाने का काम किए हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड के किसी भी विधानसभा में इतना काम नहीं हुआ है। जितना काम गढ़वा विधानसभा में हुआ है। यहां के विधायक निस्वार्थ भाव से विकास का कार्य कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि अगर मिथिलेश ठाकुर को मौका मिला तो अगले पांच साल में गढ़वा को पूरी तरह से बदलने का काम करेंगे।

सांसद ने किया 3.5 करोड़ की लागत से तिरुलडीह में बने विद्युत पावर सब स्टेशन का उद्घाटन

केंद्र की योजनाओं में सहयोग करने के बजाय बाधक बन रही झारखंड सरकार : संजय सेठ

आजाद सिपाही संवाददाता

कुकरू। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत तिरुलडीह (कुदा) में गुरुवार को रांची के सांसद संजय सेठ, ईचागढ़ के विधायक सबिता महतो एंव जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा की उपस्थिति में 3.5 करोड़ रुपये की लागत से निर्माण किए गए विद्युत सब स्टेशन का उद्घाटन किया गया। सांसद संजय सेठ ने कहा कि इस पावर सब स्टेशन के चालू होने से आसपास के दर्जनों पंचायतों में विद्युत वितरण की व्यवस्था में सुधार हो सकेगा। ग्रामीण क्षेत्र को बेहतर बिजली मिल सकेगी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ज्योति योजना के तहत इस पावर सब स्टेशन का शिलान्यास तात्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास की ओर से किया गया था। राज्य की यूपीए सरकार भाजपा शासन के समय हुए शिलान्यास कार्य को अधर में लटका दे रही है। यह स्थिति बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। झारखंड के विकास की जो नींव रघुवर सरकार ने अपने कार्यकाल में रखी थी, उसी की झलक आज हम सबको देखने को मिलती है। यह इस सरकार की घोर लापरवाही है कि केंद्र सरकार की योजनाओं को पूर्ण नहीं होने देती, उसे रोकती है और फिर जनता के बीच झूठ बोलकर भ्रम फैलाने का काम करती है। इस मौके पर भाजपा नेत्री सारथी महतो, अनिता पारित, पूर्व जीप उपाध्यक्ष अशोक कुमार साव, झामुमो के केंद्रीय सदस्य काबलू महतो सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि ओर ग्रामीण उपस्थित थे।

विकास कार्यों का उद्घाटन करते रांची सांसद संजय सेठ व अन्य।

ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में कई योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास

ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार को रांची के सांसद संजय सेठ ने सांसद निधि से मिलन चौक में निर्मित सखी मंडल भवन का उद्घाटन किया। साथ ही बरदाडीह, सोहनडीह, नारो में पीसीसी पथ और सालूकडीह में चबूतरा का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर भरत चंद्र महतो, सारथी महतो, मदन सिंह सरदार, बलराम महतो, सच्चिदानंद महतो, अनीता पारीत, अजीत सिंह मुंडा, मनोरंजन महतो, अनिल सिंहा, यदुपति गोप, गुरुचरण महतो उपस्थित थे।

महत्वपूर्ण न्यूज

अवैध पिस्टल व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

खूंटी (आजाद सिपाही)। कर्रा पुलिस ने थाना क्षेत्र के लोधमा-नगड़ी रोड में गुरुवार को छापामारी कर हथियार के साथ डेविड सांगा नामक एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से देसी पिस्टल, कारतूस और दो मोबाइल फोन बरामद किया गया। इस बाबत तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ओम प्रकाश तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि बुधवार को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति अवैध हथियार और गोली के साथ लोधमा-नगड़ी रोड में भ्रमणशील है। जो किसी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। सूचना के आलोक में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसडीपीओ के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन कर हल्दी गढ़ा मोड़ के पास उसे गिरफ्तार किया गया। वह कर्रा थाना के कनसीली गांव का रहने वाला है। एसडीपीओ ने बताया कि डेविड सांगा का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ विभिन्न संगीन मामलों को लेकर कांके और कर्रा थाने में दो मामले दर्ज हैं। छापामारी दल में कर्रा के थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक संदीप कुमार, संजीव कुमार और मो शफीक खान के अलावा कर्रा थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन की बैठक में राजनीतिक दल में भागीदारी को लेकर चर्चा

खूंटी (आजाद सिपाही)। मुरहू प्रखंड के गनालोया गांव में गुरुवार को राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन की बैठक हुई, जिसकी अध्ययक्षता कार्यवाहक जिलाध्यक्ष नरेंद्र साहू ने की। बैठक में नए सिरे से प्रदेश और जिला कार्य समिति के गठन को लेकर समाज के लोगों से रायशुमारी की गई। गौरतलब हो कि दो जुलाई को गुमला में हुई महासंगठन की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में सर्वसम्मति से प्रदेश व सभी जिला कार्यसमिति को भंग कर दिया गया था। अब नए सिरे से प्रदेश और जिला कार्यसमिति गठन करने से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू सभी जिलों में जाकर समाज के लोगों से रायशुमारी कर रहे हैं। इसी क्रम में मुरहू में समाज के लोगों से चर्चा की गई। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सभी जिलों में रायशुमारी हो जाने के बाद अगस्त माह में प्रदेश कार्यसमिति और सभी जिलाध्यक्ष की घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि 99 फीसदी तेली समाज भाजपा को वोट देता है। फिर भी भाजपा तेली समाज के लोगों को बंधुआ वोटर समझकर उचित भागीदारी नहीं देती। अब भागीदारी नहीं तो वोट नहीं की तर्ज पर जागरूक वोटर होने का परिचय तेली समाज देगा। बैठक का संचालन कार्यवाहक जिला महामंत्री कुमार ब्रजकिशोर ने किया। बैठक में संदीप कुमार, विक्रम महतो, गौतम कुमार, राजकुमार महतो, अनिल महतो, तुलसी महतो, कौशल्या देवी, सरिता देवी, सावित्री कुमारी, बिंदिया कुमारी, संगीता कुमारी, कलावती देवी, रिंकी देवी आदि शामिल थे।

प्रखंडों में मिलेट्स जागरूकता कार्यशाला आयोजित

खूंटी (आजाद सिपाही)। डीसी शशि रंजन के निर्देश पर जिले के विभिन्न प्रखंडों में गुरुवार को मिलेट्स जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधि, सखी मंडल की दीदियां और प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। कार्यशाला के दौरान विशेष रूप से मिलेट्स उत्पादन को लेकर कृषकों को प्रेरित किया गया। साथ ही जनप्रतिनिधियों को इसको लेकर क्षेत्र के लोगों को जागरूक करने की अपील की गई। बताया गया कि मडुआ और रागी या ज्वार खूंटी के कृषक हमेशा से इन मोटे अनाजों की खेती करते आये हैं, ये अनाज यहां के लोगों के समुचित पोषण और उत्तम स्वस्थ्य का स्त्रोत रहे हैं। तोरपा प्रखंड सभागार में आयोजित कार्यशाला में बीडीओ दयानंद कारजी ने किसानों को मोटे अनाज जैसे मडुवा, गोड़ा धान आदि फसलों को लगाने के लिए प्रेरित किया गया। उप परियोजना निदेशक आत्मा खूंटी अमरेश कुमार ने फसलों की अधिक उपज के लिए कृषि तकनीक की जानकारी दी। मौके पर किसानों को प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, तोरपा एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक, तोरपा द्वारा विभाग की योजनाओं, पीएम किसान केसीसी एवं कृषि ऋण माफी योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रमुख रोहित सुरीन, उपप्रमुख संतोष कर आदि मौजूद थे।

सीआइएसएफ ने चोरी के रोलर समेत युवक को दबोचा

आजाद सिपाही संवाददाता

पिपरवार। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कोयला खदानों और कार्यालय की सुरक्षा में तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) ने गुरुवार की सुबह चोरी के लोहे के रोलर के साथ एक आरोपी को पकड़ कर स्थानीय पिपरवार पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान मोहम्मद इरशाद के रूप में हुई है। वह पिपरवार थाना क्षेत्र के बहेरा स्थित राजधर ग्राम का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह पिपरवार थाना क्षेत्र के सीएचपी/सीपीपी कोल वाशरी के समीप तीन चोर लोहे के रोलर की चोरी कर भाग रहे थे। इसी बीच वहां ड्यूटी में तैनात सीआइएसएफ के जवानों की नजर चोरों पर पड़ गयी। हालांकि जवानों को देखकर तीनों चोर मौके से भागने लगे। इसी बीच एक चोर भागने के क्रम में गिर गया, जिसे वहां मौजूद जवानों ने पकड़ लिया। पूछताछ के क्रम में उसने अपने दो अन्य साथियों का नाम बताया, जिसके बाद सीआइएसएफ के जवानों ने इसकी सूचना विभागीय अधिकारियों को दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सीआइएसएफ के अधिकारियों ने मामले की जानकारी ली और पकड़े गए चोर और जब्त किए गए करीब 10 लोहे के रोलर को स्थानीय पिपरवार पुलिस के हवाले कर दिया। इस मामले को लेकर सीआइएसएफ के आरक्षक जीडी आर्यन राय के फर्द बयान पर पिपरवार थाना में मामला दर्ज किया गया है। इधर, पिपरवार पुलिस ने थाना मे कांड संख्या 34/23 के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ के बाद उसे चतरा जेल भेज दिया है।

बचरा में 16-17 को लगेगा मतदाता पहचान पत्र शिविर

पिपरवार (आजाद सिपाही)। चतरा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी अबू इमरान के निर्देश पर आगामी 16 और 17 जुलाई को पिपरवार क्षेत्र के बचरा दक्षिणी पंचायत सचिवालय में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में मतदाता पहचान पत्र बनाने और शुद्धिकरण कराने का कार्य किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी ने बताया कि शिविर में पंचायत के लोगों का मतदाता सूची में नाम जोड़ने, मतदाता पहचान पत्र बनाने और सफेद कार्ड को रंगीन बनाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने पंचायत के सभी लोगों से इस शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

बीडीओ व उप प्रमुख ने किया कस्तूरबा स्कूल का निरीक्षण, मच्छरदानी वितरण का निर्देश

खूंटी (आजाद सिपाही)। मुरहू के बीडीओ मिथिलेश कुमार सिंह और उप प्रमुख अरूण साबू ने गुरुवार को कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया और विद्यालय में पठन-पाठन सहित अन्य गतिविधियों का जायजा लिया। बीडीओ के साथ सीडीपीओ संगीता कुजूर, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी शांति धान सहित अन्य मौजूद थे। इस दौरान में विद्यालय की शिक्षिका और छात्रा उपस्थिति पंजी की जांच की गई। बच्चियों की समय सारणी को लेकर बीडीओ ने प्राचार्या से जानकारी ली। साथ ही विद्यालय के स्वास्थ्य पंजी का अवलोकन कर बच्चियों के स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की गई। निर्देश दिए गए कि बारिश के मौसम में विद्यालय परिसर में डीटीटी का छिड़काव करें। साथ ही बच्चियों के लिए मेडिकेटेड मच्छरदानी और बरसात जनित बीमारियों के मद्देनजर स्कूल में दवा किट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बच्चियों को बताया कि जिन बच्चियों की उम्र 18 वर्ष हो गई है, उन्हें वोट देने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चियों का नाम वोटर लिस्ट में जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। शिक्षिकाओं की मांग के आलोक में खेल मैदान को मनरेगा के तहत समतलीकरण करने की बात बीडीओ ने कही।

पुरानीराय से बाबाधाम के लिए रवाना हुआ कांवरियों का जत्था

पिपरवार (आजाद सिपाही)। कोयलांचल क्षेत्र के पुरानी राय से बाबा बैद्यनाथ को जलार्पण करने के लिए कांवरियों का एक जत्था गुरुवार को बाबा नगरी देवघर के लिए रवाना हुआ। कांवरियों के इस जत्थे में शामिल धर्मनाथ महतो, राजेश महतो, प्रेम प्रसाद, मुकेश महतो, दीपक महतो, जलेश्वर महतो, पवन महतो, दिनेश महतो, रवि कुमार, अमलेश कुमार, मंटोक कुमार, प्रेम प्रजापति के साथ अन्य सभी श्रद्धालुओं का नाम शामिल है। बाबाधाम जाने से पूर्व सभी श्रद्धालु भक्त झारखंडी शिव मंदिर पुरानीराय में पूजा करने के बाद देवघर के लिए रवाना हुए। सभी कावरियों को तारकेश्वर महतो, दिलीप महतो एवं दीपक महतो ने यात्रा के मंगलमय होने की शुभकामना के साथ विदा किया।

दूसरे समुदाय के लोग सहनशीलता को हमारी कमजोरी न समझें : वीरेंद्र सोनी

चांपी के दिवरी पतरा में 15 जुलाई को होगी सनातन धर्मावलंबियों की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

कर्रा। पड़गांव स्थित बजरंगबली मंदिर प्रांगण में गुरुवार को विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल की बैठक विहिप के जिला मंत्री वीरेंद्र सोनी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में प्रखंड के 178 गांवों सनातन धर्मी उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से सनातन धर्म के मठ और मंदिरों में हो रहे आक्रमण से निपटने को लेकर विचार व्यक्त किया गया. जिला मंत्री वीरेंद्र सोनी ने कहा कि धर्म और मठ मंदिरों में हो रहे हमले को किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम अपने हक, अधिकार और धर्म की रक्षा के लिए जागे हुए हैं। हम लोग चाहते हैं कि किसी भी समस्या का हल बातचीत से और कानून के अधिकार में रहकर निकाला जाए। इसका मतलब यह नहीं कि हम कमजोर है या असंगठित है। उन्होंने कहा कि दूसरे समुदाय द्वारा मान मर्यादा को लांघने की कोशिश की जाएगी, तो हम भी चुप नहीं बैठेंगे। जिला मंत्री ने कहा कि सावन की पहली सोमवारी को बिकुवादाग चांपी गांव स्थित दिवरी पतरा में एक विशेष समुदाय द्वारा शिव भक्तों को जलाभषेक करने से रोका गया, जिसका बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में निंदा की। बैठक में निर्णय लिया गया कि वहां वस्तुस्थिति की जानकारी को लेकर 15 जुलाई को बिकुवादाग चांपी के दिवरी पतरा में एक विशेष बैठक आयोजित की जायेगी। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष विकास मिश्रा, नगेन्द्र सिंह, बिहारी सिंह, कुलेन्द्र सिंह, विनोद कुमार सिंह, रामप्रताप देव, महानन्द सिंह, सूरज महतो, शंकर महतो, शिवकुमार केशरी, रवि मेहता, राजेश महतो, सुधीर सिंह, गौतम केशरी, लालचंद महतो, विक्रम महतो, प्रदीप महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

खलारी में लोहा चोर सक्रिय, रोहिणी में काटा बैरियर

खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी में इन दिनों लोहा चोर काफी सक्रिय हैं। आवासीय क्षेत्र हो या सीसीएल का क्षेत्र, पूरा इलाका इनके लिए चारागाह है। रोहिणी वर्कशाप से कांटाघर जाने के रास्ते में भारी वाहनों के आवागमन के रोकथाम के लिए लगाया गया बैरियर चोर काटकर ले गए। कबाड़ी में इस पाइप की अनुमानित कीमत लगभग तीन हजार रुपये है। एसीसी कालोनी खलारी के एक क्वार्टर से लोहे का गेट चोरी हो गया। कई छोटी चोरियां तो प्रकाश में भी नहीं आ पाती हैं। क्षेत्र में कबाड़ी की कई दुकानें हैं। वहीं एक दर्जन से अधिक लोग रिक्शा, साइकिल से लोहा सहित दूसरे कबाड़ चुनकर कबाड़ की दुकानों में बेचते हैं। कहा जा रहा है कि कबाड़ चुनने वाले ही वीरान में पड़े लोहा की रेकी करते हैं और मौका देखते ही उसे काट लिया जाता है या उठा लिया जाता है। चूकि ज्यादातर चोरियां छोटी होती हैं, इसलिए मामला थाना तक भी नहीं पहुंच पाता है। लेकिन लोहा चोरों की सक्रियता से आम लोग परेशान हैं।

झारखंड स्टेट खो-खो चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए बुंडू की पांच छात्राएं गुमला रवाना

बुंडू (आजाद सिपाही)। झारखंड स्टेट खो-खो चैंपियनशिप 2023 में भाग लेने के लिए बुंडू कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की पांच छात्राएं गुरुवार को गुमला के लिए रवाना हुई। थ्रो बॉल फेडरेशन ऑफ झारखंड स्टेट खो-खो एसोसिएशन एवं जिला प्रशासन गुमला के सहयोग से आयोजित 17वीं सीनियर राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता गुरुवार से शुरु हुई जो 17 जुलाई तक गुमला के सिसई बालिका उच्च विद्यालय में चलेगी। इस स्टेट लेवल चैंपियनशिप में बुंडू कस्तूरबा की छात्रा निशा कुमारी, संतोषी कुमारी, भानु कुमारी, लक्ष्मी कुमारी और राहिल नाग रांची जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। इन छात्राओं का चयन हाल ही में हुए प्रदेश के रांची डिस्ट्रिक्ट लेवल चैंपियनशिप के दौरान हुआ था। छात्राओं की सफलता पर बुंडू के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रहमत अली, वार्डन भूमिका कुमारी, शारीरिक शिक्षिका सुनीता महतो, ज्योत्सना शांडिल एवं शिक्षिका चांदनी कुमारी ने खुशी जताते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

50 सरना धर्मावलंबी महिलाओं ने बाबा आम्रेश्वर धाम में की सामूहिक पूजा-अर्चना

खूंटी (आजाद सिपाही)। रांची जिले के मुड़मा सुरसा गांव के दिवंगत गुरु करा उरांव की 50 महिला शिष्य गुरुवार को गुरुमाता गंगी उराईन के नेतृत्व में बाबा आम्रेश्वर धाम पहुंची। सरना धर्मावलंबी महिलाओं ने धाम परिसर स्थित सभी मंदिरों में विधिवत पूजा-अर्चना की। गुरुमाता गंगी उराईन की यह महिला मंडली पूरे क्षेत्र में सरना धर्म के प्रसार-प्रचार करने में लगी। गंगी उराईन ने कहा कि कुछ लोग प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराने में लगे हैं।

विधायक विकास मुंडा ने किया स्कूल के तीन कमरे के भवन निर्माण का शिलान्यास

शिक्षा का अलख जगाने के लिए जारी रहेगा हरसंभव प्रयास : विकास मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

अड़की। प्रखंड के तिरला पंचायत के उच्च विद्यालय तूबिल में तीन रूम के भवन निर्माण का उद्घाटन तमाड़ के विधायक विकास कुमार मुंडा ने किया। उन्होंने कहा कि इस सुदूर क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। जिन विद्यालयों में वर्ग कक्ष की कमी है वहां भवन निर्माण के लिए अनुशंसा की जा रही है। अन्य शिक्षण सामग्री भी दिलाया जा रहा है, ताकि सभी बच्चे एक अच्छे वातावरण में शिक्षा ग्रहण कर सकें। विधायक ने बीरबांकी में जल्द डिग्री कालेज निर्माण करने की भी बात कही। उन्होंने मैट्रक व इंटर पास बच्चों को पुरस्कृत किया और फूटबाल दिया। मौके पर चामुं सिंह मुंडा, विधायक प्रतिनिधि मनोज मंडल, 20 सूत्री अध्यक्ष भोला लाल, अर्जुन मुंडा, अब्राहम सोए लेसमन टुटी, जनप्रतिनिधि खुशबू रानी भेंगरा, गीता सामद, लक्ष्मण टुटी, शिवनाथ मुंडा जावरा पहान चामु मुंडा, ग्राम प्रधान बुधराम पहान, प्रेम पहान बीडीओ आदि थे। दूसरी ओर, तुबील स्कूल में तीन कमरे के उद्घाटन कार्यक्रम में अड़की बीडीओ द्वारा सांसद प्रतिनिधि अनुप कुमार साहू व जिला परिषद को नहीं बुलाया गया। जिसे लेकर जन प्रतिनिधियों ने नाराजगी जाहिर की। इसकी शिकायत डीसी की बैठक में करने का निर्णय लिया गया है। जबकि शीलापट में केंद्रीय मंत्री सह खूंटी सांसद अर्जुन मुंडा का नाम भी अंकित है। परियोजना खूंटी जिला परिषद मद से किया गया है।

लाभुकों के बीच धोती-साड़ी का वितरण

खलारी (आजाद सिपाही)। बुकबुका पंचायत में गुरुवार को लाभुकों के बीच धोती साड़ी का वितरण किया गया। अशोक सिंह की जनवितरण प्रणाली दुकान में 25 लाभुकों के बीच धोती साड़ी का वितरण किया गया। उपमुखिया निलम मिंज ने लाभुकों के बीच धोती साड़ी का वितरण किया। जिन लाभुकों को धोती साड़ी मिला उनमें प्रतिमा एक्का, शिवपूजन प्रसाद, देवंती देवी, अंजलि कुमारी, माणिक दास, बजरंगी सिंह, पूजा कुमारी, मुकेश राम, परवीन एक्का, सुमित टोप्पो, मुन्नी देवी, जग्गू आदि षामिल है। इस अवसर पर जनवितरण दुकान संचालक अषोक सिंह, सुनील रावत, मोनू सिंह, ललित उरांव, रबुल खान सहित अन्य उपस्थित थे।

तमाड़ भाजपा ने चलाया महाजनसंपर्क अभियान

तमाड़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड के मानकीडीह गांव में भाजपाइयों ने शक्ति केंद्र संयोजक हरेकृष्ण प्रमाणिक के नेतृत्व में महाजनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने लोगों को बताया कि पूर्ववर्ती कांग्रेस के 55 वर्ष के शासनकाल में देश में जो कार्य नहीं हुआ वह महज 9 वर्ष के मोदी सरकार के कार्यकाल में हुआ है।

वर्षा नहीं होने से नगड़ी प्रखंड क्षेत्र के हजारों के किसान चिंतित, पानी पटाकर खेतों में लगा बिचड़ा बचाने में जुटे

पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र में पिछले 15 दिनों से वर्षा नहीं होने से क्षेत्र के हजारों किसान परेशान हैं। खेतों में छिंटे हुए बिचड़ा सुखने के कगार पर हैं। इस संबंध में नगड़ी निवासी महतो मुहल्ला के प्रगतिशील किसान राजेश महतो और जलधर महतो ने बताया कि नगड़ी प्रखंड क्षेत्र के नगड़ी, देवरी, नारो, साहेर, एडचोरो, सपारोम, चिपरा, लालगुटवा, कुदलोंग बलालोंग, उत्तरी टुडूंल, दक्षिणी टुडूंल और चेटे पंचायत के सैकड़ों किसानों ने निर्धारित समय के अनुसार धान का बिचड़ा (बीड़ा) किए हैं। अब ये बीड़ा लगातार पड़ रही तेज गर्मी और वर्षा के अभाव सुखते जा रहे हैं। किसानों के बीच यही चिंता सता रही है कि वर्षा होगी या नहीं। स्थानीय किसान रोज अपने खेतों में जाकर धान के बीड़ा को पानी दे देकर बचाने की कोशिश कर रहे हैं। अब प्रखंड के हजारों किसान वर्षा का इंतजार कर रहे हैं कि कब वर्षा हो और कब खेतों में धान के तैयार बिचड़े की रोपनी करें। नगड़ी के किसानों का कहना है कि अगर दो-तीन दिनों में वर्षा नहीं हुई तो खेतों में धान का बिचड़ा सुख कर मर जाएंगे।

रांची जिला सीनियर पुरुष-महिला खो-खो टीम घोषित

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। माघी बालिका उवि सिसई गुमला में 17वीं राज्य स्तरीय पुरूष-महिला खो-खो प्रतियोगिता 14 से 16 जुलाई तक आयोजित है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गत दिनों रांची जिला पुरूष-महिला खो-खो टीम की घोषणा रांची जिला खो-खो एसोसिएशन के महासचिव अजय झा ने की है। रांची की टीम प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गुरुवार को गुमला के लिए रवाना हुई। पुरूष टीम में विकास कुमार (कप्तान), विवेक कुमार (उपकप्तान), आदित्य कच्छप, रोहण उरांव, दीपक मुण्डा, प्रिंस कुमार, राहूल महतो, सुदेश कुमार, राहूल कुमार, विष्णु उरांव, अभिषेक महतो, सुचित कुमार, सुमित उरांव, सत्यवीर कु दास, अमन कुमार, प्रशिक्षक संजय कुमार, प्रबंधक कुलदीप सोरेंग शामिल हैं। जबकि महिला टीम में रिया कश्यप (कप्तान), सौम्या सेजल वर्मा (उपकप्तान), प्रीति रानी, दिव्या एक्का, पदमा कुमारी, प्रीति कुमारी, कावेरी कुमारी, भूमिका धनवार, लक्ष्मी कुमारी, निशा कुमारी, राहिल नाग, संतोषी कुमारी, भानू कुमारी, अनिता कुमारी, जयंती होरो तथा सुरक्षित खिलाड़ी में रोशनी कुमारी, हंसिका कुमारी, लवली कुमारी, प्रशिक्षक विवेक कुमार एवं प्रबंधक संगीता कुमारी शामिल हैं। वहीं डे बोर्डिंग खो-खो बालक वर्ग में विक्की लोहरा (कप्तान), निखिल कुमार (उपकप्तान), करण लोहरा, राकेश नायक, सन्नी कुमार, अभिषेक उरांव, रोहण कुमार, शिवम कुमार, रोहित कुमार, रोहित कु सिन्हा, आकाश कुमार, शिवा कुमार, रणवीर कुमार, सुरक्षित खिलाड़ीः समीर धनवार, रोहित लोहरा एवं प्रशिक्षक के रूप में अजय झा शामिल हैं।

अनुसूचित क्षेत्रों में पांचवी अनुसूची को पूर्णतः लागू किया जाये : उमेश बड़ाइक

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। ग्रामप्रधान संघ के जिलाध्यक्ष उमेश बड़ाईक नें पेसा अधिनियम के तहत घोषित झारखण्ड के अनुसूचित क्षेत्रों में अधिनियम के पांचवी अनुसूची के प्रावधानों को पूरी तरह लागू करने की मांग सरकार से की है। उन्होंने कहा कि इस अधिनियम के आने के बाद आदिवासी समाज काफी उत्साहित था कि अब जल, जंगल, जमीन पर उनका नियंत्रण होगा तथा स्वशासन का अधिकार मिल जाएगा। परंतु ऐसा नहीं किया गया। इस कानून में निहित प्रावधानों के अनुसार ग्रामसभा में ग्रामप्रधानों की नियुक्ति तो कर दी गई पर उन्हें वास्तविक अधिकार नहीं दिया गया। उन्होंनें यह भी कहा कि पेसा कानून के मुख्य प्रावधान पांचवी अनुसूची को अनुसूचित क्षेत्रों में आंशिक रूप से लागू किया गया है जबकि इसे पूरी तरह लागू किया जाना चाहिए था। ताकि ग्रामसभा क्षेत्र में जनजातीय समुदाय के अधिकारों की रक्षा हो सके। उमेश बड़ाईक नें पेसा कानून को पुर्णत लागू करने के लिए ग्रामसभा को सशक्त बनाने पर बल देते हुए कहा कि अनुसूची पांच के क्षेत्र में आने वाले ग्रामसभा को सशक्त किए वगैर इस कानून का कोई औचित्य नहीं रह जाता है।

झारखंड राज्य सब-जूनियर वुशु चैंपियनशिप में ऑक्सव्रिज स्कूल मांडर के छात्र अव्वल

मांडर (आजाद सिपाही)। टाटा समुदाय, धनबाद द्वारा झारखंड राज्य सब-जूनियर बुशु चैंपियनशिप का आयोजन 10 जुलाई 2023 को किया गया। जिसमें ऑक्सव्रिज स्कूल छात्र सुन्दरम तिग्गा तथा त्रिवेणी मिंज ने स्वर्ण पदक हासिल किया और राष्ट्रीय चैंपियनशिप प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया है। इससे पूर्व में आयोजित इसी प्रतियोगिता में ऑक्सव्रिज स्कूल मांडर के ही अमन कच्छप ने स्वर्ण पदक जीता था तथा उसे चंडीगढ़ में होनेवाली वुशु प्रतियोगिता के लिए चयनित किया जा चुका है। सुबह की प्रार्थना-समा में प्राचार्या ने विजेताओं को सम्मानित कर अन्य विद्याथियों के खेलकूद के लिए प्रेरित किया।

ग्रामीणों ने श्रमदान से नाला का किया निर्माण

इटकी (आजाद सिपाही)। किसानों एवं ग्रामीणों के लिए महत्वपूर्ण नाला, कोरांबी में डुमफू नाला से बरसात का पानी नदी पीड़ तक निकाले जाने को लेकर गुरुवार को श्रमदान से कच्चा नाला का निर्माण किया गया। निर्माण कार्य से पूर्व ग्रामीणों की एक बैठक ग्राम प्रधान बिनोद तिर्की की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में सरकारी स्तर पर करीब दो किमी लंबे इस नाले का पक्का निर्माण कराने की मांग की गयी। कार्यक्रम में पूर्व पंसस फागु उरांव, चारलैस किस्पोट्टा, बिरसा तिर्की, नाथुआ, आलोक व कलिंदर तिर्की सहित अन्य शामिल थे।

नरकोपी से कांवरियों का दल बाबाधाम रवाना

बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के नरकोपी क्षेत्र के मुकुंदा स्थित त्रिलोकीनाथ मंदिर से 35 कांवरियों का जत्था अजय कुमार साहू के नेतृत्व में बुधवार को बाबा धाम के लिए रवाना हो गया। इसके पूर्व कांवरियों ने त्रिलोकीनाथ बाबा के दरबार में मत्था टेका और आराधना किया। वहीं कांवरियों में क्रमशः जयप्रकाश साहू,कार्तिक महतो,श्रवण साहू,संदीप साहू,संजय साहू,मुकेश साहू व बुधना महतो समेत दर्जनों लोग शामिल हैं।

कार्यक्रम : खिजरी के पूर्व विधायक की 42वीं पुण्यतिथि पर मेधा सम्मान समारोह आयोजित

उमराव साधो कुजूर का कार्य हर वर्ग के लिए अनुकरणीय है : दीपक प्रकाश

कार्यक्रम में मैट्रिक और इंटर में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

नामकुम। खिजरी के पूर्व विधायक स्व. उमराव साधो कुजूर की 42वीं पुण्यतिथि नामकुम बाजार स्थित सदाबहार चौक पर धूमधाम से मनाई गयी। इस अवसर पर साधो कुजूर मेधा सम्मान समारोह का आयोजन उमराव साधो कुजूर मेमोरियल ट्रस्ट के द्वारा रेवल पैलेस में किया गया। जिसमें इस वर्ष मैट्रिक और इंटर में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। सर्वप्रथम नामकुम सदाबहार चौक स्थित स्व. उमराव साधो कुजूर की प्रतिमा की जनजाति रीति रिवाज से पाहन लोंदई पाहन ने पूजा अर्चना की। पूजा अर्चना कर लोगों ने स्व. कुजूर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद सह भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने उपस्थित मेधावी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुये कहा कि उन्होंने स्व. उमराव साधो कुजूर को देखा था और उनसे रूबरू होने का अवसर मिला था। वे मिलनसार और हमेशा मदद करने को तैयार रहते थे। उन्होंने मेधा सम्मान में उपस्थित बच्चों को बधाई देते हुये कहा कि जीवन में कोई भी काम असंभव नहीं है। कहा कि बच्चे मां-बाप के काम को उनकी अच्छाई को आगे बढ़ाते हैं। आरती कुजूर साधो कुजूर के काम को आगे बढ़ा रही हैं, यह देख कर खुशी होती है। उन्होंने बच्चों के उज्वल भविष्य की मंगलकामना करते हरसंभव मदद करने का भरोसा दिया।

विशिष्ट अतिथि तकनीकि विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार अमर कुमार चौधरी ने बच्चों को बधाई देते हुये कहा कि परीक्षा में केवल अच्छे नंबर आये ये जरूरी नहीं बल्कि अच्छे नंबर के साथ अच्छा इंसान बनना जरूरी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष चंदन कुजूर, स्वागत भाषण ट्रस्ट सचिव सुश्री श्वेता केरकेट्टा और संचालन खिजरी उपमुखिया सुजीत कुमार सिन्हा ने किया।

समारोह में लाल कालीशरण नाथ शाहदेव, कमल दास गोस्वामी, सुखदेव गोप, रामानंद पांडेय, मनोहर कुमार, प्रमोद सिंह, मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा, आरती कुजूर, आशीष ठाकुर, मंजुलता दुबे, बबिता वर्मा, सीमा सिंह, लक्ष्मी कुमारी, पुनीता राय, शकुंतला जयसवाल, रेणुका मुर्मू, जयश्री इंदवार, आरपी सिंह, बिरसा पाहन, माधुरी देवी, रेनू कुमारी, लतिका सोलंकी, शंकर मुंडा, अनिरुद्ध पांडेय, द्वायपन दास, बिमल सिन्हा, नरेश कुमार, संतु गोप, रमेश गुप्ता, दुर्गा जीतवाहन महतो, कौरियार, पुष्पा चौधरी, प्रज्ञा भारती, शिल्पी देवी, तेतरी कुजूर, शनिचरिया देवी, पुष्पा टोप्पो, आशा कच्छप, जमुना देवी, सुमरी देवी, अनिता कच्छप सहित हजारों लोग उपस्थित थे।

ओम कंट्रक्शन मिक्स प्लांट से फैल रहे प्रदूषण से ग्रामीण परेशान

इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने जल्द से जल्द समाधान नही होने पर प्लांट को बंद कराने का लिया है निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता

नामकुम। प्रखंड अंगर्गत हहाप पंचायत के सरवल गांव स्थित ओम कंट्रक्शन मिक्स प्लांट से इन दिनों जमकर प्रदूषण फैल रहा है। प्लांट से निकलने वाला विषैला धुआं ग्रामीणों को खासा परेशान किये हुये है और आसपास के गांवों में किसानों के लिये खेतों में काम करना कठिन होता जा रहा है। इससे पूर्व में हहाप पंचायत के

मुखिया नन्हे कच्छप ने ग्रामसभा कर प्रदूषण को नियंत्रित करने नहीं तो प्लांट बंद कराने का निर्णय लिया था। गुरुवार को सरवल गांव के ग्रामीणों ने आजाद सिपाही से बात करते हुये बताया कि गांव के लोग प्लांट से निकलने वाले धुएं से परेशान हैं। प्रदूषण के कारण लोगों का जीना दूभर हो गया है। ग्रामीण इस प्लांट से निकलने वाले प्रदूषण और जहरीले धुएं को बंद करने की मांग वर्षो से कर रहे हैं। प्लांट से निकलने वाले धुएं के कारण आसपास की जमीन बंजर हो गयी है। यह सिलसिला कई सालों से लगातार जारी है। लेकिन अबतक इस प्लांट से निकलने वाले प्रदूषण को रोकने की दिशा में प्रशासनिक पहल नहीं की गयी है। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने जल्द से जल्द समाधान नहीं होने पर प्लांट को बंद कराने का निर्णय लिया है। मौके पर हहाप मुखिया नन्हे कच्छप, ग्रामप्रधान लाल सिंह मुंडा, सुरेश महतो, गणेश महतो, सोमरा स्वांसी, आसीन मुंडा, हादु मुंडा, बिरसा महतो, सुखनाथ मुंडा, इंदर मुंडा, वीरेंद्र मुंडा, रवि मुंडा, चमर सिंह मुंडा, दिनेश, बबलू, बलराम, रोहित, सारदा के साथ दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

लापुंग प्रखंड में ग्रामीण विद्यार्थी मेधा प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

मैट्रिक-इंटर के सफल छात्र-छात्राओं को विधायक नेहा तिर्की ने किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

लापुंग। ग्रामीण विद्यार्थी मेधा प्रतिभा सम्मान समारोह 2023 का आयोजन प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग प्रांगण में हुआ। इसमें लापुंग प्रखंड के मैट्रिक व इंटर के छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक शिल्पी नेहा तिर्की व विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री सह कांग्रेस उपाध्यक्ष झारखण्ड प्रदेश बंधु तिर्की शामिल हुए। शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में विपरीत परिस्थिति में रह कर मेहनत करने वाले बच्चे लक्ष्य

हासिल कर सकते हैं। एक सफल व्यक्ति बनने के लिए मेहनत हरेक क्षेत्र में जरूरी है। बंधु तिर्की ने कहा कि शिक्षा का केंद्र एक मन्दिर है, इसमें ईमानदारी पूर्वक लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करें, लक्ष्य जरूर हासिल होगा। मैट्रिक लापुंग प्रखंड टॉपर आरती नाग 93.20%, द्वितीय सीमा कुमारी 93%, तृतीय मनीषा कुमारी 92% प्राप्त किए। साथ ही इंटर लापुंग प्रखंड टॉपर सुमंती परधिया 80.60%, द्वितीय खुशबू उरांव 78.80%, तृतीय रवि साहू 78.40% अंक लेकर लापुंग का नाम रोशन किया है। सभी को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की द्वारा सम्मानित किया गया। इसके अलावे लापुंग प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग, ककरिया, महुगांव, महुगांव खास, लेटे, सरसा, कोयनारा, गाड़ा लोधमा व इंटर महाविद्यालय लापुंग से इंटर और मैट्रिक के सैकड़ों छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की बच्चियों द्वारा नागपुरी गीत ओडियो पर रंगारंग कार्यक्रम किया गया। मौके पर जिप सदस्य हिंदिया टोप्पो, प्रमुख कंचन उरांव, मुखिया सविता उरांव, अमरेंद्र कुमार राय, प्रखंड विकास पदाधिकारी एमानुएल जयवीरस लकड़ा, अंचलाधिकारी अविनाश पूर्णेन्दु, बीपीओ, शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील कुमार केशरी, बीआरपी सीआरपी, विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली व अनेक कार्यकर्ता के अलावे सभी विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका व सैकड़ों बच्चे मौजूद थे।

कार्यक्रम : भाजपा ओरमांझी मंडल ने जनसंपर्क से जनसमर्थन कार्यक्रम में अमरनाथ चौधरी ने कहा

पीएम मोदी की कल्याणकारी योजनाएं ही 2024 में भाजपा की सरकार बनायेगी

ओरमांझी प्रखंड के चेतनबारी गांव में मोदी सरकार के 9 साल बेमिसाल, सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के बारे ग्रामीणों को बताया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

ओरमांझी। भारतीय जनता पार्टी ओरमांझी मंडल के द्वारा जनसंपर्क से जनसमर्थन कार्यक्रम चलाया गया। कार्यक्रम की अगुवाई भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी कर रहे थे। प्रखंड के चेतनबारी गांव में चलाए जा रहे इस अभियान में मोदी सरकार के 9 साल बेमिसाल, सेवा, सुशासन और

गरीब कल्याण के बारे ग्रामीणों को बताया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा अमरनाथ चौधरी ने कहा कि मोदी सरकार की सभी योजनाएं गरीबों के लिए बनायी गयी हैं। गरीबों को मोदी जी की योजनाओं का लाभ आसानी से मिला। एलपीजी गैस, जल नल योजना से मुफ्त पानी कनेक्शन, सौभाग्य योजना से बिजली, प्रधानमंत्री आवास से पक्का मकान, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना से मुफ्त राशन, आयुष्मान भारत योजना से 10.7 करोड़ लोगों को स्वास्थ्य बीमा, कोरोना वैक्सीनेशन अभियान के तहत 220 करोड से अधिक वैक्सीन डोज, स्वच्छ भारत मिशन के तहत 11.72 करोड़ शौचालय का निर्माण, प्रधानमंत्री किसान योजना से 12 करोड़ किसानों को सालाना 6000 रुपए, किसान क्रेडिट कार्ड योजना से 4 करोड़ किसानों को मिला 4.7 लाख करोड़ रुपए का ऋण। इस तरह से सभी लोग कोई न कोई योजना से लाभान्वित हैं।

कार्यक्रम में महामंत्री अलखनाथ महतो, उपाध्यक्ष सुनील कुमार, बोधनाथ महतो, मीडिया प्रभारी राज किशोर साहू, शिवचरन महतो, रामलखन महतो, शशि मेहता, मनोज महतो, मनेश महतो, उलाश महतो, अगमलाल मुंडा, जग्गू महतो, अंजनि देवी, किरण देवी, नवीन महतो आदि सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

महत्वपूर्ण न्यूज

राज्यसभा सांसद और सिमरिया विधायक से की औपचारिक मुलाकात

नामकुम (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश और सिमरिया विधायक रामकिसुन दास के साथ एससी मोर्चा रांची ग्रामीण जिला मंत्री सह सांसद प्रतिनिधि अशोक मुंडा और जिला मीडिया प्रभारी रामकुमार दुबे ने औपचारिक मुलाकात कर उन्हें गुलदस्ता भेंट किया और विकास कार्यों पर चर्चा की। वहीं, कुटियातू पंचायत के चटकपुर और सिदरौल गांव में 175 धुआं रहित लकड़ी चूल्हा का वितरण किया। मौके पर अशोक नायक ने कहा कि बीपीएल परिवार को धुआं रहित चूल्हा निशुल्क वितरण किया जा रहा है। कहा कि इस चूल्हे में कम लकड़ी में अधिक समय तक ताप रहेगा। मौके पर खिजरी विधानसभा सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, तुलसी गोप, पंकज कुमार, मनोज कुमार, आदित्य नायक, छोटू नायक, संजय ठाकुर, संतोष नायक आदि मौजूद थे।

मृतक के परिवार को खिजरी विधायक की ओर से पहुंचायी गयी सहायता

ओरमांझी (आजाद सिपाही)। ओरमांझी प्रखंड अंतर्गत बरवे बसाती के राजू उर्फ जफर अंसारी (45) का आकस्मिक देहांत हो गया था। मृतक का परिवार काफी गरीब है। विधायक को गरीब परिवार के बारे जानकारी दी गई थी। मृतक के परिवार को राजेश कच्छप की ओर से विधायक सलाहकार रमेश उरांव एवं हरी मोहन महतो के द्वारा 52 केजी चावल मुहैया कराया गया। मौके पर विधायक सलाहकार रमेश उरांव, हरी मोहन महतो, मनान अंसारी एवं मृतक की पत्नी, बच्चे एवं सामाजिक लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

सर्पदंश से महिला की मौत, दाह संस्कार के लिए मुखिया ने किया पांच हजार का सहयोग

ओरमांझी (आजाद सिपाही)। प्रखंड के मधुकमा, पथलगढ़वा निवासी कौशीला देवी (42) की करैत सांप के डंसने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात्रि 11 बजे कौशीला देवी के पैर में कुछ काटने का एहसास हुआ। नींद खुली तो देखा करैंत सांप था। महिला ने किसी प्रकार चीखते चिल्लाते हुए पैर को जोर से झटक दिया, जिससे सांप पैर से छूटकर बिस्तर से नीचे गिर गया। उनके परिजन सांप को पकड़ कर एक डब्बा में बंद कर दिये। महिला को घरेलू उपचार से ठीक करने का प्रयास किया गया। महिला की स्थिति बिगड़ता देख उपचार के लिए रिम्स ले जाया गया। बुधवार रात 2 बजे के आसपास महिला की मौत हो गई। गुरुवार को महिला के शव का पोस्टमार्टम कर मृतक के परिवार को सौंप दिया गया। मृतका के पति स्व. सुखदेव उरांव की भी मौत एक वर्ष पहले हो गई थी। मुखिया सुनिल उरांव के द्वारा परिवार को दाह संस्कार के लिए सहयोग के तौर पर 5000 रुपये का सहयोग किया गया। मृतक परिवार को आपदा प्रबंधन विभाग से उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन भी दिया। मृतका अपने पीछे दो बेटा और एक बेटी छोड़ गई है।

हुसिर रिंग रोड समीप नदी की जमीन पर भूमाफिया कर रहे कब्जा, सीओ ने जांच का दिया आदेश

कांके (आजाद सिपाही)। कांके अंचल अंतर्गत हुसिर गांव रिंग रोड समीप पूर्व दिशा के नदी की जमीन को भूमाफिया द्वारा अतिक्रमण कर कब्जा किया जा रहा है और इसे बिक्री करने की तैयारी की जा रही है। इस बाबत सबूत के साथ कांके पश्चिम पंचायत के पूर्व मुखिया अभिषेक राज ने कांके अंचलाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी को ज्ञापन देकर नदी की हो रही अतिक्रमित जमीन पर रोक लगाने की मांग की है। ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि हुसीर गांव के पुल रिंग रोड के दक्षिण दिशा में भूमाफियाओं द्वारा जमीन के साथ नदी का भी अतिक्रमण किया जा रहा है और इसे ऊंचे दामों पर इस जमीन को बिक्री करने की तैयारी की जा रही है। इसलिए नदी की जमीन पर हो रहे अतिक्रमण पर शीघ्र रोक लगायी जाए और भूमाफियाओं पर उचित कार्रवाई की जाए। आवेदन मिलने के उपरांत अंचलाधिकारी कांके ने हल्का संख्या 6 के राजस्व उपनिरीक्षक और अंचल अमीन को जांच का आदेश दिया है और कहा है कि उक्त भूमि की नापी करते हुए संयुक्त जांच प्रतिवेदन यथाशीघ्र उपलब्ध कराया जाए।

सुरसू मुखिया ने खराब पड़े सोलर अधारित मुख्यमंत्री जल नल योजना की करवायी मरम्मत

सिकिदिरी (आजाद सिपाही)। सुरसू पंचायत अंर्तगत हरजालूम और बंधुवाडीह गांव में पिछले चार पांच माह से खराब पड़े सोलर अधारित मुख्यमंत्री जल नल योजना की गुरुवार को मरम्मत करायी। पेयजल की समस्या को देखते हुए मुखिया सुमित्रा देवी ने मरम्मत कार्य कराया। जल नल योजना मरम्मती में आजसू पार्टी के पंचायत अध्यक्ष धर्मदेव रजवार, मुखिया प्रतिनिधि सह आजसू पार्टी प्रखंड उपाध्यक्ष श्यामसुंदर बेदिया, वार्ड सदस्य संदीप रजवार आदि का अहम योगदान रहा।

पंचायत समिति सदस्य ने निजी खर्च से खराब पड़े चपाकल की मरम्मत करायी

सिकिदिरी (आजाद सिपाही)। सिल्ली विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत टाटी पंचायत के दुपड़ू रोड में बहुत दिनों से खराब पड़े चापाकल की मरम्मत टाटी पूर्वी पंचायत समिति सदस्य सुधू बेदिया ने अपने निजी खर्च से करायी। चपाकल मरम्मत होने से ग्रामीण काफी खुश दिखे व पंसस का अभार व्यक्त किया। मौके पर सुधू बेदिया, निलेन्द्र बेदिया सहित ग्रामीण मौजूद थे।

पलामू टाइगर रिजर्व की स्थापना का उद्देश्य हुआ फेल : सरयू राय

आजाद सिपाही संवाददाता

पलामू। एक दिवसीय पलामू दौरे पर पहुंचे पूर्वी जमशेदपुर के विधायक और पूर्व मंत्री सरयू राय ने कहा कि पलामू टाइगर रिजर्व (पीटीआर) का 50वां स्थापना साल चल रहा है, लेकिन जिस उद्देश्य से पीटीआर की स्थापना की गयी थी, वह फेल हो गया है। वाइल्ड लाइफ वार्डन की भूमिका नहीं के बराबर रह गयी है। वाइल्ड लाइफ एक्ट का कोई प्रावधान यहां लागू नहीं होता। बुरी हालत है और दुर्दशा के बीच जैसे-तैसे यहां काम हो रहा है। उन्होंने प्रजनन काल का हवाला देकर तीन महीने के लिए पीटीआर के टूरिस्ट क्षेत्र में प्रवेश को हास्यास्पद बताया। उन्होंने कहा कि पीटीआर का दायरा 1129 वर्ग किलोमीटर में फैला है, लेकिन जिस क्षेत्र में टूरिस्ट आते जाते हैं, वह एरिया 54 वर्ग किलोमीटर का है। ऐसे में प्रजनन काल का हवाला देकर केवल 54 वर्ग किलोमीटर में प्रवेश रोकने का निर्णय मजाक की तरह है। बहुत पहले एक पत्र जारी हुआ था, उसी का हवाला देकर पार्क को बंद कर दिया जाता है। अन्य हिस्से में वाहन और लोगों का आना जाना लगा रहता है। विधायक सरयू राय ने कहा कि पहले खनन विभाग को वनों को नुकसान करने के लिए जिम्मेवार माना जाता था लेकिन यह गलत है। वन विभाग से वनों को ज्यादा नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि वनों को बचाने के लिए कम सौदा करने के लिए वन विभाग ज्यादा सक्रिय रहता है। सरयू राय ने यह भी कहा कि पीटीआर में सीआरपीएफ के कैंप ज्यादातर जंगलों में हैं और वहां के पदाधिकारियों और जवानों की बुरी नजर मजबूत और कीमती पेड़ों पर है। सीआरपीएफ इन पेड़ों की दुश्मन बन गयी है। सरयू राय ने बाघ और जंगलों को लेकर सरकार, वन विभाग और पीटीआर को सक्रियता से कार्य करने की सलाह दी है, ताकि 50 वर्ष पहले स्थापित इस टाइगर रिजर्व को पूर्व की तरह स्थापित किया जा सके। इस मौके पर ड्डारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी, शत्रुघ्न ओझा, दिलीप पांडे आदि उपस्थित थे।

एनआइए की मोस्टवांटेड सूची में शामिल है भाकपा माओवादी का जोनल कमांडर

10 लाख के इनामी नक्सली नीरज ने किया आत्मसमर्पण

हालांकि पुलिस ने आत्मसमर्पण की नहीं की है आधिकारिक पुष्टि

रांची/पलामू। एनआइए के मोस्टवांटेड नक्सली नीरज सिंह खेरवार उर्फ संजय ने आत्मसर्मण कर दिया है। पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र स्थित आबुन गांव निवासी नीरज सिंह खेरवार पिछले कई दिनों से पुलिस के संपर्क में था। भाकपा माओवादी के जोनल कमांडर नीरज खेरवार पर झारखंड सरकार ने 10 लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। फिलहाल नीरज खेरवार को गुप्त स्थान पर रख कर पुलिस की विशेष टीम उससे पूछताछ कर रही है। हालांकि नीरज खेरवार के आत्मसमर्पण किये जाने की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं की गयी है। बता दें कि झारखंड पुलिस के अलावा एनआइए ने भी नीरज खेरवार समेत कई अन्य नक्सलियों को मोस्ट वांटेड घोषित किया था। एनआइए ने उस पर चार लाख रुपये का इलाज घोषित किया था। नीरज सिंह खेरवार के खिलाफ लातेहार जिले के चंदवा में चार वर्ष पूर्व हुए चार पुलिसकर्मियों की हत्या के मामले में एनआइए ने भी केस दर्ज किया था। चार पुलिसकर्मियों की हत्या के मामले की जांच कर रही एनआइए ने नीरज खेरवार सहित कई नक्सलियों को फरार घोषित करते हुए इनाम की राशि की घोषणा की थी।

शहर को जल्द ही किया जायेगा सुव्यवस्थित: डीसी

पलामू चेंबर के प्रतिनिधि मंडल ने किया डीसी से मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आनंद शंकर के साथ चेंबर की एक विशेष बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से तय किया गया कि पलामू डीसी से मिलकर शहर की समस्या और नया औद्योगिक प्रांगण बनाने को भूमि के लिए अनुरोध किया जाएगा। इस पर गुरुवार को चेंबर का एक प्रतिनिधि जिसमें शामिल चेंबर के सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल, उपाध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल, रंजीत मिश्रा, राकेश कुमार, निलेश अग्रवाल एवं आलोक माथुर ने डीसी से मिलकर शहर की समस्याओं को रखा। जिसमें प्रमुख औद्योगिक प्रांगण के लिए जमीन उपलब्ध कराना, विष्णु मंदिर मार्ग को जाम से मुक्त और कोयल रिवर फ्रंट को नो ट्रांसपोर्ट जोन बनाना प्रमुख था। जिसे डीसी ने काफी गंभीरता से तीनों विषय को लेते हुए अनुमंडल पदाधिकारी को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। साथ ही औद्योगिक प्रांगण के लिए जल्द भूमि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

वन व पर्यावरण संरक्षण सबकी जिम्मेदारी : मनोज कुमार

वृक्षो पर रक्षाबंधन व पौधरोपण कर पूर्व सांसद व डीएफओ ने 73 वां वन महोत्सव एवं निःशुल्क पौधा वितरण शिविर का किया उद्घाटन
- सभी अतिथियों ने किया पौधा लगाने एवं वन्य पर्यावरण को बचाने की अपील

आजाद सिपाही संवाददाता

वृक्षों पर राखी बांधते पूर्व सांसद, डीएफओ, पर्यावरणविद व अन्य।

मेदिनीनगर। छतरपुर के डाली बाजार के कौशल नगर में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल की ओर से गुरुवार से 57 वर्ष पूर्व चलाये गए निःशुल्क पौधा वितरण व रोपन एवं पर्यावरण धर्म व वन राखी मूवमेंट के 47 वां वर्ष पूरा होने पर कार्यक्रम आयोजित कर पौधारोपण किया। इसमें शामिल पूर्व सांसद मनोज कुमार, डीएफओ सौमित्र शुक्ला ने पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल, जिला पार्षद अमित जायसवाल, मुखिया पूनम जायसवाल के साथ 73 वां वन महोत्सव व निःशुल्क पौधा वितरण शिविर का शुभारंभ वृक्षों पर रक्षाबंधन व पौधरोपण कर किया। पूर्व सांसद मनोज कुमार ने पर्यावरणविद कौशल के कार्यों की सराहना की। कहा कि वन एवं पर्यावरण को बचाना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि आज क्षेत्र में नीलगाय आतंक मचाए हुए हैं जिससे तंग आकर किसान खेती करना बंद कर दिये है। क्षेत्र में किसानों की परेशानी बढ़ गयी है। वहीं, मेदिनीनगर के डीएफओ सौमित्र शुक्ला ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास होना चाहिए। उन्होंने किसानों को सरकार से मिलने वाली अनुदान के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए उसका लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने वहां के ग्रामीणों को 500 पौधा निःशुल्क उपलब्ध कराने की भी घोषणा की। छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि जुलाई माह के पहला सप्ताह में वन महोत्सव को पौधों को छठी दिवस के रूप में मनाया जाता है। मुखिया पूनम जायसवाल के धन्यवाद ज्ञापन के उपरांत शिविर समापन की घोषणा की गई। मुखिया ने कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।मौके पर रेंज ऑफिसर संजीव कुमार चौधरी, अशोक तिवारी, विनय पांडेय, उप मुखिया नगीना खातून, मनोज यादव, सुचित जायसवाल, संतोष प्रजापति, ब्यास चंदन विश्वकर्मा, जुबेर अंसारी, रघुनाथ प्रसाद, अफजाल अंसारी, गुलाम गौस, सुभाष गुप्ता, प्रमोद जायसवाल, श्यामदेव पासवान, कृष्णा सिंह, उमेश यादव, उमेश कुमार, शिवनाथ राम और असगर अंसारी आदि उपस्थित थे।

महत्वपूर्ण न्यूज

पथरा मुखिया ने किया छात्र-छात्राओं के बीच जाति प्रमाण पत्र का वितरण

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। प्रखंड के पथरा पंचायत के मुखिया नरेश पासवान ने गुरुवार को एकडरी राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में अध्ययनरत 140 छात्र-छात्राओं के बीच जाति प्रमाण पत्र का वितरण किया। इससे पहले विद्यालय प्रबंधन व छात्र-छात्राओं ने मुखिया को बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान मुखिया नरेश पासवान ने शिक्षकों से विद्यालय में शिक्षा के गुणात्मक विकास को लेकर चल रहे कार्यक्रमों की जानकारी ली। साथ ही छात्र-छात्राओं की शिक्षा के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षकों को आवश्यक सुझाव भी दिए। उन्होंने छात्र-छात्राओं को शत-प्रतिशत उपस्थिति विद्यालय में बनाए रखने एवं अपने अन्य साथियों को विद्यालय आने के लिए प्रोत्साहित भी किया। वहीं, प्रधानाध्यापक निर्मल कुमार ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार विद्यालय के विद्यार्थियों का जाती प्रमाण पत्र निर्गत कराया गया है। इस मौके पर शिक्षिका पूनम देवी, लक्ष्मी देवी, अशलम अंसारी, उपेंद्र साव, जितेंद्र कुमार विश्वकर्मा और नीतीश कुमार आदि मौजूद थे।

नप कार्यालय में लगा शिविर, जन्म-मृत्यु निबंधन पर किया गया जागरूक

विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। विश्रामपुर नप कार्यालय सभागार में विशेष शिविर आयोजित हुई। जहां जन्म व मृत्यु निबंधन के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। शिविर का उद्घाटन सहायक नगर आयुक्त मो प्रवेज ने किया। शिविर में शामिल बीएलओ, आंगनबाड़ी सेविका व स्वास्थ्य सहिया को जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र के उपयोगिता और फायदा के बारे में बताया गया। मो प्रवेज ने कहा कि गांवों में जाकर लोगों को इसके बारे में बताएं। इस मौके पर नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम, जेई अजित टुडू, मुकेश कुमार, सुबोध कुमार, रमेश कुमार, दीपक कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

धारा 144 रहते विवादित कुंदरी तालाब में लगा काम, माले का प्रखंड परिसर में अनशन

आजाद सिपाही संवाददाता

नीलांबर पीतांबरपुर/पलामू। प्रखंड के कुंदरी तालाब का मामला एक बार फिर से विवाद में आ गया है। कभी स्थानीय ग्रामीण महिला कुंदरी तलाब भरे जाने को लेकर सूखा अर्घ्य देती हैं। तो कभी पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता तलाब के अस्तित्व बचाने के लिए सांकेतिक तौर से ग्रामीणों के साथ टोकरी से मिट्टी निकाले थे। इस सबके बीच सदर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा धारा 144 लगा दिया गया। जिसे चुनौती देते हुए भू माफियाओं ने गुरुवार को तलाब में दिनदहाड़े दो जेसीबी से काम लगा दिया है। इसके नाराज माले नेता बीएन सिंह अपने समर्थकों के साथ प्रखंड परिसर में अनशन पर बैठ गए। इसकी सूचना पाकर प्रभारी अंचलाधिकारी अनिल कुमार ने लेस्लीगंज थाना प्रभारी एवं राजस्व कर्मचारी ज्योत्सना आभा कुजुर को काम रोकने के लिए स्थल पर भेजा। सूचना पर पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता भी पहुंच गए। विधायक ने मामले का जायजा लिया। मौके पर थाना प्रभारी द्वारा कुछ समय के लिए काम को बंद करा दिया गया। पर कुछ ही देर में सदर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा फोन पर हुई बात के बाद कुछ हिस्से में तालाब का गहरीकरण और कुछ हिस्से को भरने का काम फिर से शुरू कर दिया गया। इधर प्रखंड परिसर में अनशन पर बैठे माले नेता बीएन सिंह ने अंचलाधिकारी को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने सीओ से धारा 144 के अंतर्गत तालाब में हो रहे काम को तत्काल बंद कराने की मांग की। उधर, काम बंद कराने पहुंचे राजस्व कर्मचारी ज्योत्सना अभा कुजुर ने कहा कि तलाब पर धारा 144 लागू है। बावजूद काम कैसे हो रहा है पता नहीं। वहीं, सीओ ने बताया कि कुंदरी तालाब पर धारा 144 लागू है। सूचना मिलने पर काम बंद करवाने के लिए थाना प्रभारी को सूचित किया गया है। काम हुआ होगा तो जांच उपरांत कार्रवाई की जाएगी। जबकि माले नेता बीएन सिंह ने पांकी विधायक पर भू माफियाओं के साथ मिलीभगत का आरोप लगाया है। कहा कि विधायक व प्रशासन की मिलीभगत से तालाब भरा जा रहा है।

रेल अंडरपास में पानी भरने से आवागमन ठप, जल्द जल निकासी की उठी मांग

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। डीडियू रेल मंडल के बीडी सेक्शन अंतर्गत जपला रेलवे स्टेशन से बक्सी उच्च विद्यालय के समीप अंडरपास में हर साल बारिश का पानी भरने व निकासी की सुविधा नहीं होने से शहर की आधी आबादी का रास्ता तीन-चार माह तक बंद हो जाता है। इसी मार्ग से हुसैनाबाद बाजार क्षेत्र के अलावे हैदरनगर, मोहम्मदगंज मुख्य पथ से हजारों लोग गुजारते है। जबकि प्रखंड कार्यालय, एके सिंह डिग्री कॉलेज, देवरी, कुशुवा समेत दर्जनों गांव को यह अंडर पास का रास्ता जोड़ता है। हुसैनाबाद शहर की इस गंभीर समस्या पर समाजसेवी पवन चौधरी ने कहा कि उक्त अंडर पास में वारिश के दिनों में पानी भर जाना रेलवे की लापरवाही को दर्शाता है। रेल प्रबंधन को जल्द जल निकासी की व्यवस्था करनी चाहिए।

विश्रामपुर नगर कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक में पार्टी की मजबूती व विस्तार पर चर्चा

विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। बिश्रामपुर नगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकारणी की एक बैठक बीमोड़ स्थित शहीद स्मारक भवन में हुई। जिसकी अध्यक्षता कांग्रेस नगर अध्यक्ष ऋषि पांडेय ने किया। बैठक में संगठन के मजबूती और विस्तार पर चर्चा हुई। बैठक के मुख्य अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार सिर्फ जुमालेबाजी करती है। सत्ता के लिए भाजपा ने समाज में विद्वेष फैला दिया है। कांग्रेस नफरत की नहीं, बल्कि मुहब्बत की बात करती है। सबको एक साथ लेकर चलने में कांग्रेस विश्वास करती है। उन्होंने दावा किया कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का सफाया हो जायेगा और बहुमत के साथ कांग्रेस गठबंधन की सरकार केंद्र में बनेगी। नगर अध्यक्ष ऋषि पांडेय ने कहा कि आने वाला समय कांग्रेस का है। बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष ने नगर अध्यक्ष ऋषि पांडेय को सभी बीस वार्डों में बूथ कमेटी गठित करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिलाध्यक्ष को आश्वस्त किया कि नगर निकाय क्षेत्र में कांग्रेस पूरी मजबूती के साथ उभर रही है। आने वाला चुनाव परिणाम इसका साक्षी बनेगा। इस मौके पर विश्रामपुर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष रवींद्र शुक्ला उर्फ गुड्डू शुक्ला, अधिवक्ता सुधीर चौबे, मणिभूषण पांडेय, सतीश कुमार चौबे, नेजाम अंसारी और चंदन गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे।

स्पोर्ट्स

थाइलैंड में चल रही 25वीं एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशीप 2023 के दूसरे दिन भारतीय एथलीटों ने तीन गोल्ड के अलावा दो ब्रांड मेडल भी जीता।

ज्योति-अजय दौड़ में रहे पहले स्थान पर, अब्दुल्ला अबुबकर त्रिपल जंप में जीता गोल्ड

एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दूसरे दिन भारत को तीन गोल्ड

एजेंसी

थाईलैंड। थाईलैंड में चल रही 25वीं एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 के दूसरे दिन गुरुवार को भारतीय एथलीटों ने तीन गोल्ड जीते। इसके अलावा एक ब्रॉन्ज मेडल भी मिला। ज्योति याराजी विमेंस 100 मीटर हर्डल में 13.09 सेंकेड का समय लेकर पहले स्थान पर रहीं। जबकि जापान की मौसमी ओकी ने 13.12 सेकेंड का समय लेकर दूसरे और उनकी हम वतन अशुका ट्रेडा ने 13.14 सेकेंड का समय लेकर तीसरे स्थान पर रहीं।

अजय कुमार ने 1500 मीटर में जीता गोल्ड

अजय कुमार सरोज ने मेंस 1500 मीटर दौड़ 3.41.51 सेकेंड में पूरा कर भारत को दिन का दूसरा गोल्ड दिलाया। जापान के युशुकी ताकाशी ने 3:42.04 का सेकेंड समय लेकर दूसरे और चीन के ली डेजु ने 3:42.30 सेकेंड लेकर तीसरे स्थान पर रहे। वहीं भारत को तीसरा गोल्ड त्रिपल जंप में अब्दुल्ला अबुबकर ने दिलाया। उन्होंने 16.92 मीटर की जंप लगाई। जापान के हिकारु लेखेता ने 16.73 मीटर और साउथ कोरिया के किम झांगझु ने 16.59 मीटर लेकर तीसरे स्थान पर रहे।

भारत को दूसरे दिन 2 ब्रॉन्ज भी मिले

ऐश्वर्या मिश्रा ने 400 मीटर दौड़ में भारत के लिए ब्रॉन्ज मेडल जीता। इस इवेंट में श्रीलंका की रामनायक नदीशा ने गोल्ड और उज्बेकिस्तान की फरीदा सोलिवा ने सिल्वर मेडल जीता। इसके अलावा भारत को डेकथलॉन में तेजस्विन शंकर ने ब्रॉन्ज मेडल दिलाया। उन्होंने 7527 अंक हासिल किए। जबकि इस इवेंट में जापान के युमा मरुयामा ने 7745 अंकों के साथ गोल्ड और सुतिसक सिंगखोन ने 7626 अंकों के साथ सिल्वर मेडल जीता है।

ज्योति ने हीट में लिया 13 सेकेंड से भी कम समय

इससे पहले ज्योति ने हीट में 12.98 सेकेंड का समय निकालकर फाइनल में जगह बनाई थी। ज्योति ने पहली बार एशियन एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भाग लिया है। ज्योति ने इस चैंपियनशिप से पहले 12.84 सेकेंड के समय में रेस को पूरा चुकी हैं। वहीं इस सीजन में वह कई बार 13 सेकेंड का समय निकाल चुकी हैं। इस चैम्पियनशिप भारत का यह पहला गोल्ड मेडल है। इससे पहले पहले दिन भारत को ब्रॉन्ज मेडल मिला था। वहीं बुधवार को एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन अभिषेक पाल ने 10 हजार मीटर दौड़ में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। उन्होंने इस दौड़ को 29:33.36 सेकेंड में पूरा किया था। वहीं जापान के रेन तजावा ने 29:18.44 सेकेंड के समय के साथ गोल्ड जीता था। जबकि कजाकिस्तान के शैड्रैक किमुताई ने 29:31.63 सेकेंड के समय के साथ सिल्वर मेडल जीता।

खेलकूद के आयोजन से युवाओं में आती है सकारात्मक ऊर्जा : कर्नल संजय

आजाद सिपाही संवाददाता

हैदरनगर। प्रखंड अंतर्गत इमामनगर बरेवा पंचायत में रॉयल क्लब बरेवा की ओर से आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला पूर्वी सोबा बनाम डमरी टोला के बीच खेला गया। जिसमें पूर्वी सोबा ने बेहतर गेंदबाजी और बल्लेबाजी की बदौलत विजेता कप पर कब्जा किया। फाइनल मैच देखने के लिए बतौर मुख्य अतिथि भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह भी उपस्थित हुए और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। पुरस्कार वितरण के दौरान उन्होंने कहा कि जिस तरीके से अंग्रेजों के समय में ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा लाया गया क्रिकेट का खेल ग्रामीण युवाओं के बीच लोकप्रिय हो रहा है इससे लगता है की क्रिकेट अब अमीर घरानों से निकल कर ग्रामीण युवाओं तक पहुंच गया है। खेल कूद का आयोजन युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा लाता है। उन्होंने पूर्वी सोबा टीम को फाइनल जीतने के लिए बधाई दी। साथ ही डमरी टोला टीम के खिलाड़ियों को भी शानदार खेल के लिए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर समाजसेवी डॉ अजय जायसवाल, लालधन ठाकुर, रुपेश कुमार ठाकुर, चंचल सिंह, टूनार्मेंट के आयोजक मंगल सिंह ,ऋषि कुमार, विकास मेहता,अमर मेहता,ललन यादव एवं आशुतोष आदि उपस्थित थे।

महत्वपूर्ण न्यूज

मधुबन वाशरी के कन्वेयर बेल्ट से लटक कर नवयुवक ने की खुदकुशी

कतरास (आजाद सिपाही)। माटीगढ़ चेक पोस्ट के समीप मधुबन वाशरी के कन्वेयर बेल्ट से लटक कर 20 वर्षीय एक नवयुवक द्वारा खुदकुशी कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान चंदन ठाकुर के रूप में हुई है। वह मूल रूप से गिरिडीह जिले का रहने वाला है। घटना बुधवार की देर रात की बताई जा रही है। गुरुवार अहले सुबह कन्वेयर बेल्ट के समीप शौच के लिए गए लोगों ने शव लटकता देख शोर मचाया। लोगों ने परिजनों एवं बाघमारा पुलिस को इसकी सूचना दी। देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गयी। वहीं, खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया। जानकारी के मुताबिक मृतक चंदन के पिता मंगरा ठाकुर माटीगढ़ मोड़ में सैलून चलाते हैं। साथ ही दैनिक मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते है। परिजनों के अनुसार चंदन रात में घर से खाना खाकर निकला, तो लौटा ही नहीं। सुबह उसका शव कन्वेयर बेल्ट में लटकता पाया गया। वह तीन भाइयों में सबसे छोटा था।

बोकारो के प्रवासी मजदूर की प्रयागराज रेलवे स्टेशन में ट्रेन से गिरकर हुई मौत

बोकारो थर्मल/बेरमो (आजाद सिपाही)। प्रवासी मजदूरों की मौत का सिलसिला रूकने का नाम नहीं ले रहा है। इसी क्रम में बोकारो जिले के पेंक नारायणपुर थाना क्षेत्र निवासी एक और मजदूर की मौत मुंबई से घर लौटने के क्रम में बुधवार की रात दो बजे हो गई। जानकारी के मुताबिक पेंक नारायणपुर थाना अंतर्गत पलामू असनाटांड निवासी जानकी रविदास के 29 वर्षीय पुत्र प्रकाश कुमार दास मुंबई से अपने घर लौट रहा था। तभी उत्तर प्रदेश के प्रयागराज स्टेशन के समीप ट्रेन से गिरकर उसकी मौत हो गयी। प्रकाश कुमार दास अपने पीछे पत्नी मौश्मी देवी, चार वर्षीय बेटी क्रिश कुमारी एवं नौ माह का बेटा श्रीयांस कुमार को छोड़ गया है। उधर, प्रकाश के मौत की सूचना मिलते ही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। ट्रेन से गिरने के कारणों के बारे में अभी तक कुछ पता नहीं चल सका है। उधर, घटना को लेकर प्रवासी मजदूरों के हितार्थ में कार्य करने वाले समाजसेवी सिकन्दर अली ने घटना को लेकर संवेदना प्रकट करते हुए दु:खद करार दिया। आरोप लगाया कि झारखंड सरकार पलायन रोकने में विफल है। इसलिए प्रवासी मजदूरों के लिए ठोस कानून बनाने की जरूरत है। उन्होंने मृतक के परिजनों को तत्काल पांच लाख रुपये का मुआवजा और आश्रित को आजीवन पेंशन दिये जाने की मांग की है।

नवजवान एकता फाउंडेशन के मीडिया सलाहकार नियुक्त हुए हाजी जमीर आरिफ

धनबाद (आजाद सिपाही)। झरिया के सामाजिक संगठन नवजवान एकता फाउंडेशन के सदर व सचिव मो शाहनवाज खान ने वासेपुर निवासी हाजी जमीर आरिफ को संगठन का मीडिया सलाहकार बनाया है। गुरुवार को झरिया स्थित फाउंडेशन के कार्यालय में आयोजित एक सादे समारोह में सदस्यों ने जमीर आरिफ को नियुक्ति पत्र सौंपा एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। साथ ही आशा व्यक्त की कि उन्हें जोड़ने से फाउंडेशन को और भी मजबूती मिलेगी। इस मौके पर तृणमूल कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार खान भी मौजूद थे। उधर, मीडिया सलाहकार बनने पर फाउंडेशन के सदस्यों समेत कई लोगों ने हाजी जमीर आरिफ को बधाई दी है। वहीं जमीर आरिफ ने नवजवान एकता फाउंडेशन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था की उम्मीदों पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा।

मंदिर में शादी रचा कर थाने पहुंचा प्रेमी जोड़ा, पुलिस से लगायी सुरक्षा की गुहार

कतरास (आजाद सिपाही)। रांची के शिव मंदिर में शादी रचाकर गुरुवार को एक प्रेमी जोड़ा बाघमारा थाना पहुंच गया और सुरक्षा की गुहार लगाई है। जानकारी के मुताबिक बाघमारा थाना क्षेत्र के पांडेयडीह निवासी श्रुति कुमारी एवं पुटकी थाना क्षेत्र के गोपाली चक निवासी राहुल शर्मा के बीच विगत दो वर्षो से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों स्वजातीय होने के कारण एक-दूसरे के घर आना जाना था। इसी बीच दोनों में प्रेम हो गया। प्रेमी जोड़े ने पुलिस को बताया कि दोनों ने अपनी मर्जी से सात जून को रांची के शिव मंदिर में विवाह कर लिया। प्रेमी युगल बालिग होने के कारण पुलिस ने दोनों के परिजनों को थाना बुलाया। परिजनों के साथ समाज के 84 कुटंब के अध्यक्ष एतवारी शर्मा, बासू शर्मा बाघमारा प्रखंड के कोषाध्य गंगा शर्मा, प्रखंड अध्यक्ष सुभाष शर्मा थाना पहुंचे। समाज के लोगों द्वारा समझाने पर दोनों प्रेमी युगल के परिजन विवाह को स्वीकृति दे दिए। इसके बाद पुलिस ने बांड भरवाकर प्रेमी जोड़े को उनके परिजनों को सौंप दिया।

खबर प्रकाशित करने पर पत्रकार को जान से मारने की धमकी

धनबाद/महुदा (आजाद सिपाही)। धनबाद जिले के महुदा थाना क्षेत्र में खबर प्रकाशित करने पर एक पत्रकार को फोन कर गाली गलौज करने और जान से मारने की धमकी दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित पत्रकार की पहचान शमशेर खान के रूप में हुई है, जो महुदा थाना क्षेत्र से एक निजी अखबार में कार्यरत है। उक्त मामले पर कोयलांचल पत्रकार संघ ने संज्ञान लेते हुए अध्यक्ष मो मुख्तार अंसारी के निर्देशानुसार महामंत्री राहुल मिश्रा के नेतृत्व में महुदा थाना प्रभारी योगेश कुमार महतो से मिलकर उचित कार्रवाई की मांग करते हुए लिखित शिकायत की गयी है। शिकायत में कहा गया कि नौ जुलाई को कतरास थाना क्षेत्र में एक मजदूर की संदिग्ध स्थिति में मौत को लेकर परिजनों ने थाना का घेराव किया था। उक्त खबर 10 जुलाई को अखबार में प्रकाशित हुई थी। खबर प्रकाशित होने के बाद वशिष्ठ चौहान नामक व्यक्ति द्वारा व्हाट्सएप कॉल करके खबर छापने वाले पत्रकार से अभद्र व्यवहार व गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी गयी। आरोपित ने कहा कि तुम्हे झूठे रंगदारी और मर्डर केस में फंसा देंगे। तुम कतरास में कहीं दिखे तो मार देंगें। उधर, महुदा पुलिस ने पत्रकार संघ को आश्वस्त किया कि जांच कर उचित कारवाई की जाएगी। धमकी देने वालों को बक्शा नहीं जाएगा।

देवघर से पूजा कर हजारीबाग लौटने के क्रम में हुआ हादसा

हादसे में दो कांवड़ियों की मौत

तीन अन्य की हालत गंभीर, अस्पताल में चल रहा इलाज

आजाद सिपाही संवाददाता

ट्रक के टक्कर में बुरी तरह क्षतिग्रसत हुई कार।

गिरिडीह। जिले के बगोदर में गुरुवार अहले सुबह एक सड़क हादसे में दो कांवड़ियों की मौत हो गयी। जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृत कांवड़ियों की पहचान हजारीबाग निवासी संतोष केसरी और दीपक केसरी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार एक कार में सवार होकर पांच कांवड़िया देवघर से पूजा कर हजारीबाग लौट रहे थे। बगोदर थाना इलाके के जीटी रोड स्थित झड़ी पुल के समीप एक ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में पांचों कांवड़िया गंभीर रूप से घायल हो गये। इसके बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गयी। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से पहले पांचों कांवड़ियों को बगोदर के ट्रामा सेंटर पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने दो कांवड़ियों को मृत घोषित कर दिया। जबकि तीन अन्य कांवड़ियों की हालत गंभीर बतायी जा रही है। उनका इलाज चल रहा है। उधर, पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं को दूर करने के लिए लगातार प्रयासरत हूं : बिरंची नारायण

बोकारो (आजाद सिपाही)। चास प्रखंड अंतर्गत कलापत्थर एनएच 32 से चास रेलवे स्टेशन तक जिला अनाबद्ध निधि से बनने वाले पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास गुरुवार को बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने किया। कहा कि वे ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। पेयजल समस्या को दूर करने के लिए पुपुनकी राहरगोड़ा वृहद ग्रामीण पेयजलापूर्ति योजना का निर्माण कार्य चल रहा, जिससे शीघ्र आपूर्ति सेवा शुरू हो इसके लिए निरंतर समीक्षा कर रहे हैं। कहा कि इस पथ के निर्माण के लिए ग्रामीणों की पुरानी मांग थी, जिसे आज पूरा किया। इसके बन जाने से ग्रामीणों को सुविधा मिलेगी। इस मौके पर संजय त्यागी, सुजीत कुमार चक्रवर्ती, माथुर मंडल मोहन गोराई, स्वदेश खवास, ब्रज दूबे, प्रकाश नायक, दिनेश कुमार रजक, तापस कुमार महतो, निमाई महथा, सपन दत्ता, राजेश कुमार दत्ता, दिनेश कुमार महतो (मिथुन) सुबोध कुमार मंडल, मनबोध चक्रवर्ती, रवि गोप, गौतम कुमार महतो, असलम अंसारी, दुर्जन गोप आदि उपस्थित थे।

26 छात्रों ने अंतरराष्ट्रीय कॉमर्स ओलंपियाड में हासिल किये स्वर्ण पदक

बोकारो (आजाद सिपाही)। डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-6 में प्रार्थना सभा में साइंस ओलंपियाड - इंटरनेशनल कॉमर्स ओलंपियाड 2022-23 के चयनित 26 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। 3 विद्यार्थियों को उत्कृष्टता प्रमाण पत्र, 18 विद्यार्थियों को डिस्टिंक्शन, जोनल गोल्ड मेडल 5, जोनल सिल्वर मेडल 2 तथा जोनल ब्रॉन्ज मेडल 2 छात्रों को मिला। इस इंटरनेशनल कामर्स ओलंपियाड में विद्यालय के 30 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था।

झारखंड में जान-माल सुरक्षित नहीं : चंद्रप्रकाश

सांसद ने की टुंडी के आरएसएस से जुड़े शंकर डे की हत्या की कड़ी निंदा

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद/टुंडी। गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र स्थित मायरा नामा्टांड दुमा गांव निवासी शंकर डे की हत्या की कड़ी निंदा की है। आरएसएस से जुड़े शंकर डे ग्राम रक्षा दल के सदस्य, धनबाद जिला वनवासी कल्याण केंद्र के जिला कार्य प्रमुख थे। शंकर डे की हत्या शहरपुरा जाने के दौरान दुमा कब्रिस्तान के पास अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर कर दी थी। चंदप्रकाश ने इस घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुका है। यहां किसी का जान और माल सुरक्षित नहीं है। अपराधी बेलगाम हो गए हैं। अपराधियों पर पुलिस का तनिक भी भय नहीं है। अपराधी दिनदहाड़े अपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। कानून व्यवस्था का आलम है यह कि कोयला चोरी खुलेआम हो रही है। खनिज की लूट मची है। संबंधित थाना क्षेत्र उदासीन बना हुआ है। लोग भय के वातावरण में जीने को विवश है। महिलाएं असुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि इस घटना से लोगों में आक्रोश है। उन्होंने पुलिस-प्रशासन से अपराधियों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की है।

झामुमो जिला कमेटी ने नव मनोनीत पदाधिकारियों को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

झामुमो के सम्मानित होने वाले नव मनोनित सदस्य।

धनबाद/गोविंदपुर। गोविंदपुर प्रंखड कार्यालय के समीप गुरुवार को झामुमो धनबाद जिला समिति की ओर से स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें झामुमो धनबाद जिला अंतर्गत नव मनोनीत सभी वर्ग संगठन के पदाधिकारियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। अपने संबोधन में जिलाध्यक्ष लखी सोरेन ने कहा कि चयनित सभी नए सदस्यों को केंद्रीय समिति ने बड़ी जिम्मेदारी दी हैं। साल 2024 में झारखंड में लोकसभा और विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। धनबाद जिला में अधिक से अधिक सीटें झामुमो के खाते में डालना है। इसलिए आज से ही आप लोग संगठन के लिए इमानदारी से कार्य करें। वहीं, जिला सचिव मन्नु आलम ने कहा कि वर्ग संगठन मुख्य संगठक का गहना होता हैं। वर्ग संगठन के होने से हर धर्म, जाती, यूवा, छात्र, महिला सहित अन्य वर्ग के लोगों को संगठन में जोड़ा जाता हैं एवं उचित सम्मान दिया जाता है। आप सभी से आशा एवं उम्मीद हैं कि जिला कमेटी के साथ मिलकर संगठन को मजबूत करेंगे। नव गठित वर्ग संगठन के पदाधिकारी में युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष गुलाम कुरेशी, सचिव रामचंद्र मुर्मू, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मीना हेंब्रम, सचिव लक्की बावरीन, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष हाजी अख्तर अंसारी, सचिव अजीमुदीन अंसारी, बुद्धिजीवी मोर्चा जिलाध्यक्ष राजू हाड़ी, सचिव कामदेव शर्मा, छात्र मोर्चा जिला अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह, सचिव आजाद महतो आदि शामिल हैं। इस मौके पर केंद्रीय सदस्य धरनीधर मंडल, जिला उपाध्यक्ष लखन प्रमाणिक, मुकेश सिंह, अजय रवानी, जिला प्रवक्ता समीर रवानी, संयुक्त सचिव तपन तिवारी, पूर्व उपाध्यक्ष युद्रेश्वर सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष अख्तर हुसैन अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष अताउल्लाह अंसारी, प्रखंड सचिव पारस हसदा, शोहागी हेम्ब्रम, निर्मला देवी, प्रेमा पाण्डे, मीना विश्वकर्मा, सुमन हेम्ब्रम, उपाध्यक्ष निर्मल मंडल, फिरोज अंसारी, मिहिर गोप, सह सचिव मुबारक अंसारी, अताउल अंसारी, गुलेल अंसारी, शरीफ शाह, फिरोज अंसारी, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष तस्लीम अंसारी, प्राण चंद्र सोरेन, सुल्तान अंसारी, स्टार अंसारी, मुबारक अंसारी, कुतुबुद्दीन अंसारी, एजाज अंसारी और फूलचंद किस्कू आदि मौजूद थे।

दुकान का शटर तोड़ कर चोरों ने उड़ाई हजारों की संपत्ति

कतरास/तेतुलमारी (आजाद सिपाही)। राजगंज सिजुआ मार्ग स्थित गुप्ता स्टोर का शटर तोड़ कर चोरों ने हजारों रुपए की संपत्ति चुरी कर ली। भुक्तभोगी दुकानदार विनोद गुप्ता ने बताया कि बुधवार को रात 9.45 बजे दुकान बंद कर घर चले गए। गुरुवार सुबह जब दुध लाने खटाल जा रहा था तभी दुकान पर नजर पड़ी। सामने जाकर देखा तो शटर टूटा था और कीमती सामान चोरी हो गए थे।

जुआ अड्डा के विरुद्ध झरिया पुलिस ने चलाया छापामारी अभियान

बनियाहीर और भालगढ़ा से सात जुआरी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

जुआरियों को गिरफ्तार कर ले जाती पुलिस।

झरिया। पुलिस ने बुधवार को झरिया के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित जुआ अड्डो के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया। झरिया थाना प्रभारी संतोष सिंह ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि बनियाहिर और भालगढ़ा में जुआ अड्डा का संचालन हो रहा है। जहां भारी संख्या में जुआड़ियों का जुटान होता है। इसकी सूचना लगातार मिल रही थी। जिसके आलोक में पुलिस टीम बनाकर पहले भालगड़ा के इंद्रानगर के समीप छापामारी की गई। जहां से मुन्ना प्रसाद वर्मा, अलाउद्दीन साइ और बबलू कुरेशी को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से 50 तास के पत्ते समेत नगदी बरामद किया गया है। वहीं, बनियाहीर के समीप छापामारी के दौरान राजकुमार सिंह, मंटू यादव, बबलू अंसारी, सपन बाउरी को पकड़ा गया। उनके पास से 60 तास की गड़ियां और नगद बरामद किया गया। थाना प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि भालगड़ा जुआ अड्डा का संचालन फिरोज नामक व्यक्ति है। जबकि बनियाहिर जुआ अड्डा का संचालन इंद्रजीत नामक व्यक्ति करता है। इन दोनों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापामारी कर रही है। जल्द दोनों ही सरगनाओं को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। दूसरी ओर, पकड़े गए जुआरियों को भादवि की धारा 290, 420 व 34 और 11 बंगाल गैंबलिंग एक्ट के तहत जेल भेज दिया गया है। वहीं, झरिया पुलिस की छापामारी अभियान से क्षेत्र के जुआरियों में हड़कंप मचा हुआ है।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभुकों के बीच लॉटरी से हुआ आवास का आवंटन

धनबाद (आजाद सिपाही)। बाबूडीह स्थित विवाह भवन में गुरुवार को प्रधानमंत्री आवासीय योजना (शहरी) के तहत धनबाद नगर निगम की ओर से बारामुड़ी किफायती आवास परियोजना के आवासों का लॉटरी के जरिए आवंटन किया गया। ज्ञात हो कि बारामुड़ी में नगर निगम की ओर से 320 आवास बनाए गए थे। पिछली बार हुए आवास आवंटन कार्यक्रम में 42 लाभुकों को आवास नहीं मिला था। इसके बाद उनसे आवेदन लेकर उनकी जांचोपरांत लॉटरी के माध्यम से सभी को आवास आवंटित किए गए। लाभुकों को ध्यान में रखते हुए उन्हें 4 वर्गों में बांटा गया है, जिसमें दिव्यांग लाभुको को प्रमुखता दी गई। लॉटरी के लिए जिनका नाम आया उस अनुसार सभी को आवास आवंटित किया गया। कार्यक्रम में धनबाद के विधायक राज सिन्हा, झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, अपर नगर आयुक्त प्रकाश कुमार आदि उपस्थित थे।

बांग्ला शिक्षा की अवहेलना बर्दाश्त नहीं : बेंगू ठाकुर

धनबाद (आजाद सिपाही)। झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को प्राणजीवन अकादमी स्कूल का निरीक्षण किया। इस दौरान स्कूल के उप प्राचार्य उपेंद्र राय से स्कूल से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की। समिति के सदस्यों ने उप प्राचार्य को स्कूल में बांग्ला मीडियम के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों की संख्या की सूची उपलब्ध कराने को कहा। समिति के संस्थापक बेंगू ठाकुर ने कहा कि बांग्ला शिक्षा की अवहेलना किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं की जायेगी। झारखंड सह धनबाद में जितने भी बांग्ला भाषा के अल्पसंख्यक स्कूल है। उन सभी स्कूलों में बांग्ला भाषा के शिक्षकों की संख्या बहुत ही कम है। इससे पहले जो शिक्षक की नियुक्ति की गई है उसमें जिला शिक्षा पदाधिकारी को यह ध्यान देना चाहिए था कि हम बांग्ला भाषा अल्पसंख्यक स्कूल में बांग्ला भाषा के ही शिक्षक को नियुक्ति करें। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। इस सवाल को लेकर समिति ने जल्दी जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं धनबाद के डीसी से मुलाकात करने की बात कही। समिति ने कहा कि झारखंड सह धनबाद का बंगाली समाज अब जाग चुका है। आने वाले समय में बांग्ला भाषी लोग अपना हक और अधिकार के लिए झारखंड में वृहद आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेंगे। इस मौके पर ,कल्याण भट्टाचार्य, राणा चट्टोराज, सुशोभन चक्रवर्ती, टोनी बनर्जी, अमिताभ बनर्जी, सुरजीत चंद्रा, स्वपन चटर्जी और अमित कुमार आदि उपस्थित थे।

कार्यालय, जिला परिषद, खूँटी

शुद्धि पत्र

कार्यालय आदेश संख्या–17/2023 दिनांक – 13.07.2023

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण हेतु कार्यालय आदेश संख्या 14/2023-24 PR No- 300722 (District) 23-24D द्वारा निकाली गई निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

ह०/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, खूँटी।

PR 302303 (Khunti) 23-24 (D)

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
(एन०आर०ई०पी०), चतरा
Email Add: nrepchatra@gmail.com

शुद्धि-पत्र

एन० आर० ई० पी०, चतरा के अन्तर्गत जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट DMFT मद योजना अन्तर्गत् ई– अति अल्पकालीन् निविदा आमंत्रण सूचना सं०–EE/NREP/CHATRA/17/2022-23, दिनांक–04.07.2023, जिसकी प्राप्ति की अंतिम तिथि 19.07.2023 है, जिसका P.R. No. 301399 NREP (22-23)_D है, उसमें निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :–

1. वेबसाइट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि – 15.03.2023
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 22.07.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं संमय:– 24.07.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 25.07.2023 पूर्वाह्न 2.00 बजे।
1. अन्य शर्त्तें यथावत् रहेंगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
एन०आर०ई०पी०, चतरा

PR 302254 NREP (23-24)_D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

पत्रांक..... दिनांक .....

शुद्धि–पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना मद अन्तर्गत 01 (एक) पथ का निर्माण कार्य हेतु अल्पकालीन ई–निविदा सं0 01RI/2023– 24/EE/RWD/DALTONGANJ निकाली गई है, जिसका पी0आर0 नं0–301436/23–24 है में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, रांची, झारखंड, पिन–834001 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी की स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (24.07.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाये।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, डालटनगंज।

PR.NO.302296 Rural Work Department(23-24):D

मुख्यमंत्री ने पुल योजना की लागत बढ़ाकर 100 करोड़ की

सेतु योजना में चित्रकोंडा और कोरुकुंडा ब्लॉक की 10 पंचायतों को कवर करेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। मुख्यमंत्री ने चित्रकोंडा ब्लॉक की शेष 10 पंचायतों जैसे आद्रपल्ली, पणसपुट, जोडांबो, रालिगड़ा, पेपरमेटला, बडपदा, गजलमामुंडी, जंत्री और कोरुकुंडा एवं धुलिपुट ब्लॉक की और नाकामामुडी पंचायतों को पुल योजना में शामिल किया है, ताकि वंचित क्षेत्रों में तेजी से बदलाव लाया जा सके। पुल योजना नवीन पटनायक ने निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने पुल योजना की लागत सीमा 50 करोड़ से बढ़ा कर 100 करोड़ करने का भी आदेश दिया।

चित्रकोंडा ब्लॉक की 9 बिछीनांचल पंचायतें गुरप्रिया सेतु से जुड़ी हुई हैं, जिसे स्वविमान क्षेत्र का नाम दिया गया है। इस विकसित क्षेत्र के लोगों के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए सेतु (सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन और उत्थान) योजना 2018 से लागू की गयी है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर 28.03.2023 को 5 टी सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने मालकानगिरी के चित्रकोंडा ब्लॉक का दौरा किया और लोगों के हितों और उनकी समस्याओं पर चर्चा की। इसके अलावा मुख्यमंत्री श्री नवीन पटनायक ने इस क्षेत्र की शांति और सुरक्षा के लिए तैनात अर्धसैनिक बलों के बुनियादी ढांचे के सुधार और विस्तार के लिए सेतु योजना में 9 करोड़ 60 लाख रुपये की मंजूरी दी है।

खोरधा रोड मेमू कार शेड में 30 टन क्षमता के ओवरहेड क्रेन का उद्घाटन

30 टन क्षमता वाली इओटी क्रेन सहित भारी मरम्मत निरीक्षण बे स्थापित

आधुनिक औद्योगिक रैक वाले स्टोर डिपो का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

खोरधा रोड। खोरधा रोड मेमू कार शेड में अतिरिक्त प्रमुख बुनियादी ढांचा स्थापित किया गया। रिंकेश रॉय, मंडल रेल प्रबंधक, खोरधा रोड ने मेमू शेड में इन बुनियादी ढांचागत विकास कार्यों का उद्घाटन किया। मेमू शेड में 30 टन क्षमता वाले ओवरहेड क्रेन के साथ भारी मरम्मत निरीक्षण बे स्थापित किया गया। भारी मरम्मत बे का उपयोग प्रमुख कार्यों, जैसे ट्रैक्शन मोटर बदलना, बोगी और व्हील बदलना आदि, को पूरा करने के लिए किया जायेगा। पहले ये कार्य गड्ढे और सिंक्रोनस जैक की मदद से मेमू कोचों को ऊपर उठाकर किया जाता था। अब मेमू कोचों को रिमोट कंट्रोल की मदद से 4 मीटर की ऊंचाई तक उठाया जा सकता है और 100 मीटर तक स्थानांतरित किया जा सकता है। यह तंत्र मेमू कोचों के आसान रखरखाव में मदद करता है। मेमू शेड में आधुनिक औद्योगिक रैक के साथ एक स्टोर डिपो विकसित किया गया है, जो मेमू कोचों के रखरखाव के लिए उपयोग की जाने वाली सामग्री और उपकरणों के उचित रखरखाव में उपयोगी होगा। वर्तमान में मेमू शेड 17 मेमू रेक से निपट रहा है जिनका उपयोग 36 मेमू ट्रेनों को चलाने के लिए किया जाता है।

रिंकेश रॉय, मंडल रेल प्रबंधक/खोरधा रोड ने मेमू कार शेड के अधिकारियों और तकनीकीटीम को बधाई दी तथा बुनियादी ढांचे के विकास की सलाह दी, ताकि मंडल, आने वाले दिनों में और अधिक मेमू ट्रेनों के रखरखाव को पूरा कर सके। इस अवसर पर कल्याण पटनायक, अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन), शुभ्र ज्योति मंडल, अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा), बी.के.रॉय, महाप्रबंधक/ आरवीएनएल और सभीशाखा अधिकारी उपस्थित थे। आलोक रंजन मोहंती, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (परिचालन) और सौम्यकांतदास, सहायक विद्युत अभियंता (एमईएमयू), खोरधा रोड के मार्गदर्शन मेंमेमू शेड में अतिरिक्त बुनियादी ढांचे के विकास के लिए पहल की गयी थी।

पूर्व मध्य रेल

गति शक्ति पूर्व मध्य रेलवे (धनबाद मंडल) दिनांक:– 11.07.2023

क्र. सं. 1. ई– निविदा संख्या: 23-GS-DHN-2023-24 **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** गोमोह–इलेक्ट्रिक लोको शेड, गोमोह की क्षमता को 175 लोकोमोटिवसे बढ़ाकर 200 लोकोमोटिव करने का शेष कार्य। 18 (अठारह) महीने। **कार्य की लगभग लागत (रूपये में):** 12,52,56,598.94 **व्याने की राशि रूपये में):** व्याने की राशि (रूपये में) http://www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू। **निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख एवं समय:** ई–निविदा बंद होने की तारीख 01.08.2023 को 17.00 बजे तक ई–निविदा खुलने की तारीख 02.08.2023 को 12.00 बजे से। **वेबसाईट का विवरण:** http://www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जायेगी। नोट (i) हिन्दी और अंग्रेज़ी भाषा में सूचना में अंतर होने पर अंग्रेज़ी भाषा में सूचना ही मान्य होगी। (ii) प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा की जारी होने की कोई भी परिवर्तन और शुद्धि पत्र की ओर ध्यान देने के लिए निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट http://www.ireps.gov.in अवलोकन करें।

मुख्य परियोजना प्रबंधक (गतिशक्ति)
पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद
पीआर/00722/डीएचएनजीएस/ईएनजी/टी/23–24/36

पूर्व मध्य रेल

ई. निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र.सं. 1. ई–निविदा सं०–पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईटीईएन–19–23–24 एकल पैकेट सिस्टम। कार्य का नाम: पूर्व मध्य रेलवे के दानापुर मंडल के अधीन तिलैया राजगीर बख्तियारपुर दोहरीकरण (96किमी) के लिए पुल तथा अन्य संरचना के लिए अंतिम स्थान सर्वेक्षण (एफएलएस) तथा मिट्टी जाँच का कार्य। **अंकलित मूल्य (रू):** 1,05,25,048.25। **बोली प्रतिभूति (रू):** 2,02,600.00 **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 06 महीने। **क्र.सं. 2. ई–निविदा सं०–पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईटीईएन–20–23–24 दो पैकेट सिस्टम। कार्य का नाम:** डिप्टी/सीई/कॉन/बरकाकाना के अंतर्गत पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद डिवीजन के सीआईसी अनुभाग में भुरकुंडा–पतरातू के बीच 120/3–4 पीटीआरयू स्टेशन की सीमा लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 39/एसपीएल/टी किलोमीटर के बदले में रोड ओवर ब्रिज (5x30 मीटर स्पैन, कंपोजिट गर्डर + 1x48 मीटर स्पैन, बो स्ट्रिंग गर्डर + 2x20.431 मीटर स्पैन, कंपोजिट गर्डर + 1x27.458 मीटर स्पैन, कंपोजिट गर्डर + 4x24.155 मीटर स्पैन, कंपोजिट गर्डर) का निर्माण। **अंकलित मूल्य (रू):** 64,77,59,794.39। **बोली प्रतिभूति (रू):** 33,88,800.00। **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 18 महीने। निविदा बंद होने की तिथि एवं समय 01.08.23 15.30 बजे। ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/ कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फार्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा कुचले गये। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की सपूर्ण जानकारी वेबसाइट: http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। **द्रष्टव्य :** निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/दक्षिण
पूर्व मध्य रेलवे, महेन्द्रूघाट, पटना।
पीआर/00719/कॉन/इंजी./ टी/23–24/56

15,000 रुपये रिश्वत लेते समय महिला एएसआइ को विजिलेंस ने पकड़ा

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। एक मामले को निपटाने के लिए 15,000 रुपये रिश्वत लेने के आरोप में शहीद नगर पुलिस स्टेशन की एक महिला एएसआइ को विजिलेंस ने पकड़ा। महिला थाना एएसआइ विजिलेंस हिरासत में है। आयुक्तालय पुलिस के तहत काम करने वाली एएसआइ ममता बस्तिया को विजिलेंस दल ने गिरफ्तार किया है। एएसआइ ममता एक मामले को निपटाने के लिए 15,000 रुपये की रिश्वत लेते समय विजिलेंस ने रेड ह्यांड पकड़ा । वह मामले में सहयोग के लिए शिकायतकर्ता से रिश्वत लेता था। विजिलेंस ने रिश्वत की सारी राशि जब्त कर ली है। एक विजिलेंस दल ने शहीद नगर पुलिस थाने में छान बीन कर रहे है। हालांकि, विजिलेंस दल ने एएसआइ ममता बस्तिया के दो ठिकानों पर एक साथ घर की तलाशी चल रही है।

नालको ने मशीनीकृत शो इंगॉट की वाणिज्यिक बिक्री प्रारंभ की

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। सार्वजनिक क्षेत्र के नवरत्न लोक उद्यम नेशनल एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (नालको) ने अपने उत्पाद पोर्टफोलियों को और मजबूत करनेके प्रयास में पूर्व में किए गए परीक्षणों की एक श्रृंखला को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के बाद घरेलू बाजार में मशीनीकृत शो इंगॉट्स की वाणिज्यिक बिक्री शुरू की है। मशीनीकृत शो की पहली खेप को अनुगुळ स्थित नालकों के प्रद्रावक संयंत्र में औपचारिक रूप से अमिय कुमार स्वाईं, कार्यपालक निदेशक (प्रद्रावक और विद्युत) द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उल्लेखनीय है कि मशीनीकृत शो धूल से मुक्त और बेहतर सतह के साथ अधिक सतही क्षेत्रफल वाले हैं, जिससे द्वितीयक उद्योगों द्वारा निर्मित उत्पादों में लगातार गुणवत्ता सुनिश्चित होती है, जो ज्यादातर एमएसएमइ क्षेत्र से हैं। उत्पाद 650 किलोग्राम 50 किलोग्राम में उपलब्ध है तथा घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों बाजारों में ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करने में निश्चित रूप से महत्वपूर्ण होगा।

जागृति महिला मंडल ने बच्ची को व्हील चेयर दिया

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। जागृति महिला मंडल की अध्यक्ष एवं पद्मजा सिंह और उपाध्यक्ष अल्पना शुक्ला राव के हाथों गुरुवार को एक आठ वर्ष की दिव्यांग बालिका को व्हील चेयर समर्पित किया गया। इस नेक कार्य में महिला मंडल की सदस्य भी उपस्थित थीं। अभी तो बच्ची पूरी तरह से अपने अभिभावकों पर आश्रित है। ईश्वर से प्रार्थना है कि भविष्य में अपने पैरों पर खड़ी हो सके, इतनी शक्ति उसे प्रदान करें।

ओड़िशा में दो शराबियों ने खाया अधजला शव

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। ओडिशा पुलिस ने बुधवार को दो नरभक्षियों को गिरफ्तार किया है। इन पर अंतिम संस्कार के दौरान आधे जले हुए शव का मांस खाने का आरोप है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने कहा कि नशे की हालत में मांस खाया। पुलिस के मुताबिक, यह घटना मयूरभंज जिले के आदिवासी गांव बांधसाही की है। दोनों आरोपियों की पहचान 58 साल के सुंदर मोहन सिंह और 25 साल के नरेंद्र सिंह के रूप में हुई है। आरोपियों ने शव के एक हिस्से को तीन टुकड़ों में काटा बांधसाही गांव के रहने वाली 25 साल की मधुस्मिता सिंह की बीमारी से मौत हो गई। उसका अंतिम संस्कार हो रहा था, तभी नशे में धुत दो लोगों ने आधे जले हुए शव को ले लिया। उन्होंने एक टुकड़ा अपने पास रख लिया और बाकी आग के हवाले कर दिया। मृतक लड़की के चाचा लाबा सिंह ने जब उनसे पूछा कि ये तुम क्या कर रहे है? तो आरोपी सुंदर ने जवाब दिया कि तुम्हें जादू–टोने के बारे में नहीं पता क्या? चाचा के विरोध करने पर भी आरोपियों ने जला मांस खाना शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने पिटाई कर आरोपियों को पुलिस के हवाले किया मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आरोपियों की पिटाई की और स्थानीय पुलिस को जानकारी दी। दोनों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और पूछताछ की जा रही है।

समीर महांती बने राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। समीर महांति भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के विशेष आमंत्रित सदस्य बने। समीर महांति भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष थे। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने समीर महांति को नियुक्ति की है।

भीड़ कम करने के लिए विशेष ट्रेन की सेवाओं में विस्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। यात्रा करने वाली जनता की मांगों को ध्यान में रखते हुए और नियमित ट्रेनों में अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए, पूर्व तट रेलवे क्षेत्राधिकार से और उसके माध्यम से विशेष ट्रेनों की सेवाओं का विस्तार करने और विशेष ट्रेनों की सेवाओं को अधिक समय अवधि के अनुसार चलाने का निर्णय लिया गया है। **पुरी–उधना (सूरत) जन–साधारण साप्ताहिक अनारक्षित विशेष ट्रेन:** 08465 पुरी-उधना (सूरत) जनसाधारण साप्ताहिक अनारक्षित विशेष ट्रेन 12 जुलाई से 2 अगस्त 2023 के बीच प्रत्येक बुधवार को 1455 बजे पुरी से प्रस्थान करेगी। वापसी दिशा में, 08466 उधना-पुरी जनसाधारण साप्ताहिक अनारक्षित विशेष ट्रेन उधना से 2300 बजे प्रस्थान करेगी। 13 जुलाई से 3 अगस्त 2023 के बीच प्रत्येक गुरुवार को इस ट्रेन में 17 अनारक्षित द्वितीय श्रेणी सीटिंग कोच और दो गार्ड-लगेज सह द्वितीय श्रेणी सीटिंग कोच हैं, जो खुर्दा रोड, भुवनेश्वर, ढेंकानाल, तालचेर रोड, अंगुल, रेढ़ाखोल, संबलपुर सिटी, झारसुगुड़ा रोड, आईबी, बिलासपुर, रायपुर, नागपुर, वर्धा, भुसाबल जैसे महत्वपूर्ण स्टेशनों पर रुकेगी ।

विशाखापत्तनम–रंगपरा उत्तर जनसाधारण स्पेशल: विशाखापत्तनम से 08562 विशाखापत्तनम-रंगपरा उतर स्पेशल 30 अगस्त 2023 तक प्रत्येक रविवार (शनिवार को रात 12.10 बजे) 0010 बजे रवाना होगी और सोमवार को 1000 बजे रंगपरा उतर पहुंचेगी। वापसी दिशा में, रंगपरा उत्तर से 08561 रंगपरा उत्तर-विशाखापत्तनम स्पेशल 31 अगस्त, 2023 तक प्रत्येक मंगलवार को 0515 बजे रवाना होगी और बुधवार को 1535 बजे विशाखापत्तनम पहुंचेगी। इस ट्रेन में सात द्वितीय श्रेणी सीटें और दो गार्ड सह सामान वैन हैं, जो दोनों दिशाओं से विशाखापत्तनम और रंगपरा उत्तर स्टेशनों के बीच महत्वपूर्ण स्टेशनों पर रुकेगी।

कुछ विशेष ट्रेनों की सेवाएं बढ़ायी गयीं:

1.संतरागाछी-पुरी-संतरागाछी विशेष
2.भंजपुर-पुरी-भंजपुर स्पेशल
3.विशाखापत्तनम- बनारस-विशाखापत्तनम स्पेशल।
4. पहले से ही घोषित अन्य विशेष ट्रेनें। पहले घोषित विशेष ट्रेनें महत्वपूर्ण गंतव्यों के बीच अपनी सेवाएं जारी रख रही हैं, पुरी-पटना-पुरी स्पेशल, पटना-पुरी-पटना एक्सप्रेस, भुवनेश्वर-तिरुपति-भुवनेश्वर स्पेशल, विशाखापत्तनम-सिकंदराबाद स्पेशल एक्सप्रेस, विशाखापत्तनम-तिरुपति स्पेशल एक्सप्रेस, विशाखापत्तनम-महबूबनगर स्पेशल एक्सप्रेस, विशाखापत्तनम-बेंगलुरु कैंट स्पेशल एक्सप्रेस और संबलपुर-इरोड स्पेशल एक्सप्रेस।

हावड़ा, हुगली, उत्तर 24 परगना के 20 बूथों पर फिर से होगा

आजाद सिपाही संवाददाता

कोलकाता। हार के डर से जिन्होंने प्रतिद्वंद्वी प्रत्याशी का मतपत्र मतगणना केंद्र के अंदर खाल लिया था, उसी तृणमूल प्रत्याशी महादेव माटी की सारी कोशिश 'माटी में मिल गया। क्योंकि राज्य चुनाव आयोग ने तृणमूल उम्मीदवार महादेव माटी के पंचायत बूथ का चुनाव रद्द कर दिया है। साथ ही गुरुवार को आयोग ने राज्य के और 19 बूथों का भी चुनाव निरस्त घोषित कर दिया है। पंचायत चुनाव की मतगणना बुधवार को पूरी हो गयी थी। सभी ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद सीटों के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। गिनती खत्म होने के बाद आयोग ने चुनाव रद्द करने का नोटिस जारी किया है। आयोग ने जानकारी दी है कि राज्य के 20 बूथों पर बैलेट पेपर नष्ट होने की शिकायत और जांच में आरोप सही पाये जाने के बाद उक्त क्षेत्रों में दोबारा पंचायत चुनाव होंगे। मूल रूप से तीन जिलों के तीन ब्लाकों में वोट रद हुआ है। उत्तर 24 परगना में हाबरा-2, हावड़ा में संकराइल और हुगली में सिंगुर इलाका शामिल है। इन तीन ब्लाकों में सबसे ज्यादा हावड़ा के सांकराइल क्षेत्र के बूथों का चुनाव रद किये गए हैं। वहां कुल 15 बूथों का चुनाव रद हुआ है।

नबदास हत्याकांड का मुख्य आरोपी कोर्ट में पेश

एसडीजेएम कोर्ट में गोपाल की पेशी के बाद मामले की सुनवाई शुरू होगी

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। नव दास हत्याकांड मामले में मुख्य आरोपी गोपाल दास को झारसुगुड़ा जेएमएफसी कोर्ट में पेश किया गया है। पुलिस कल कड़ी सुरक्षा में गोपाल दास को कटक चौद्वार से झारसुगुड़ा लाया गया। पिछले 29 जनवरी को ब्रजराजनगर गांधी चौक के पास एक पार्टी कार्यक्रम में भाग लेने के दौरान पुलिस एएसआइ गोपाल दास ने दिवंगत स्वास्थ्य मंत्री नब दास की गोली मारकर हत्या कर दी थी। मंत्री नब दास को गोली मारने के बाद ब्रजराजनगर पुलिस ने गोपाल को तुरंत गिरफ्तार कर लिया, बाद में राज्य सरकार ने मामले की जांच क्राइम ब्रांच को सौंप दी। इस बीच क्राइम ब्रांच की ओर से हत्याकांड को लेकर इंटरनल चार्ज शीट कोर्ट में दाखिल की जा चुकी है, सुरक्षा कारणों से गोपाल को चौद्वार जेल में रखा गया था। गुरुवार को उन्हें पहली बार कोर्ट लाया गया, एसडीजेएम कोर्ट में गोपाल की पेशी के बाद मामले की सुनवाई शुरू होगी।

बहुचर्चित नव दास हत्याकांड के 118 दिन बाद झारसुगुड़ा जेएमएफसी कोर्ट में प्रारंभिक आरोप पत्र दाखिल किया गया। पता चला कि चार्जशीट में काफी अहम जानकारियां थी। इसमें बताया गया कि पूर्व दुश्मनी के कारण उसकी हत्या की गयी है। आरोप पत्र में आर्मस एक्ट की धारा 307, 302 और 27 (1) संलग्न हैं। ऐसा लगता है कि आरोपी पुलिस अधिकारी एएसआइ गोपाल ने तमाम तरह के सैंटीफिक और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों के आधार पर यह चार्जशीट तैयार की है।

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**